RNI NO.UPHIN/2010/36547
वर्ष 13 अंक 38
लखनऊ, शुक्रवार, 25 नवंबर, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
लखनऊ
नगर संस्करण

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर



कांग्रेस ने गांधीवादी मूल्यों का पालन नहीं किया: मोदी
राष्ट्रीय-9

www.dailypioneer.com

# निर्वाचन आयुक्त की नियुक्ति में जल्दबाजी पर उठाए सवाल

**सुप्रीम कोर्ट ने की केंद्र सरकार की तीखी आलोचना**

- निर्वाचन आयुक्त और मुख्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति के लिए कॉलेजियम जैसी व्यवस्था बनाने का अनुरोध वाली याचिकाओं पर फैसला सुरक्षित रख लिया
- संबधित पक्षों से पांच दिन में लिखित जवाब देने को कहा



- संविधान पीठ ने अरुण गोयल की नियुक्ति से जुड़ी फाइल पर गौर किया और कहा-हम उनकी योग्यता पर नहीं प्रक्रिया पर उठा रहे सवाल

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**सुप्रीम** कोर्ट ने निर्वाचन आयुक्त के तौर पर अरुण गोयल की नियुक्ति में जल्दबाजी पर बृहस्पतिवार को सवाल उठाए। वहीं, केंद्र ने न्यायालय की टिप्पणियों का विरोध किया और अटॉर्नी जनरल ने कहा कि गोयल की नियुक्ति से जुड़े पूरे मामले पर विस्तारपूर्वक गौर किया जाना चाहिए। मामले की सुनवाई शुरू होने पर न्यायमूर्ति केएम जोसेफ की अगुवाई वाली पांच सदस्यीय संविधान पीठ ने निर्वाचन आयुक्त के तौर पर गोयल की नियुक्ति से जुड़ी मूल फाइल पर गौर किया और कहा, यह किस तरह का मूल्यांकन है? हम अरुण गोयल की योग्यता पर नहीं बल्कि प्रक्रिया पर सवाल उठा रहे हैं। पीठ ने सवाल किया कि गोयल की चुनाव आयुक्त के तौर पर नियुक्ति में बहुत तेजी दिखाई गई और उनकी फाइल 24 घंटे भी विभागों के पास नहीं रही।

केंद्र ने अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमानी के जरिए इसका प्रतिवाद करते हुए पीठ से नियुक्ति प्रक्रिया से जुड़े पूरे मुद्दे पर विचार किए बगैर टिप्पणी न करने का पुरजोर अनुरोध किया। सुनवाई के दौरान जब अटॉर्नी जनरल दलीलें दे रहे थे तो वकील प्रशांत भूषण ने पीठ के समक्ष दलीलें रखने की कोशिश की। इस पर शीर्ष विधि अधिकारी ने भूषण से कहा, कृपया थोड़ी देर के लिए चुप रहिए। शीर्ष अदालत ने निर्वाचन आयुक्त और मुख्य निर्वाचन आयुक्त की नियुक्ति के लिए कॉलेजियम जैसी व्यवस्था बनाने का अनुरोध करने वाली याचिकाओं पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया और संबधित पक्षों से पांच दिन में लिखित जवाब देने को कहा। पीठ में शामिल न्यायमूर्ति अजय रस्तोगी ने वेंकटरमानी से कहा, आपको अदालत को सावधानीपूर्वक सुनना होगा और सवालों का जवाब देना होगा। हम किसी उम्मीदवार पर नहीं बल्कि प्रक्रिया पर सवाल कर रहे हैं। इस पर अटॉर्नी जनरल ने कहा कि अदालत के सवालों का जवाब देना उनका दायित्व है। पीठ ने कहा कि 1985 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी गोयल ने एक ही दिन में सेवा से स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति ले ली, एक ही दिन में कानून मंत्रालय ने उनकी फाइल को मंजूरी दे दी, चार नामों की सूची प्रधानमंत्री के समक्ष पेश की गई तथा गोयल के नाम को 24 घंटे के भीतर राष्ट्रपति से मंजूरी भी मिल गई। पीठ में न्यायमूर्ति अनिरुद्ध बोस, न्यायमूर्ति ऋषिकेश रॉय और न्यायमूर्ति सीटी रविकुमार भी शामिल रहे। पीठ ने कहा कि कानून मंत्री ने सूची में शामिल चार नामों में से किसी को भी सावधानीपूर्वक नहीं चुना जिससे कि वे छह साल का कार्यकाल पूरा कर पाते। वेंकटरमानी ने कहा कि चयन की एक प्रक्रिया तथा मापदंड है और ऐसा नहीं हो सकता कि सरकार हर अधिकारी का पिछला रिकॉर्ड देखे और यह सुनिश्चित करें कि वह छह साल का कार्यकाल पूरा करें। निर्वाचन आयोग (चुनाव आयुक्त की सेवा और कारोबार का संव्यवहार शर्तों) अधिनियम, 1991 के तहत चुनाव आयुक्त का छह साल या 65 वर्ष की आयु तक का कार्यकाल हो सकता है।

# कराह रहे विकास को बंधक बनाने वाले माफिया: योगी

- डबल इंजन सरकार में गरीबों, व्यापारियों, युवाओं के हितों से खिलवाड़ संभव नहीं : मुख्यमंत्री

**पायनियर समाचार सेवा।** प्रयागराज, लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि डबल इंजन की भाजपा सरकार में किसी गरीब, व्यापारी, बेटी और युवा के हितों के साथ खिलवाड़ संभव नहीं है। वर्षों तक जो माफिया प्रयागराज के विकास में बैरियर बने रहे, गरीबों के जमीन पर अवैध कब्जे करते रहे, जिन्होंने युवाओं के साथ छल किया, आज सरकार की जीरो टॉलरेंस वाली नीति की सख्त कार्रवाई से कराह रहे हैं। माफिया के अवैध कब्जे से मुक्त कराई गई भूमि पर आज प्रयागराज में गरीबों के लिए मकान बन रहे हैं। आगे भी किसी ने ऐसा दुस्साहस करने की कोशिश की तो उससे अवैध कब्जा तो छुड़ाया जाएगा ही माफिया की संपत्ति पर गरीबों के लिए ही घर बनाएंगे। गुरुवार को संगमनगरी में प्रबुद्धजन सम्मेलन में विभिन्न वर्गों से संवाद करते हुए मुख्यमंत्री ने प्रयागराज के विकास के लिए सभी से सुझाव भी मांगे। प्रयागराज के विकास के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता दोहराते हुए मुख्यमंत्री योगी ने खास मौके पर प्रयागराज को 1295 करोड़ की विभिन्न परियोजनाओं का उपहार भी दिया। इनमें 325.16 करोड़ की 35 परियोजनाओं का लोकार्पण हुआ जबकि 969.57 करोड़ की 249 परियोजनाओं का शिलान्यास किया गया। प्रयागराज कुंभ 2019 का जिक्र करते हुए सीएम ने कहा कि जन भावनाओं को ध्यान में रखते हुए कुंभ से पूर्व अक्टूबर 2018 में हमें इस जनपद को इसका पुराना नाम प्रयागराज देने का गौरव मिला। प्रयागराज कुंभ 2025 को अभूतपूर्व आयोजन बनाने के लिए सहयोग भी मांगा। सीएम ने कहा कि वर्ष 2019 में प्रयागराज में पवित्र त्रिवेणी संगम पर दिव्य एवं भव्य कुंभ आयोजित हुआ था। इतने विशाल मेले को सुरक्षा एवं स्वच्छता के साथ सकुशल सम्पन्न किया जाना अपने में एक कीर्तिमान था। इस आयोजन ने स्वच्छता, सुरक्षा और सुव्यवस्था के मानक स्थापित किए थे। अब 2025 कुंभ के लिए प्रयागराज तैयार हो रहा है। स्मार्ट सिटी योजना के तहत चयनित प्रयागराज में आधुनिक नगरीय सुविधाएं उपलब्ध हो रही हैं। प्रयागराज ईज ऑफ लिविंग के पैमाने में शानदार हो रहा है। सम्मेलन में उपमुख्यमंत्री द्वय केशव प्रसाद मौर्य और बृजेश पाठक और कैबिनेट मंत्री नन्दगोपाल नंदी सहित अनेक गणमान्य जनों ने भी अपने विचार रखे।



## महाकुंभ 2025 को लेकर समीक्षा बैठक

**प्रयागराज।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बृहस्पतिवार को यहां परेड ग्राउंड स्थित आईसीसीसी सभागार में महाकुंभ 2025 और माघ मेला 2023 की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक की। सूचना विभाग द्वारा जारी विज्ञप्ति के मुताबिक, मुख्यमंत्री ने महाकुंभ-2025 की तैयारियों की समीक्षा करते हुए कहा कि महाकुंभ अनूठा, अविस्मर्णीय, हरित, दिव्य एवं भव्य रूप से आयोजित किया जाएगा। उन्होंने महाकुंभ की सभी तैयारियां दीपावली-2024 को लक्ष्य बनाकर पूर्ण करने का निर्देश अधिकारियों को दिया। मुख्यमंत्री ने विभागवार तैयारियों की समीक्षा करते हुए कहा कि महाकुम्भ-2025 में लगभग 40 करोड़ श्रद्धालुओं के आने की संभावना है जिसे ध्यान में रखते सभी तैयारियां की जाएं।

# जामा मस्जिद में महिलाओं के प्रवेश पर प्रतिबंध नहीं लगेगा



- विवाद खड़ा होने के बाद एलजी के अनुरोध पर राजी हुए इमाम बुखारी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**दिल्ली** की शाही जामा मस्जिद में अकेली या समूह में आने वाली लड़कियों के प्रवेश पर पाबंदी लगाए जाने से बृहस्पतिवार को विवाद खड़ा हो गया। हालांकि उपराज्यपाल वीके सक्सेना के अनुरोध के बाद शाही इमाम इस आदेश को वापस लेने को राजी हो गए। कई सामाजिक संगठनों के साथ-साथ राष्ट्रीय महिला आयोग एवं दिल्ली महिला आयोग ने भी मस्जिद में लड़कियों के प्रवेश पर रोक लगाने को तानाशाही फैसला बताते हुए कहा कि यह अस्वीकार्य है।

सूत्रों के अनुसार, सक्सेना ने इमाम बुखारी से बात कर इस बाबत आग्रह किया, तो इमाम बुखारी इस शर्त पर आदेश वापस लेने को राजी हो गए कि यहां आने वाले लोग मस्जिद की शुचिता का सम्मान करें और उसे बरकरार रखें। दिल्ली में यह विवाद ऐसे समय उठा जब सऊदी अरब ने भी 45 साल से अधिक उम्र की महिलाओं को महरम (करीबी परिचित) के बिना भी कम से कम चार की संख्या में मस्जिदों में इबादत के लिए आने की इजाजत दे दी है। इससे पहले जामा मस्जिद प्रबंधन ने तीनों मुख्य द्वारों पर नोटिस लगाया था, जिसमें कहा गया था कि मस्जिद में लड़कियों के अकेले या समूह में प्रवेश पर रोक है। इस फैसले पर विवाद शुरू होने के बाद शाही इमाम ने बृहस्पतिवार को कहा कि यह आदेश नमाज पढ़ने आने वाली लड़कियों के लिए नहीं है।

## असीम मुनीर पाकिस्तान के नए सेना प्रमुख बने



**इस्लामाबाद (भाषा)।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई के पूर्व प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल आसिम मुनीर को बृहस्पतिवार को देश का नया सेना प्रमुख चुना। मुनीर निवर्तमान सेना प्रमुख जनरल कमर जावेद बाजवा की जगह लेंगे। बाजवा 29 नवंबर को सेवानिवृत्त होने वाले हैं। बाजवा (61) को 2016 में तीन साल के लिए सेना प्रमुख नियुक्त किया गया था। उन्हें 2019 में तीन साल का सेवा विस्तार दिया गया था। उन्होंने अपने कार्यकाल के और विस्तार का अनुरोध करने की संभावना से इनकार कर दिया था। देश की सूचना मंत्री मरियम औरंगजेब ने ट्विटर पर घोषणा की कि प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने मुनीर को पाकिस्तान का नया सेना प्रमुख नामित किया है। लेफ्टिनेंट जनरल साहिर शमशाद मिर्जा को ज्वाइंट चीफ ऑफ स्टाफ कमेटी (सीजेसीएससी) का अध्यक्ष चुना गया है। मरियम औरंगजेब ने ट्वीट किया, (नियुक्तियों संबंधी) संक्षिप्त विवरण राष्ट्रपति को भेज दिया गया है।

# भाजपा समान नागरिक संहिता लाने को प्रतिबद्ध

- लेकिन सभी लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं के पालन के बाद: शाह

**भाषा।** नई दिल्ली




**केंद्रीय** गृह मंत्री अमित शाह ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी सभी लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं के पालन और चर्चाओं के बाद देश में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू करने को प्रतिबद्ध है। उन्होंने यहां एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए हिमाचल प्रदेश और गुजरात विधानसभा चुनावों के साथ-साथ एमसीडी (दिल्ली नगर निगम) चुनाव में भी भाजपा की जीत का भरोसा जताया। गृह मंत्री ने देश की राजनीति को जातिवाद, वंशवाद और तुष्टीकरण के नासूर से मुक्त करने का श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को दिया। उन्होंने कहा, मोदी जी ने देश की राजनीति को जातिवाद, वंशवाद और तुष्टीकरण से मुक्त कर प्रदर्शन की राजनीति शुरू की है। जो प्रदर्शन करेगा वही देश पर शासन करेगा। जो प्रयास करेगा, वह देश पर शासन करेगा। जो देश समर्थक हैं वे (इस पर) शासन करेंगे। शाह ने कहा, कोई भी व्यक्ति अपने जन्म स्थान या अपनी जाति के आधार पर या कोई कितना तुष्टीकरण करता है, इस आधार पर शासन नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि देश के लोगों ने मोदी सरकार की इस नीति को स्वीकार किया है। यूसीसी के बारे में शाह ने कहा कि यह भारतीय जनसंघ के दिनों से ही भाजपा द्वारा देश के लोगों से किया गया एक वादा रहा है। एक कार्यक्रम में गृह मंत्री ने कहा, न सिर्फ भाजपा ने, बल्कि संविधान सभा ने भी संसद और राज्यों को उचित समय आने पर यूसीसी लागू करने की सलाह दी थी, क्योंकि किसी भी धर्मनिरपेक्ष देश में कानून, धर्म के आधार पर नहीं होने चाहिए। यदि राष्ट्र और राज्य धर्मनिरपेक्ष हैं तो कानून धर्म पर आधारित कैसे हो सकते हैं? हर धर्म के व्यक्ति के लिए संसद या राज्य विधानसभाओं द्वारा पारित एक ही कानून होना चाहिए। उन्होंने कहा कि हालांकि समय बीतने के साथ संविधान सभा की इस प्रतिबद्धता को भुला दिया गया। उन्होंने कहा, भाजपा को छोड़कर कोई भी दल समान नागरिक संहिता के पक्ष में नहीं है। वे यहां तक कि इस पर बोलते भी नहीं हैं। अगर उनमें हिम्मत नहीं है, तो वे इसका विरोध भी न करें। लेकिन वे ऐसा नहीं कहेंगे, ठीक है आप इसे लागू करें हम आपके साथ हैं। हम एक लोकतंत्र का हिस्सा हैं। लोकतंत्र में स्वस्थ बहस जरूरी है। इस मुद्दे पर खुली और स्वस्थ बहस की जरूरत है। गृह मंत्री ने कहा कि भाजपा शासित तीन राज्यों-हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और गुजरात में सर्वोच्च अदालत तथा उच्च न्यायालयों के सेवानिवृत्त न्यायाधीशों की अध्यक्षता में एक समिति गठित की गई है, जिसके सामने अलग-अलग धर्मों के लोग इस मुद्दे को लेकर अपनी राय जाहिर कर रहे हैं। उन्होंने कहा, हम इस प्रक्रिया में मिलने वाले सुझावों के आधार पर कार्रवाई करेंगे।

# आफताब के फ्लैट से पुलिस को मिले पांच चाकू

**श्रद्धा हत्याकांड**

**भाषा।** नई दिल्ली



**रोहिणी** में फॉरेंसिक साइंस लेबोरेटरी (एफएसएल) में श्रद्धा वालकर की हत्या मामले में आरोपी आफताब अमीन पूनावाला की पॉलीग्राफी जांच का दूसरा सत्र जारी है। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि बुधवार को जांच नहीं हो पाई थी क्योंकि 28 वर्षीय पूनावाला को बुखार तथा जुकाम था।

एफएसएल, रोहिणी की निदेशक दीपा वर्मा ने कहा, जांच जारी है और अगर जरूरत पड़ी तो आरोपी को शुक्रवार को भी बुलाया जा सकता है। आंबेडकर अस्पताल के सूत्रों ने कहा कि पॉलीग्राफी टेस्ट पूरा होने के बाद पूनावाला का मेडिकल परीक्षण किया जाएगा और परिणाम दो दिनों में आने की उम्मीद है। आरोपी की मेडिकल रिपोर्ट आने के बाद ही उसका नार्को टेस्ट कराया जा सकता है। सूत्रों ने कहा कि पूनावाला का नार्को टेस्ट सोमवार को किए जाने की संभावना है। पॉलीग्राफी जांच में रक्तचाप, नब्ज और सांस की दर जैसी शारीरिक गतिविधियों को रिकॉर्ड किया जाता है और इन आंकड़ों का इस्तेमाल यह पता लगाने में किया जाता है कि व्यक्ति सच बोल रहा है या नहीं। वहीं, नार्को जांच में व्यक्ति की आत्मचेतना को कम कर दिया जाता है ताकि वह खुलकर बोल पाए। गौरतलब है कि पूनावाला ने अपनी सह जीवन साथी वालकर (27) की मई में कथित तौर पर गला दबाकर हत्या कर दी थी तथा उसके शव के 35 टुकड़े कर दिए थे और उन्हें करीब तीन सप्ताह तक दक्षिण दिल्ली के महरौली में अपने घर में 300 लीटर के फ्रिज में रखा था और कई दिनों तक उन्हें शहर के अलग-अलग हिस्सों में फेंका था।

## बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 62,273 | ↑ 762 |
| निफ्टी | 18,484 | ↑ 217 |
| सोना | 52,650 | ↑ 199 /10g |
| चांदी | 62,075 | ↑ 445 /kg |

## क्विक न्यूज

### तीन साल में 475 वंदे भारत ट्रेन तैयार करने की योजना

**नई दिल्ली।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बृहस्पतिवार को कहा कि अगले तीन साल में 475 वंदे भारत ट्रेन तैयार करने की योजना पर काम जारी है। मंत्री ने एक कार्यक्रम में कहा कि बुलेट ट्रेन 2026 तक पूरी तरह से संचालित होने लगेगी। उन्होंने कहा, 475 वंदे भारत ट्रेन चलाने का लक्ष्य हासिल करने की ओर बढ़ रहे है। पिछले बजट में 400 ट्रेन को मंजूरी दी गई थी और इससे पहले 75 को ट्रेन स्वीकृति दी जा चुकी थी। हम आने वाले तीन वर्ष में लक्ष्य हासिल कर लेंगे। महत्वाकांक्षी बुलेट ट्रेन परियोजना के समय और लागत में वृद्धि के सवाल पर मंत्री ने कहा कि ऐसी ट्रेन के लिए प्रौद्योगिकी और प्रारंभिक डिजाइन का चरण बहुत जटिल होता है। उन्होने कहा, ...हमने करीब 110 किमी का ट्रैक बना लिया है।

# पायलट ने गद्दारी की, सीएम नहीं बन सकते: गहलोत

- सचिन पायलट ने कहा-इतने अनुभव वाले किसी व्यक्ति को ऐसी भाषा का इस्तेमाल करना शोभा नहीं देता

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**राजस्थान** के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने बृहस्पतिवार को सनसनीखेज दावा करते हुए आरोप लगाया कि ढाई साल पहले उनकी सरकार के खिलाफ बगावत करने के लिए भाजपा ने सचिन पायलट और उनके सहयोगियों को 10-10 करोड़ रुपये दिए थे। उन्होंने दावा किया कि उनके पास इसके पर्याप्त सबूत हैं। आज ही राजस्थान के पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट राहुल गांधी के साथ भारत जोड़ो यात्रा से जुड़े हैं।

एनडीटीवी को दिए गए एक इंटरव्यू में गहलोत ने पायलट को गद्दार करार दिया और कहा कि उन्हें नहीं पता कि कब हाईकमान ने पायलट को मुख्यमंत्री बनाने का संकेत दिया क्योंकि राज्य में वहीं ऐसे व्यक्ति हैं जो हाईकमान के भरोसेमंद हैं। उन्होंने कहा 'मुझे कोई संकेत नहीं मिले। मैं हाईकमान के साथ हूं।' गहलोत कैंप द्वारा पायलट को स्वीकार करने के सवाल पर गहलोत ने कहा 'वे कैसे ऐसे व्यक्ति को स्वीकार कर सकते हैं जिसने गद्दारी की है? हमारे विधायकों को और मुझे उनकी वजह से परेशानी झेलनी पड़ी। गहलोत के इस बयान से राजस्थान में कांग्रेस पार्टी में आंतरिक कलह और बढ़ता नजर आ रहा है जहां अगले साल विधानसभा चुनाव होने हैं। कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा भी राजस्थान में आने वाली है।

## भारत जोड़ो यात्रा में पति और बेटे संग शामिल हुईं प्रियंका

**पायनियर समाचार सेवा।** बोरगांव (मप्र)

**कांग्रेस** के उत्तर प्रदेश मामलों की प्रभारी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की अगुवाई वाली भारत जोड़ो यात्रा में अपने पति रॉबर्ट वाड्रा और बेटे रेहान के साथ बृहस्पतिवार को पहली बार शामिल हुईं।

मध्य प्रदेश में इस यात्रा के दूसरे दिन राहुल ने खंडवा जिले के बोरगांव से पैदल चलना प्रारंभ किया। यात्रा में प्रियंका के साथ उनके पति रॉबर्ट वाड्रा और बेटे रेहान भी पैदल चलते दिखाई दिए। राहुल जब पदयात्रा पर निकलते हैं तो सड़क के दोनों ओर पुलिस कर्मी उनकी सुरक्षा के लिए रस्सियों का सुरक्षा घेरा बनाकर साथ चलते हैं। प्रियंका के यात्रा में शामिल होने के बाद कांग्रेस के उत्साहित कार्यकर्ता भाई-बहन के समर्थन में नारेबाजी करते हुए उनके करीब आने की बार-बार कोशिश करते दिखाई दिए। उन्हें सुरक्षित घेरे से दूर करने के लिए पुलिस कर्मियों को काफी मशक्कत करनी पड़ी।



राहुल गांधी और प्रियंका वाद्रा के साथ भारत जोड़ो यात्रा में सचिन पायलट

## सरकार जलवायु संकट के मद्देनजर प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में बदलाव को तैयार

**नई दिल्ली।** कृषि सचिव मनोज आहूजा ने बृहस्पतिवार को कहा कि हाल के जलवायु संकट और प्रौद्योगिकी के तेजी से विकास के मद्देनजर सरकार प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (पीएमएफबीवाई) में किसानों के फायदे के लिए बदलाव करने को तैयार है। यह ध्यान देने योग्य है कि 2022 में महाराष्ट्र, हरियाणा और पंजाब में अत्यधिक बारिश के साथ चरम जलवायु देखने को मिली, जबकि मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, बिहार और झारखंड में कम बारिश हुई, जिससे अंततः धान, दलहन और तिलहन जैसी फसलों को नुकसान पहुंचा। हाल ही में, ऐसी मौसम अनिश्चितताओं के उदाहरण भी बढ़े हैं। आहूजा ने बयान में कहा, चूंकि खेती इस तरह की जलवायु आपदाओं से सीधे तौर पर प्रभावित होती है, इसलिए देश के कमजोर कृषक समुदाय को प्रकृति की मार से बचाना महत्वपूर्ण और बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि नतीजतन फसल बीमा की मांग बढ़ने की संभावना है और भारत में किसानों को पर्याप्त बीमा सुरक्षा प्रदान करने के लिए फसल और ग्रामीण और कृषि बीमा उत्पादों के अन्य रूपों पर अधिक जोर देने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा, केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय हाल के जलवायु संकट और तेजी से तकनीकी विकास के जवाब में पीएमएफबीवाई में किसान-समर्थक बदलाव करने के लिए तैयार है।

# महिलाओं में आत्मविश्वास पैदा कर उन्हें सशक्त बनाया जाएः मुख्य सचिव

● महिला सुरक्षा और सशक्तिकरण के लिए सक्षम पारिस्थितिकी तंत्र विषय पर आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ




**मुख्य सचिव** दुर्गा शंकर मिश्रा ने कहा है कि देश की आबादी में 50 प्रतिशत हिस्सा महिलाओं का है, इन्हें मुख्य धारा से जोड़ने पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। उनमें आत्मविश्वास पैदा कर उन्हें सशक्त बनाया जाए। उन्होंने कहा कि यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवता:। अर्थात जहां नारी की पूजा की जाती है, उसका सम्मान किया जाता है वहां देवताओं का वास होता है। भारतीय संस्कृति में महिलाओं को देवी का दर्जा दिया गया है। मुख्य सचिव बृहस्पतिवार को लखनऊ में महिला सुरक्षा और सशक्तिकरण के लिए सक्षम पारिस्थितिकी तंत्र विषय पर आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा एवं सशक्तीकरण के लिए प्रदेश सरकार बेहद संवेदनशील है। सरकारी नौकरियों में महिलाओं की भागीदारी व स्वरोजगार योजनाओं में व्यापक स्तर पर महिलाओं को जोड़कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में अभूतपूर्व कार्य किए गए हैं। इसके अलावा मिशन शक्ति अभियान, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना जैसी विभिन्न योजनाएं चलाई गई हैं। उन्होंने कहा कि नई सोच के जरिए मौजूदा व्यवस्थाओं में विचार करने की जरूरत है। महिलाओं के समक्ष कई सारी चुनौतियां है। महिलाओं के प्रति रूढ़ीवादी मानसिकता और मौजूदा शक्ति संरचनाओं में बदलाव की आवश्यकता है। महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण में पुरुषों को समान भूमिका निभानी चाहिए। महिला एवं बाल विकास मंत्रालयके सचिवए मंत्रालय के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों और 18 राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों के अतिरिक्त मुख्य सचिव, प्रधान सचिवों ने सम्मेलन में भाग लिया। यूपी की अनामिका सिंह सचिव महिला एवं बाल विकास विभाग ने कहा कि प्रदेश ने कार्यशाला की तैयारी के अंतर्गत नवंबर में ही संबधित विभागों एवं हितधारकों के साथ बैठकों का आयोजन किया जिसमें महिला सुरक्षा से संबन्धित मुद्दों, चुनौतियों एवं सुझावों को शामिल किया गया। कार्यशाला के दौरान महिला सुरक्षा को मजबूत करने, महिला केंद्रित विधान, महिलाओं के लिए उपकरण और योजनाएं और सामाजिक व्यवहार परिवर्तन पर ध्यान देने के साथ समुदाय और नागरिक जुड़ाव को मजबूत करने पर तकनीकी सत्र आयोजित किए गए जिसमें कार्य समूह के वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों ने सर्वोत्तम प्रथाओंए चुनौतियोंए मुद्दों को साझा किया। और महिला सुरक्षा और अधिकारिता के क्षेत्र में आगे बढ़ना।

# पर्यटन योजनाओं की क्लोजर रिपोर्ट व विवरण तुरंत उपलब्ध कराने के निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश के पर्यटन** एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने पर्यटन मंत्रालय भारत सरकार की स्वदेश दर्शन स्कीम, रामायण सर्किट योजना के अंतर्गत अयोध्या का पर्यटन विकास, बुद्धिष्ट सर्किट योजना के अंतर्गत श्रावस्ती एवं कपिलवस्तु के पर्यटन विकास से संबंधित क्लोजर रिपोर्ट, वीडियो, व्यय का वर्षवार विवरण, अन्य अभिलेख, फ ोटो आदि तत्काल उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने उपनिदेशक पर्यटन अयोध्या, देवीपाटन तथा बस्ती मण्डल को निर्देश दिये हैं कि केन्द्र पोषित योजनाओं के अंतर्गत आपके परिक्षेत्र में पर्यटन मंत्रालय भारत सरकार की स्वदेश दर्शन स्कीम के रामायण सर्किट योजना के अंतर्गत अयोध्या का पर्यटन विकास, बुद्धिष्ट सर्किट के अंतर्गत श्रावस्ती एवं कपिलवस्तु तथा स्पिरीचुअल सर्किट-4 के अंतर्गत देवीपाटन मंदिर एवं वटवासिनी मंदिर का पर्यटन विकास, संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार की म्यूजियम ग्राण्ट स्कीम के अंतर्गत रामकथा संग्रहालय में डिजिटल इन्टरवेंशन की योजना संचालित की जा रही है। इन योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए भारत सरकार द्वारा वांछित सूचनाएं, अभिलेख आदि उपलब्ध कराए जाने के निर्देश निदेशालय स्तर पर संपन्न हुई विभिन्न बैठकों के अलावा लिखित एवं मौखिक रूप से दिए गए थे, किन्तु अपेक्षित सूचनाएं अभी प्राप्त नहीं हुई हैं। इसलिए समस्त योजनाओं के बारे में वांछित अभिलेख की मांग की गई है। पर्यटन निदेशक उप्र प्रखर मिश्र ने बताया कि अयोध्या, देवीपाटन तथा बस्ती मण्डल के उपनिदेशकों को विगत 14 नवम्बर 2022 को इस संबंध में पुन: पत्र भेजा गया है।

# पैंगोलीन के स्केल्प व जंगली सूअर के दांत की तस्करी करने वाले दो तस्कर गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**एसटीएफ ने** संकटग्रस्त एवं संरक्षित जानवर पैंगोलीन का स्केल्प एवं जंगली सूअर के दांत की तस्करी करने वाले गिरोह के दो सदस्यों को सोनभद्र जिले के राबट्र्सगंज थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया। तस्करों के कब्जे से पैंगोलीन का स्केल्प और जंगली सूअर के चार दांत बरामद हुए। पकड़े गए तस्कर दोनों तस्कर अजय भारती और जीउत कुमार भारती ग्राम परसहवा, राबट्र्सगंज के रहने वाले हैं। बीते काफी दिनों से से पूर्वी उत्तर प्रदेश के जनपदों में संकटग्रस्त संरक्षित वन्य जीवों की तस्करी करने वाले गैंग के सक्रिय होने की सूचनाएं प्राप्त हो रही थीं। इस सम्बन्ध कार्रवाई के लिए एसटीएफ की विभिन्न टीमों को लगाया गया था। एसटीएफ की फील्ड इकाई, वाराणसी भी छानबीन कर रही थी। उसे वाइल्ड लाइफ क्राइम कंट्रोल ब्यूरो से सूचना मिली थी कि थाना राबट्र्सगंज क्षेत्रान्तर्गत लजीज होटल के पास संकटग्रस्त वन्य जीव पैंगोलीन के स्केल्प एवं जंगली सूअर के दांत के साथ दो तस्कर मौजूद हैं, जो कही जाने की फि राक में हैं। इस सूचना के बाद एसटीएफ ने वन विभाग की टीम के साथ संयुक्त कार्रवाई में दोनों की गिरफ्तारी व बरामदगी की। पूछताछ पर अभियुक्तों ने बताया कि इनका एक गिरोह है। अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में दुर्लभ जीव पैंगोलीन के स्केल्प व जंगली सूअर के दांत की तस्करी भारी पैमाने पर होती है। जिसका उपयोग विदेशों में शक्तिवर्धक दवाएं बनाने में किया जाता है।।जिसके कारण पैगोलीन के स्केल्प की हड्डियां अवैध रूप से काफ ी ऊंचें दामों पर बेची जाती हैं। यह लोग जनपद सोनभद्र के जंगलों से वनवासियों के सहयोग से पैंगोलीन का स्केल्प व जंगली सूअर का दांत प्राप्त कर लेते है। उल्लेखनीय है कि पैगोलीन व जंगली सूअर को संरक्षित जीव के श्रेणी में रखा गया है। इनके अंगो का व्यापार करना निषिद्ध है। गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध स्थानीय वन विभाग द्वारा धारा 9,39, 48, 51 भारतीय वन्य जीव अधिनियम के अन्तर्गत मुकदमा दर्ज करके आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## गैंगेस्टर एक्ट में वांछित 20 हजार का ईनामी अपराधी गिरफ्तार



**लखनऊ।** एसटीएफ ने आजमगढ़ में कोतवाली नगर थाना क्षेत्र के बंधा रोड से गैंगेस्टर एक्ट में वांछित बीस हजार रुपए के ईनामी अपराधी राज गुलाब उर्फ बबलू को गिरफ्तार किया। पूछताछ पर गिरफ्तार अभियुक्त ने बताया कि वह पूर्व में एनडीपीएस एक्ट के मुकदमे में जेल जा चुका है। थाना सिधारी, आजमगढ़ में गैंगेस्टर एक्ट का अभियोग पंजीकृत होने के बाद इधर उधर छिपकर रह रहा था। इसी दौरान 4 नंवबर 2022 को मेरे ऊपर बीस हजार रुपए का पुरस्कार घोषित हो गया। जिसके बाद से वह भागने की फिराक में था।

# सपा सरकार में केवल सैफई कुनबे व उनके चहेतों का विकास हुआ

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**बीजेपी प्रदेश** अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने कहा कि सपा की सरकार में केवल सैफई कुनबे तथा उनके चहेतों का विकास हुआ है जबकि भाजपा की सरकार सबको साथ लेकर सबका विकास कर रही है। उन्होंने कहा कि अखिलेश सरकार दंगाईयों के साथ खड़ी रहती थी।

सपा की सरकार में गुंडे, माफिया, अपराधी खुलेआम गुंडई करते थे, जमींन और मकानों पर कब्जे करते थे लेकिन आज योगी जी के नेतृत्व की प्रदेश भाजपा सरकार में बड़े-बड़े अपराधियों व गरीबों को लूटकर अनैतिक संपत्ति अर्जित करने वालों पर कानून का डंडा चल रहा है। उन्होंने कहा कि मोदी-योगी के नेतृत्व की प्रदेश भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार शून्य पर है। भूपेन्द्र सिंह चौधरी गुरूवार को मैनपुरी के करहल में करहल व मैनपुरी विधानसभा तथा किशनी में किशनी व भोगांव विधानसभा के बूथ अध्यक्ष सम्मेलन को सम्बोधित कर रहे थे। भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कार्यकर्ताओं से संवाद करते हुए कहा कि इस बार नया इतिहास लिखा जाएगा और भाजपा मैनपुरी सीट जीतेगी। उन्होंने कहा कि पिछली सरकारों में संकट मोचन मंदिरए अयोध्या, लखनऊ कचहरी विस्फोट के दंगाइयों के मुकदमों को वापिस लेने का काम किया गया लेकिन आज भाजपा सरकार में दंगाई घर में दुबक गए हैं। श्री चौधरी ने कहा कि भाजपा में कोई भी कार्यकर्ता पार्टी के किसी भी उच्च पद तक पहुंच सकता है। सपा में राष्ट्रीय अध्यक्ष सहित तमाम बड़े पद एक परिवार के लिए ही आरक्षित है। सपा सहित तमाम विपक्षी दलों में सिर्फ परिवारवाद का सिद्धान्त लागू है। पिछली सरकारों में बिजलीए पानीए सड़क जैसी मूलभूत सुविधायें भी पक्षपात व भ्रष्टाचार के कारण जनसामान्य की पहुंच से दूर थे। श्री चौधरी ने कहा कि बूथ अध्यक्षों के नेतृत्व में ही पार्टी पूरा चुनाव लड़ रही है। पन्ना प्रमुख घर-घर जा कर सम्पर्क करके भाजपा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को पहुंचायें तथा जो मतदाता शहर से बाहर हैं उनसे मतदान के लिए सम्पर्क कर शत-प्रतिशत मतदान के अभियान में जुटें।

# रालोद ने की विक्रम सैनी का नाम वोटरलिस्ट से हटाने की मांग

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**खतौली विधानसभा** उप चुनाव को लेकर राष्ट्रीय लोकदल ने सजायाफ्ता पूर्व विधायक विक्रम सैनी का नाम वोटरलिस्ट से हटाने की मांग जिला निर्वाचन अधिकारी से की है। साथ ही उनके चुनाव प्रचार पर भी रोक लगाने की मांग की है। इस बावत राष्ट्रीय लोकदल मुजफ्फरनगर के जिलाध्यक्ष संदीप मलिक ने एक पत्र भी लिखा है। अभी हॉल ही रामपुर में भाजपा प्रत्याशी आकाश सक्सेना की मांग पर निर्वाचन अधिकारी की तरफ से लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 और लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 के तहत आजम खान का नाम वोटरलिस्ट से हटाया गया था। उसी आधार पर मुजफ्फरनगर के जिलाध्यक्ष संदीप मलिक ने भी निर्वाचन अधिकारी से मांग की है। पत्र में उन्होंने कहा है कि खतौली विधानसभा के पूर्व विधायक विक्रम सैनी मुजफ्फरनगर दंगों में सजायाफ्ता हैं जिस कारण उनकी सदस्यता समाप्त कर उपचुनाव कराया जा रहा है। उच्च न्यायालय से भी उनको कोई माफी नहीं मिली है। उनके विरुद्ध आदेश आ गया ह, उनकी सजा बरकरार रखी गई है। कानूनी रूप से उनका मताधिकार समाप्त किया जाना अनिवार्य है। चूंकि वह पहले भी मुजफ्फरनगर का साम्प्रदायिक माहौल बिगाड़ चुके हैं और अब पुन: इसी मंशा के साथ काम कर रहे हैं, उनकी पत्नी राजकुमारी सैनी उपचुनाव में प्रत्याशी है। जिसको चुनाव जीताने के लिए वह किसी भी सीमा तक जाकर कानून का उल्लंघन कर सकते है और खतौली विधानसभा में हो रहे शान्ति प्रिय चुनाव की फिजा बिगाड़ सकते हैं।

## सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक बांदा निलंबित

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश परिवहन निगम के एमडी संजय कुमार न गौतम कुमार सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक बांदा को तत्काल प्रभाव से निलम्बित कर दिया है। गौतम को अपने दायित्वों के निर्वहन में घोर उदासीनता बरतने, डिपो में भ्रष्टाचार बढ़ाने, परिवेक्षीय नियंत्रण शिथिल रखने, मुख्यालय द्वारा दिए गए आदेशों एवं निर्देशों की अवहेलना करने, परिवहन निगम की छवि धूमिल करने तथा परिवहन निगम अधिकारी सेवा सामान्य विनियमावली 1988 का उल्लंघन करने आदि गंभीर आरोपों के अंतर्गत अनुशासनिक कार्रवाई करते हुए निलंबित कर दिया गया है। एक अन्य प्रकरण में चित्रकूट धाम डिपो के प्रभारी क्षेत्रीय प्रबंधक राजीव कुमार शर्मा को लापरवाही बरतने के एवज में कठोर चेतावनी दी है। जिससे कि भविष्य में इस प्रकार की पुनरावृत्ति न हो। शर्मा ने बांदा डिपो की बस संख्या यूपी-90टी-1074 में कार्यरत परिचालक द्वारा की गई यात्रियों के साथ अभद्रता एवं सरकारी कार्य में व्यवधान का संज्ञान नहीं लिया गया। इससे निगम की छवि धूमिल होने के साथ-साथ राजस्व पर भी असर पड़ा है।

# सपा ने पुलिस पर भाजपा का एजेंट बनकर काम करने का लगाया आरोप

● मुख्य चुनाव अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर की तत्काल हटाने की मांग

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**सपा ने** अपने गढ़ को बचाने के लिए अपना पूरा दमखम लगा रखा है। इसी क्रम में आज सपा के प्रवक्ता राजेंद्र चौधरी ने लखनऊ में मुख्य चुनाव अधिकारी से मिलकर मैनपुरी पुलिस-प्रशासन के खिलाफ ज्ञापन सौंपा। करीब 100 पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों पर भाजपा के एजेंट के तौर पर काम करने का आरोप लगाते हुए उन्हें तत्काल प्रभाव से हटाने की मांग की ताकि स्वतंत्र, निष्पक्ष और निर्भीक चुनाव सम्भव हो सके। समाजवादी पार्टी के प्रतिनिधिमंडल में राजेंद्र चौधरी के अलावा केके श्रीवास्तव एवं राधेश्याम सिंह यादव शामिल रहे। राजेन्द्र चौधरी ने भाजपा सरकार पर पुलिस की ताकत का गलत इस्तेमाल का आरोप लगाया। थानाध्यक्ष करहल, थानाध्यक्ष बरनाहल को तत्काल सहित, 6 पुलिस इंस्पेक्टर, 13 पुलिस सब इंस्पेक्टर और 100 से ज्यादा हेड कांस्टेबल को हटाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि सैकड़ों कॉन्स्टेबल बीजेपी के लिए काम कर रहे हैं। पुलिस इंस्पेक्टर, सब इंस्पेक्टर और हेड कांस्टेबल समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं पर दबाव बना रहे हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी को ज्ञापन सौंपने के बाद राजेन्द्र चौधरी ने कहा कि पुलिस के लोग भाजपा के पक्ष में चुनाव प्रचार व मतदान का दबाव बना रहे है। पुलिस घर घर जाकर समाजवादी पार्टी के समर्थक कार्यकर्ताओं को प्रताड़ित कर रही है। भाजपा मैनपुरी में पुलिस को सुविधानुसार पोस्टिंग करा रही है। ऐसे पुलिसकर्मियों की मौजूदगी में स्वतंत्र, निष्पक्ष और निर्भीक चुनाव कराया जाना मुमकिन नहीं है।

## पूर्व विधायक की पत्नी के निधन पर दुख जताया


**सपा अध्यक्ष** अखिलेश यादव ने एटा जनपद के मारहरा विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक अमित गौरव यादव टीटू की पत्नी डॉ रीता यादव (42 वर्ष) के निधन पर गहरा शोक जताते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की है। उन्होंने शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है।

# माफिया और अपराधियों के लिए काल बनी योगी सरकार

● तीन सालों में मुख्तार सहित अन्य माफिया सरगनाओं के नौ गुर्गे मुठभेड़ में मारे गए

● 41 अपराधियों को न्यायालय से दोष सिद्ध कराकर आजीवन कारावास व दो को फांसी की सजा दिलवाई

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**यूपी में** माफि या और अपराधियों के लिए योगी सरकार काल बनी है। इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि बीते वर्षों में शासन स्तर पर चिन्हित मुख्तार अंसारी और अन्य माफि या डॉन के 9 गुर्गों को पुलिस ने मुठभेड़ में मार गिराया। इतना ही नही पुलिस ने 12 माफियाओं और उनके 29 सहयोगियों (कुल 41) को न्यायालय से दोष सिद्ध कराकर आजीवन कारावास, कठोर कारावास और 2 को फ ांसी की सजा दिलवाई है। एडीजी कानून-व्यवस्था प्रशांत कुमार के अनुसार बीते सालों में यूपी पुलिस ने 9 खूंखार माफि या व उनके गुर्गों को मुठभेड़ में मार गिराया है। जिसमें बांदा जेल में बंद माफि या मुख्तार अंसारी के गुर्गे हरिकेश यादव, राकेश पांडेय उर्फ हनुमान, लालू यादव, अलीशेर व कामरान को अलग-अलग मुठभेड़ में ढेर किया गया। इसी तरह पश्चिमी यूपी में अपराध का पर्याय बन चुके बिल्लू दुजाना व उसके सिपहसलार राकेश को भी मुठभेड़ में मार गिराया गया। खान मुबारक के गुर्गे परवेज, कुंटू सिंह के गुर्गे कन्हैया विश्वकर्मा भी पुलिस के एनकाउंटर में मारा गया। यूपी पुलिस ने न सिर्फ अपराधियों की गिरफ्तारी की बल्कि उन्हें सजा दिलाए जाने के लिए कोर्ट में मजबूती से पैरवी की। सजा पाने वाले यूपी में जिन माफिया के नाम टॉप पर हैं उनमें मुख्तार अंसारी, अजीत सिंह, विजय मिश्रा, अनिल दुजाना, आकाश जाट व उसके गुर्गे अमित भूरा व विपुल उर्फ खुन्नी, ध्रुव सिंह उर्फ कुंटू व उसके गुर्गे बलिकरन, मुन्ना सिंह और संग्राम सिंह समेत 11 सहयोगी, मुनीर व उसका साथी रैयान, योगेश भदौड़ा व उसके साथी अंकित और लीलू, सुन्दर भाटी व उसके 10 सहयोगी अमित कसाना व एजाज शामिल हैं। उन्होंने बताया कि अब तक 197 माफि या और उनके सहयोगियों पर गुंडा एक्ट और 405 के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट लगा है।।16 के खिलाफ एनएसए लगाया गया है।

# कैदियों को समाज की मुख्यधारा में लाने के लिए जेलों में चलाए जा रहे कार्यक्रमः धर्मवीर प्रजापति

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश के कारागार** एवं होमगाड्र्स राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार धर्मवीर प्रजापति ने बताया कि प्रदेश की जेलों में बन्द कैदियों के भौतिक एवं आध्यात्मिक जीवन की उन्नति तथा उन्हें समाज की मुख्यधारा में वापस लाने के लिए अनेक कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। जिससे कैदियों के मान सम्मान एवं आर्थिक स्थिति में वृद्धि के साथ उन्हें अपने लोगों के बीच में सामंजस्य बिठाने में भी सहयोग मिल रहा है। बन्दी अपने जेल का कार्यकाल पूरा करने के बाद समाज में स्थापित हो सकें और गरिमामय जीवन जी सकें। इसी क्रम में केन्द्रीय कारागार आगरा में बंद कैदियों के मानसिक शान्ति एवं आध्यात्मिक उन्नति के लिए 25 से 27 नवम्बरए 2022 तक अपराह्न 2 बजे से सायं 5 बजे तक तीन दिवसीय रामकथा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। यह महोत्सव राज राजेश्वरी मानव कल्याण एवं धर्मार्थ ट्रस्ट के तत्वावधान में किया जाएगा।

पायनियर वर्गीकृत

सूचना

मै शाहीन पत्नी मो. अशफाक, पता- 152/9, रस्सी बटान, मौलवीगंज लखनऊ, उ.प्र. की निवासिनी हू, मेरे पासपोर्ट में गलती से शाहीन की जगह शाहीन जहां अंकित है, अन्य सभी दस्तावेजों मे सिर्फ शाहीन ही दर्ज है। अतः भविष्य मे हमे शाहीन के ही नाम से जाना व पहचाना जाय।

## बसों में क्यूआर कोड स्कैन कर यूपीआई के माध्यम से टिकट भुगतान की सुविधा उपलब्ध

**लखनऊ।** प्रदेश के परिवहन राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार दयाशंकर सिंह ने बताया कि प्रदेश सरकार उत्तर प्रदेश के लोगों को बेहतर परिवहन सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए कटिबद्ध है। उन्होंने कहा है कि इस दिशा में उत्तर प्रदेश परिवहन निगम लगातार कार्य कर रहा है। नित नए तकनीक का समावेश किया जा रहा है। इसी क्रम में निगम की बसों में यात्रा करने वाले यात्रियों के लिए अब टिकट मूल्य भुगतान के लिए क्यू आर कोड स्कैन कर यूपीआई के माध्यम से सुविधा उपलब्ध करायी जा रही है। उन्होंने बताया कि इस व्यवस्था को अधिक प्रभावी एवं आकर्षक बनाने के उद्देश्य से उप्र परिवहन निगम पेटीएम के सहयोग से बस परिचालको के लिए आकर्षक प्रोत्साहन योजना प्रारम्भ करने जा रहा है, जिसके अन्तर्गत यूपीआई द्वारा टिकट किराया लेने पर प्रति टिकट रुपए एक की धनराशि पेटीएम की ओर से परिचालक को दी जाएगी।

**ANGEL ONE LIMITED**
Regd. Off: G-1, Akruti Trade Centre, MIDC, Road No. 7, Andheri (E), Mumbai-93.
SEBI Registration No (Stock Broker): INZ000161534

**PUBLIC NOTICE**

| Trade Name | AP Name | BSE Reg No. | NSE Reg No. CM | NSE Reg No. FO | NSE Reg No. CD | MCX Reg No. | NCDEX Reg No. | MCX-SX Reg No. | BSE Rem | Address |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| KRISHAN KANT TIWARI | KRISHAN KANT TIWARI | Not Applied | AP0397 365981 | AP0397 365981 | Not Applied | Not Applied | Not Applied | Not Applied | Not Applied | 145, Shanti Nagar Etah Etah-207001, Uttar Pradesh |
| SWATANTRA AGARWAL | SWATANTRA AGARWAL | AP-010612 01114325 | AP0397 270941 | AP0397 270941 | AP0397 270941 | MCX/AP/ 137681 | Not Applied | Not Applied | Not Applied | 33, Daru Bhondela Shree Satyanarayan Mandir Samne Jhansi, Khas Near Jhansi Khas Jhansi-284002,Uttar Pradesh |
| RAVINDRA KUMAR | RAVINDRA KUMAR | Not Applied | AP0397 288391 | AP0397 288391 | Not Applied | MCX/AP/ 140608 | Not Applied | Not Applied | Not Applied | 663/1, Roopa Coloni, Ramnagar, Lalitpur-284403, Uttar Pradesh |
| MOHAN SINGH | MOHAN SINGH | AP-010612 01127687 | AP0397 336321 | AP0397 336321 | AP0397 336321 | MCX/AP/ 149316 | Not Applied | Not Applied | Not Applied | House Number-25 Pannapur Nagla Chandra Bhan Near Jai Gurudev Mandir Maholi, Krishna Nagar Near Maholi Mathura-281004, Uttar Pradesh |
| SANKET GUPTA | Mr SANKET | AP-010612 0153419 | AP0397 109871 | AP0397 109871 | Not Applied | MCX/AP/ 100131 | 109315 | Not Applied | Not Applied | Badli Katra, Badli Katra, Ko - Sahar, Mirzapur-231001, Uttar Pradesh |
| MEENU | MEENU | Not Applied | AP0397 380341 | AP0397 380341 | Not Applied | MCX/AP/ 152044 | Not Applied | Not Applied | Not Applied | C/O Arjun Singh , Gandhi Nagar Bhopa Road, Muzaffarnagar Muzaffarnagar Muzaffarnagar Muzaffarnagar-251001, Uttar Pradesh |

This is to inform/confirm that we have discontinued our Business Relations with the above mentioned Authorized Persons. Clients and General Public are warned against Dealing in with them in his/their capacity as our Authorized Persons and we hereby confirm that we will not be liable in any manner for any consequence of such dealings/deals.
Clients are requested to contact our centralized desk 022-3355 1111/4218/5454 or email us to support@angelbroking.com.

Date : 25.11.2022
Place : Uttar Pradesh

For ANGEL ONE LTD
Sd/-
Authorised Signatory

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। स्थानीय सम्पादक: विजय प्रकाश सिंह। फोन: (0522) 4036600 फैक्स: 2346443/2345582

# अस्पतालों की दवा बाजार में बेचने वाले गिरोह का खुलासा

● तीन गिरफ्तार, भारी मात्रा में सरकारी दवाइयां बरामद, अभियुक्तों में एक केजीएमयू की फार्मेसी का है सेल्समैन

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**केजीएमयू** सहित विभिन्न सरकारी अस्पतालों की छूट पर मिलने वाली दवाइयों को चोरी करके उन्हें खुले बाजार में बेचने वाले गिरोह का एसटीएफ ने खुलासा किया है। एसटीएफ ने केजीएमयू के रिवाल्विंग फंड (एचआरएफ) की फार्मेसी दवा की दुकान पर आउटसोर्स संविदा पर फार्मेसिस्ट सेल्समैन का काम करने वाले रजनीश कुमार सहित तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर भारी मात्रा में सरकारी दवाइयां बरामद की हैं। एसटीएफ के अनुसार बीते काफी दिनों से मरीजों के लिए किंग जार्ज मेडिकल युनिवर्सिटी (केजीएमयू) में स्थापित कम कीमत की फार्मेसी दुकानों की दवाओं को कूटरचना कर बाजार में ऊंची कीमत पर बेचने वाले गिरोह के सक्रिय होने की सूचनाएं प्राप्त हो रहीं थी। इस सम्बन्ध में एसटीएफ की कई टीमों को कार्रवाई के निर्देश दिए गए थे। एसटीएफ मुख्यालय में एक टीम का गठन कर छानबीन की जा रही थी। इस दौरान बृहस्पतिवार को ज्ञात हुआ कि लखनऊ में एक गिरोह सक्रिय है, जो सरकारी अस्पतालों की कम कीमत की दवाओं के रैपर पर लिखी सरकारी मोहर को मिटाकर शहर के विभिन्न मेडिकल स्टोर पर ऊंची कीमत पर बेच कर धनार्जन कर रहे हैं। इस गिरोह के कुछ सदस्य लखनऊ शहर के नींबू पार्क के पास आकर सरकारी अस्पतालों की फार्मेसी की दवाओं का लेन-देन करने वाले हैं। इस सूचना पर एसटीएफ ने कार्रवाई करते हुए ड्रग विभाग की टीम के साथ नियाज फ्लावर मर्चेन्ट के सामने रोड पर निकट चौक ओवर ब्रिज फूल मंडी पहुंचकर सीतापुर निवासी रजनीश कुमार निवासी बसारा थाना महोली, नितिन बाजपेयी हुमायूपुर थाना मिश्रिख और प्रियांशु मिश्रा निवासी को गिरफ्तार किया। इनके कब्जे से भारी मात्रा में दवावओं के कैप्सूल, टैबलेट और सीरप व अन्य दस्तावेज वगैरह बरामद हुए। गिरफ्तार अभियुक्त रजनीश कुमार ने पूछताछ में बताया कि वह किंग जार्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी (केजीएमयू) में रिवाल्विंग फंड (एचआरएफ)



की फार्मेसी दवा की दुकान पर आउटसोर्स संविदा पर फार्मेसिस्ट सेल्समैन का काम पिछले तीन वर्षों से कर रहा है। केजीएमयू के एचआरएफ फार्मेसी दवा की दुकान पर केजीएमयू के रजिस्टर्ड मरीजों को 50-60 प्रतिशत छूट पर बिक्री की जाती है। मरीजों के यूएचआईडी रजिस्टर्ड नम्बर की जानकारी करके उनके नाम पर वह तथा केजीएमयू के अन्य फार्मेसी दवा दुकानों पर तैनात उसके कई साथी छूट की दवाओं जिन पर फार केजीएमयू, एचआरएफ ओनली लिखा रहता है। उसको अपने साथियों नितिन बाजपेयी, प्रियांशु मिश्रा, सूरज मिश्रा, सुग्रीम वर्मा के सहयोग से मिटाकर इनको सुग्रीव वर्मा के सहयोग से मेडिकल स्टोरों को उनका तीस प्रतिशत कमीशन रखते हुए बेच देते हैं। जिसे वह आगे पूरी कीमत पर बेचकर धनार्जन कर आपस में बांट लेते हैं। गिरफ्तार अभियुक्तों ने विस्तृत पूछताछ पर बताया कि केजीएमयू में ट्रामा सेंटर एचआरएफ की दवा दुकान पर तैनात महेश प्रताप सिंह तथा अनूप मिश्रा प्लास्टिक सर्जरी, केजीएमयू, एचआरएफ की दवा दुकान पर तैनात देवेश मिश्रा, गांधी वार्ड, केजीएमयू, एचआरएफ की दवा दुकान के उदय भान एवं हमशे प्रियांशु मिश्रा का बड़ा भाई सूरज मिश्रा भी हम लोगों के साथ यही कार्य करते हैं तथा प्राप्त धन को आपस मे हम लोग बांट लेते हैं। हम लोग यह कार्य पिछले तीन-चार वर्षों से करके धन कमा रहे हैं। केजीएमयू व एचआरएफ की दवा दुकानों पर तैनात हमार साथी इस प्रकार हड़पी गई दवाओं को अन्य मरीजों की यूएचआईडी रजिस्टर्ड नम्बर रिकार्ड मेन्टेन कर देते हैं। एसटीएफ के अनुसार पूछताछ पर प्रकाश में आए अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।

## नागरिक सुरक्षा दिवस का आयोजन माह के अंतिम मंगलवार कोः मण्डलायुक्त

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मण्डलायुक्त डॉ रोशन जैकब** ने कहा है कि लखनऊ महानगर के रहने वाले सामान्य जनों को दिन-प्रतिदिन जीवन से जुड़ी समस्याओं बिजली, पानी, सड़क, भवन निर्माण, जल निकासी, यातायात, परिवहन एवं प्रदूषण आदि का सामना करना पड़ता है। नगरीय क्षेत्र में आधारभूत सुविधाओं से जुड़े कई कार्य इस प्रकार के होते हैं कि उसमें एक से अधिक कार्यदायी संस्थाओं की सहभागिता होती है जिसकी जानकारी जन सामान्य को नही हो पाती है। एक से अधिक संस्थाओं के द्वारा कार्य किये जाने की स्थिति में कार्य के प्रति जबावदेही भी स्पष्ट रूप से तय करने में समस्या होती है। उन्होंने निर्देश दिये कि नागरिक सुविधा दिवस का आयोजन प्रभावी ढंग एवं उच्चकोटि की संवेदनशीलता के साथ शहरी क्षेत्र के नागरिकों की मूलभूति समस्या के सफल समाधान के दृष्टिगत किया जाये। उन्होंने कहा कि सामान्य जन मानस को दिन-प्रतिदिन के जीवन यापन से जुड़ी हुई छोटी-छोटी समस्याओं के निराकरण हेतु कई-कई विभागों में चक्कर लगाना पड़ता है जिससे सरकार के प्रति सामान्य जन में एक नकारात्मक भाव उत्पन्न होता है। समस्याओं का गुणवत्तापूर्वक, प्रभावशाली ढंग के निस्तारण के लिए एलडीए के सभाकक्ष में प्रत्येक माह के अन्तिम मंगलवार को नागरिक सुविधा दिवस का आयोजन प्रातः 10 बजे लेकर 2 बजे के मध्य किये जाने के निर्देश दिये है। उन्होंने निर्देश दिये कि प्राप्त शिकायतों को एक रजिस्टर में दर्ज करते हुए उसका विवरण रखा जाय एवं हुए समाधान का अंकन भी किया जाये। प्राप्त शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्वक आवश्यक निर्धारित समय के अन्तर्गत आवश्यकतानुसार अन्तर विभागीय समन्वय स्थापित करते हुए किया जाये।

## मुकुल सिंघल बने रहेंगे लखनऊ गोल्फ क्लब के अध्यक्ष

**लखनऊ (विधि संवाददाता)।** लखनऊ गोल्फक्लब विवाद मामले में हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने निर्धारित प्राधिकारी को छह हफ्ते में निर्णय लेने का आदेश दिया है। पीठ ने इसके साथ ही विवाद का निस्तारण होने तक मुकुल सिंघल को गोल्फक्लब के मैनेजमेंट कमेटी का अध्यक्ष तथा संदीप दास को सचिव के तौर पर कार्य करते रहने का निर्देश दिया है। मैनेजमेंट कमेटी दिन प्रतिदिन का कार्य करेगी लेकिन बड़े नीतिगत व वित्तीय निर्णय नहीं लेगी। जस्टिस नीरज तिवारी की एकल पीठ ने यह आदेश लखनऊ गोल्फक्लब की ओर से सचिव संदीप दास द्वारा दाखिल याचिका पर दिया है। डीएम को भी आदेश दिया है कि गोल्फ क्लब कमेटी के विवाद के निपटारे के लिए किसी उप जिलाधिकारी की नियुक्ति बतौर निर्धारित प्राधिकारी की जाए। छह हफ्ते में विवाद पर निर्णय लेगा। यह भी निर्देश दिया गया है कि दोनों पक्षों को सुनवाई का पर्याप्त अवसर प्रदान करने के पश्चात ही निस्तारण किया जाए।

## मुख्तार के बेटे उमर अंसारी की अग्रिम जमानत अर्जी खारिज

**लखनऊ (विधि संवाददाता)।** जिला जज संजय शंकर पांडेय ने राजधानी की एक निष्क्रांत जमीन पर कब्जा कर मकान का अवैध निर्माण कराने के मामले में वांछित मुल्जिम उमर अंसारी की अग्रिम जमानत अर्जी खारिज कर दी है। उन्होंने प्रथम दृष्टया मुल्जिम के अपराध को गंभीर करार दिया है। उमर अंसारी पूर्व विधायक मुख्तार अंसारी का पुत्र है। 27 अगस्त 2020 को इस मामले की एफआईआर प्रभारी लेखपाल सुरजन लाल ने थाना हजरतगंज में दर्ज कराई थी। बीते साल इस मामले में उमर के अलावा उसके विधायक भाई अब्बास अंसारी व मुख्तार असंारी के खिलाफ भी आरोप पत्र दाखिल हुआ था। इन्हें आरोप पत्र में आईपीसी की धारा 120बी, 420, 467, 468 व 471 के साथ ही सार्वजनिक सम्पति नुकसान निवारण अधिनियम की धारा 3 का आरोपी बनाया गया है। जिसके मुताबिक राजधानी के जियामऊ इलाके की एक निष्क्रांत जमीन पर फर्जी दस्तावेजों के जरिए व अपने प्रभाव का इस्तेमाल कर मुल्जिमों ने अवैध रुप से मकान का निर्माण कराया। मकान का नक्शा पास के लिए साजिश रचा और करोड़ों की सरकारी सम्पति का नुकसान करते हुए जमीन को हड़प लिया।

## दो चेन लुटेरे गिरफ्तार

**लखनऊ।** राजधानी की गाजीपुर पुलिस ने चेन लूट का प्रयास कर रहे दो शातिर लुटेरों को गिरफ्तार करने का दावा किया है। पकड़े गये अभियुक्तों ने इलाके में उनके द्वारा की गयी चार लूट की घटनाओं को कबूला है। पुलिस ने कब्जे से एक अपाचे बाइक एक चेन व नकदी बरामद की है। भूतनाथ के पास एक अपाचे बाइक सवार दो युवक ने पैदल घर जा रही महिला के गले से सोने की चेन लूटने का प्रयास किया लेकिन विफल हो गये सूचना पर पहुंची पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर लुटेरों को चौबीस घंटे के भीतर दबोच लिया। पुलिस पूछताछ में उन्होंने अपना नाम गोसाईगंज निवासी अंकित कुमार व उपरोक्त निवासी विजय राठी बताया। पुलिस ने बताया कि अभियुक्तों ने इलाके में चार चेन लूट करने की बात कबूल की है। अभियुक्तों के कब्जे से एक अपाचे मोटरसाइकिल दस हजार के करीब नकदी व एक चेन बरामद की है।

**एकेटीयू दीक्षांत समारोह**

## डिजिटल डिग्री जारी करने के लिए ब्लॉक चेन टेक्नोलॉजी का करेगा इस्तेमाल

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**इस बार 26 नवंबर** को प्रस्तावित दीक्षान्त समारोह में डॉ एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय स्नातक छात्रों को डिजिटल डिग्री वितरित करने के लिए ब्लॉकचेन टेक्नोलॉजी का इस्तेमॉल करेगा। विवि की तरफ से इस तकनीक का प्रयोग आईआईटी कानपुर के सहयोग से किया जायेगा। इस तकनीक को आईआईटी कानपुर में विकसित किया गया है। इसको आईआईटी इनक्यूबेटेड स्टार्टअप ट्रेंशियल द्वारा बनाया गया है। इस तकनीकी को पहली बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा आईआईटी कानपुर के 54 वें दीक्षांत समारोह में लॉन्च किया गया था। वर्तमान में इसका उपयोग देश भर में कई सरकारो, शैक्षणिक और निजी संगठनों द्वारा किया जा रहा है। इसमें इग्नू, एनआईटी राउरकेला और आईआईटी इंदौर आदि शामिल हैं। डिजिटल डिग्रियां पद्मश्री प्रोण् मनिंद्र अग्रवाल और प्रो संदीप शुक्ला के नेतृत्व में नेशनल ब्लॉकचैन प्रोजेक्ट के तहत ट्रेंशियल द्वारा किए गए अधिक महत्वपूर्ण पहल और विकास का एक हिस्सा हैं। आईआईटी कानपुर के गतिशील अनुसंधान और विकास पारिस्थितिकी तंत्र के तहत ट्रेंडिशनल के रूप में जन्म लेने वाला विचार, अब डिजिटल सुरक्षा को परेशानी मुक्त और निर्बाध प्रक्रिया बनाने के लिए कई तरीकों से विस्तार कर रहा है। इसका उपयोग कर अब एकेटीयू अपने विद्यार्थियों को डिजिटल डिग्री प्रदान करने जा रहा है।

## अवध के ताल्लुकेदारों की ख्वाहिश थी लखनऊ विश्वविद्यालय

● 102 वर्ष का हुआ लखनऊ विवि

**लखनऊ।** लखनऊ विवि ने 102 वर्ष का सफर पूरा कर लिया है। इसके इतिहास पर नजर डालें तो उस समय केवल इलाहाबाद विवि था। अवध के ताल्लुकेदारों की ख्वाहिश थी कि कॉल्विन कॉलेज में 12वीं तक पढ़ाई के बाद उनके बच्चे लखनऊ में ही बेहतर उच्च शिक्षा ग्रहण करें। यहां से लखनऊ विवि स्थापित करने को सोच शुरू हुई। राजा महमूदाबाद सर मोहम्मद अली मोहम्मद खान बहादुर ने विवि की बुनियाद रखी। इस कार्य में यूनाईटेड प्रोविंस के लेफ्टिनेंट गवर्नर सर हरकोर्ट बटलर ने अहम भूमिका निभाई। कहा जाता है कि बटलर के शिक्षा के प्रति रुझान के बारे में राजा महमूदाबाद जानते थे। इसलिए द पायनियर अखबार में लेख के माध्यम से उन्होंने अवध में विश्वविद्यालय की जरूरत पर जोर दिया। यहीं से बटलर प्रभावित हुए। 10 नवम्बर 1919 को हुई एक बैठक में इसे आवासीय यूनिवर्सिटी बनाने का फैसला लिया गया। 12 अगस्त 1920 में लखनऊ विवि बिल कुंवर महाराजा सिंह द्वारा विधान परिषद में रखा गया। काफी चर्चा और संशोधनों के साथ 8 अक्तूबर 1920 को इसे पारित कर दिया गया। उस समय राजा महमूदाबाद और जहांगीराबाद ने एक-एक लाख रुपये की धनराशि इसके निर्माण के लिए दी। जबकि ताल्लुकेदारों ने 30 लाख रुपए चंदा इकट्ठा किया था। 25 नवम्बर, 1920 ही वो तारीख है जब लविवि के सुनहरे इतिहास की नींव रखी गई थी। विवि की स्थापना के समय कैनिंग कॉलेज और मेडिकल कॉलेज महिला शिक्षा के लिए आईटी कालेज को संबद्ध कॉलेज की मान्यता मिली। इलाहाबाद विवि से सेवानिवृत्त रजिस्ट्रार ज्ञानेंद्र नाथ चक्रवर्ती को यहां का कुलपति बनाया गया था और उन्होंने 16 दिसम्बर, 1920 को 3000 रुपए प्रतिमाह की तनख्वाह पर पांच वर्ष के लिए उन्होंने कार्यभार संभाला। आगरा कॉलेज के मेजर टीएफओ डोनेल को 1200 रुपये प्रति माह वेतन पर कुलसचिव पद की जिम्मेदारी सौंपी गई। विवि का पहला दीक्षांत समारोह 30 अक्तूबर 1922 में केजीएमयू के परिसर में हुआ। चांसलर सर हारकोर्ट बटलर ने दीक्षांत समारोह की शुरुआत की घोषणा की। कुलपति ने डॉक्टर ऑफ लिट्रेचर की पहली मानद उपाधि सर हारकोर्ट बटलर को दी। इस मौके पर उन्होंने कहा कि यह पहली बार है जब विश्वविद्यालय अपनी डिग्री जारी करने की शक्ति का इस्तेमाल कर रहा है।

### नैक से ग्रेडिंग के बाद पहला स्थापना दिवस



**लखनऊ।** स्थापना दिवस को लेकर विवि के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने 2 वर्ष पूर्व हुए शताब्दी वर्ष का उल्लेख करते हुए बताया कि इसी दिवस पर आयोजित विगत कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने विश्वविद्यालय को वर्चुअल ही संबोधित किया था। नैक से ए प्लस प्लस ग्रेड की प्राप्ति के पश्चात विश्वविद्यालय का यह पहला स्थापना दिवस होगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में योगेंद्र उपाध्याय,उच्च शिक्षा मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार एवं विशिष्ट अतिथि के रुप में दयाशंकर सिंह परिवहन मंत्री उत्तर प्रदेश होंगे। इसके साथ ही 6 विशिष्ट पूर्व छात्रों का सम्मान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि स्थापना दिवस को देखते हुए परिसर में दो दिन म्यूजियम व लाइब्रेरी खुली रहेगी। एनआईआरएफ रैंकिंग को लेकर प्रो. राय का कहना था कि नैक का मूल्यांकन पांच वर्ष के डेटा के आधार पर होता है। वर्ष 21-22 में हम एनआईआरएफ रैंकिंग में आ चुके है। अब इधर के डेटा के आधार पर विवि एनआईआरएफ की रैंकिंग में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए तैयारी करेगा।

## प्लास्टिक एनीमिया में होम्योपैथिक चिकित्सा कारगरः डॉ. द्विवेदी

**लखनऊ।** प्लास्टिक एनीमिया में शरीर में खून बनना बंद हो जाता है। हीमोग्लोबिन और प्लेटलेट्स कम होने के कारण रक्तस्राव बंद होना आसान नहीं होता है। खून की कमी से व्यक्ति को कई तरह की समस्याएं पैदा होने लगती हैं। ऐसे मामलों में होम्योपैथिक चिकित्सा कारगर साबित होती है। गुरुवार को यह जानकारी होम्योपैथिक अनुसंधान परिषद, आयुष मंत्रालय भारत सरकार के वैज्ञानिक सलाहकार बोर्ड के सदस्य डॉ एके द्विवेदी ने दी है। डॉ. द्विवेदी एक दिन के प्रवास पर लखनऊ में अंतरराष्ट्रीय होम्योपैथ कान्फ्रेंस में शामिल होने आये थे। डॉ द्विवेदी ने बताया कि प्लास्टिक एनीमिया कैंसर से भी भयावह है। इसमें प्लेटलेट्स, डब्ल्यूबीसी-आरबीसी का उत्पादन बंद हो जाता है। इसका सबसे बड़ा लक्षण कमजोरी है। जिसमें उपचार के दौरान मरीज का ब्लड चढ़ाने की जरूरत पड़ जाती है।

## आधार की सत्यता जानने के लिए आधार पर उपलब्ध क्यूआर कोड को स्कैन करें

● स्वयं को किसी भी संभावित धोखाधड़ी से बचाए

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**किसी भी व्यक्ति** को आधार हेतु नामांकन केवल एक बार कराना होता है और डी. डुप्लीकेशन प्रणाली के जरिए विशिष्टता प्राप्त की जाती है। डी डुप्लीकेशन के बाद केवल एक ही आधार सृजित किया जाता है। एक व्यक्ति को जो आधार संख्या उसके बायोमेट्रिक सूचना और डेमोग्राफिक सूचना को दर्ज करने के पश्चात आवंटित की जाती है वो आधार संख्या किसी और व्यक्ति को दोबारा आवंटित नहीं की जा सकती है। आधार कार्ड की वैधता की जांच करने के लिए भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण निवासियों, संगठनों को आधार पर उपलब्ध क्यूआर कोड को स्कैन करने की सलाह देता है। यूआईडीएआई ने एक सुरक्षित क्यूआर कोड जारी की है जिसमें डेमोग्राफिक जानकारी के साथ-साथ आधार संख्या धारक की फोटो भी शामिल है। क्यूआर कोड में दी गई जानकारी सुरक्षित और टैम्पर प्रुफ है क्योंकि यह यूआईडीएआई द्वारा डिजिटल रूप से हस्ताक्षरित है। डिजिटल रूप से हस्ताक्षरित सुरक्षित क्यूआर कोड को यूआईडीएआई के कस्टम एप्लिकेशन का उपयोग करके पढ़ा जा सकता है और वास्तविक समय में यूआईडीएआई डिजिटल हस्ताक्षरों के साथ मिलान करके देखा जा सकता है। आधार क्यूआर कोड स्कैनर एम. आधार एप, गूगल प्ले स्टोर और आईओएस पर उपलब्ध है। क्यूआर कोड स्कैनर का उपयोग करके आधार पर किसी भी धोखाधड़ी का आसानी से पता लगाया जा सकता है। इसके माध्यम से यह पता लगा सकते है की प्रस्तुत किया गया आधार उसी व्यक्ति का है जो इसे प्रस्तुत कर रहा है।

## प्रशिक्षण पूर्ण कर चुके युवाओं को मिला प्रमाणपत्र



**लखनऊ।** नवयुग कन्या महाविद्यालय के छात्र छात्राओं को करियरडेवलपमेंट के लिए प्रशिक्षित किया जा रहा है। प्रशिक्षण पूर्ण कर चुके युवाओं के लिए एक समारोह का आयोजन किया गया। महापौर संक्युता भाटिया ने बच्चो को प्रोत्साहित करा और बधाई दी, ये भी संदेश दिया कि ये अभी शुरुआत है, अभी और परिश्रम करना है उनको और प्रदेश, देश में नाम रोशन करना है। और इस मौके पर उन्होंने नारी सशक्तिकरण पर भी संदेश दिया। कॉलेज के प्रधानाचार्या प्रो. मंजुला उपाध्याय ,एच.ओ.डी. डॉ अनुरिमा बैनर्जी द्वारा युवाओं को प्रशिक्षण पूर्ण करने का प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। नवयुग कन्या महाविद्याला में सर्टिफिकेट सेरेमनी का आयोजन हुआ। व्यक्तित्व विकास, रेज्यूमे बनाना, सार्वजनिक मंच पर बोलना, ग्रुप डिस्कशन करना, मॉक इंटरव्यू देना, नौकरी ढूढना आदि विभिन्न हुनर का प्रशिक्षण पूर्ण करने वाले 82 युवाओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। मेधा की प्रज्ञा ने बताया कि प्रशिक्षण लेने वाले युवाओं में ज्यादातर युवाओं ने इंटर्नशिप भी किया है। मेधा के क्लस्टर हेड रवि मिश्रा ने युवाओं से बात करते हुए कहा कि उनका लक्ष्य ज्यादा से ज्यादा युवाओं को प्रशिक्षित कर उन्हें एजुकेशन से एम्प्लॉयमेंट की दिशा में जोड़ना है।

## रेलवेकर्मी के घर चोरों का धावा, लाखों के जेवरात उड़ाए

**मोहनलालगंज।** धरमावतखेड़ा में छत के रास्ते रेलवेकर्मी के घर में घुसे चोरों ने कमरे की कुण्ढी काटकर लाखों के जेवरात उड़ा लिए। पीड़ित रेलवेकर्मी की शिकायत पर मोहनलालगंज पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। मोहनलालगंज के धरमावत खेड़ा निवासी अजीश पाल रेलवे में गुड्स मैनेजर हैं। बुधवार की रात परिवार में सोया था तभी घर के पिछले हिस्से में चल रहे निर्माण के सहारे छत के रास्ते घर के अन्दर दाखिल हुए चोरों ने कमरे की कुण्ढी काटकर बक्सों की कुण्ढियां काट डालीं। फिर बक्सों में रखे अजीश की मां बुद्धेश्वरी के लाखों की कीमत के सोने.चांदी के जेवरात समेटकर फरार हो गए। नींद खुलने पर कमरे में सामान बिखरा देखकर परिवार के लोग सन्न रह गए। चौकी इंचार्ज केपी सिंह ने मामले ने छानबीन शुरु कर दी है। लाखों की चोरी की सूचना के बाद भी पुलिस ने डॉग स्वॉयड और फिंगर प्रिण्ट एक्सपर्ट की टीम बुलाने की जरुरत नहीं समझी। इलाके में ताबड़तोड़ चोरियों के बावजूद पुलिस की शिथिल रात्रि गश्त को लेकर लोगों में आक्रोश है।

**क्विक न्यूज**

## गौरा में डेढ़ करोड़ से बनकर तैयार नगर पंचायत के भवन का लोकार्पण आज

**मोहनलालगंज।** गौरा में लगभग डेढ़ करोड़ की लागत से मोहनलालगंज नगर पंचायत का नवनिर्मित भवन बनकर तैयार है। शुक्रवार को लोकार्पण होते ही नगर पंचायत कार्यालय को यहां शिफ्ट करने की प्रक्रिया शुरु हो जाएगी। निकाय चुनाव सम्पन्न होने के बाद नवनिर्मित भवन मोहनलालगंज नगर पंचायत के पहले चेयरमैन के इस्तकबाल का साक्षी बनेगा। मोहनलालगंज नगर पंचायत का नया भवन गौरा में रायबरेली हाईवे पर बनकर तैयार हो गया है। शुक्रवार को नगर विकास मंत्री एके शर्मा वर्चुअल माध्यम से नवनिर्मित भवन का लोकार्पण करेंगे। जबकि विधायक अमरेश कुमार मौके पर पहुंचकर लोकार्पण करेंगे। 27 अक्टूबर 2021 को भवन निर्माण का शिलान्यास किया गया था। जलनिगम की कार्यदायी संस्था सी0एण्ड0डी0एस0 ने एक करोड सैंतालीस लाख से अधिक धनराशि से साल भर में नगर पंचायत के नए भवन का निर्माण किया है। नए भवन में विशाल सभागार के साथ अलग.अलग पटल के कार्यालय और रसोई और अत्याधुनिक शौचालय की सुविधा दी गई है। भवन को चहारदीवारी से घेरकर बागवानी से खूबसूरती बढ़ाने का स्थान छोड़ा गया है। रायबरेली हाईवे से नवनिर्मित कार्यालय तक सीसी रोड और भवन के सामने पार्क बनाने का कार्य चल रहा है। अधिशाषी अधिकारी विनय कुमार द्विवेदी ने बताया शुक्रवार को नगर पंचायत के नए भवन का लोकार्पण किया जाएगा।

## किसानों को किया जागरुक वितरित की गईं मिनी किट

**मोहनलालगंज।** राजकीय कृषि बीज भण्डार मोहनलालगंज में गुरुवार को ब्लाक स्तरीय किसान मेला आयोजित किया गया। मेले में 300 किसानों ने प्रतिभाग कर रबी फसलों में कीट प्रबन्धन के बारे में विस्तार से जानकारी हासिल की। कृषि विशेषज्ञ महेन्द्र सिंह ने किसानों को गौ आधारित प्राकृतिक खेती अपनाने के लिए प्रेरित किया। बीज भण्डार प्रभारी वीरेन्द्र सिंह ने किसानों को कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी। प्राविधिक सहायक एमपी सिंह ने पीएम किसान सम्मान निधि योजना से सम्बन्धित शिकायतें दर्ज कर उनके समाधान का भरोसा दिया। प्राविधिक सहायक सचेन्द्र सिंह ने एनएफएसएम के तहत योजनाओं की जानकारी दी। एडीओ कृषि वीरेन्द्र कुमार वर्मा ने किसानों को तिलहन फसलों की अच्छी उपज के बारे में विस्तृत जानकारी दी। प्राविधिक सहायक दिलीप दोहरे ने किसानों को आलू और सरसों की पैदावार बढ़ाने के बारे में जरुरी जानकारी दी गई। मेले में ब्लाक प्रमुख ओमप्रकाश शुक्ल और विधायक अमरेश कुमार ने 60 किसानों को चना एवं मषूर की मिनी किट वितरित कर दलहनी फसलों का उत्पादन बढ़ाने के लिए प्रेरित किया गया।

## हाईकोर्ट ने चेताया कहा किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती जाए

**लखनऊ (विधि संवाददाता)।** डेंगू की रोकथाम के लिए किए जा रहे प्रयासों में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती जाए। हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने राज्य सरकार व नगर निगम को ताकीद करते हुए कहा है कि शहर की साफ-सफाई पर भी विशेष ध्यान दिया जाए। जस्टिस देवेन्द्र कुमार उपाध्याय एवं जस्टिस सौरभ श्रीवास्तव की पीठ ने यह आदेश आशीष कुमार मिश्रा की जनहित याचिका पर दिया है। पीठ के समक्ष इस मामले की सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से बताया गया कि पिछले तीन दिन में डेंगू की वृद्धि में कमी आई है। चिकित्सा व स्वास्थ्य विभाग तथा चिकित्सा शिक्षा विभाग की ओर से जवाबी हलफनामा दाखिल किया गया। नगर निगम ने भी हलफनामा दाखिल किया। शहर में साफ-सफाई के कार्य व फॉगिंग इत्यादि की जानकारी दी। पीठ ने दोनों विभागों व नगर निगम के हलफनामे पर गौर करने के बाद कहा कि कुछ कदम जरुर उठाए गए हैं लेकिन अभी और प्रयास की आवश्यकता है। खास तौर पर नगर निगम को इस दिशा में और काम करना होगा। पीठ ने सुनवाई के दौरान मीडिया रिपोर्ट्स का हवाला देते हुए कहा कि शहर में डेंगू के मामलों में वृद्धि आई है। पीठ का यह भी कहना था कि जिस इलाके में फॉगिंग की ज्यादा आवश्यकता हैए वहां नगर निगम द्वारा शिथिलता बरती गई प्रतीत होती है। पीठ ने इसके साथ ही ताकीद किया कि डेंगू की रोकथाम के प्रयासों में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती जाए। अब इस मामले की अगली सुनवाई दो दिसंबर को होगी।

## बिजलीकर्मियों ने पूरे प्रदेश में की विरोध सभाएं

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**ऊर्जा निगमों** के शीर्ष प्रबन्धन के स्वेच्छाचारी रवैये व नकारात्मक कार्यप्रणाली के विरोध में एवं बिजली कर्मियों की वर्षों से लम्बित न्यायोचित समस्याओं के समाधान हेतु सरकार व प्रबन्धन के ध्यानाकर्षण करने के लिए विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के बैनर तले तमाम घटक श्रम संघों/सेवा संगठनों द्वारा संयुक्त रूप से लोकतान्त्रिक एवं शान्तिपूर्ण तरीके से चलाये जा रहे आन्दोलन के क्रम में बिजलीकर्मियों ने आज प्रबंधन द्वारा आहूत वी सी का जबरदस्त बहिष्कार कर अपना रोष प्रकट किया और सायं 5बजे पूरे प्रदेश के बिजली अभियंताओं, जूनियर इंजीनियरों व बिजली कर्मचारियों द्वारा प्रदेशव्यापी विरोध सभाएं की गयीं जिसमें बिजली कर्मियों ने जबरदस्त नारेबाजी की गई। राजधानी लखनऊ में मध्यांचल मुख्यालय पर विरोध सभा का आयोजन किया गया। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उप्र के पदाधिकारियों ने जारी बयान



में बताया कि ऊर्जा निगमों के शीर्ष प्रबन्धन के स्वेच्छाचारी रवैये एवं नकारात्मक कार्यप्रणाली के कारण ऊर्जा निगमों की घटती परफॉर्मेंस वआर्थिक क्षति को रोकने एवं ऊर्जा निगमों में कार्य का स्वस्थ वातावरण स्थापित कराने हेतु एवं बिजली कर्मियों की वर्षों से लम्बित न्यायोचित समस्याओ के समाधान के प्रति प्रबंधन द्वारा उपेक्षात्मक रवैया अपनाये जाने के कारण संघर्ष समिति ने सरकार व प्रबन्धन के ध्यानाकर्षण हेतु लोकतांत्रिक तरीके से शांतिपूर्ण ढंग से आन्दोलन किए जाने के निर्णय लिया है जिसके क्रम में आज प्रबंधन द्वारा आहूत वी सी का जबरदस्त बहिष्कार किया गया और सायं 5 बजे पूरे प्रदेश में विरोध सभाएं की गयी जिसमे हजारों बिजली अभियंता, जूनियर इंजीनियर व बिजली कर्मचारी सम्मिलित हुए। उन्होंने आगे बताया कि ऊर्जा निगमों के शीर्ष प्रबन्धन के हठवादी व नकारात्मक रवैये के कारण ऊर्जा निगमों की गिरती परफारमेंस, बिजली कर्मियों के गिरते मनोबल एवं स्वास्थ्य, कार्मिक के प्रभावित हो रहे हितों से जन प्रतिनिधियों को अवगत कराने हेतु ज्ञापन देने का कार्यक्रम भी प्रारम्भ किया गया है।

## पच्चीस हजार का ईनामी गिरफ्तार

**लखनऊ।** राजधानी की तालकटोरा पुलिस ने पच्चीस हजार के शातिर ईनामियां को साथी संग गिरफ्तार करने का दावा किया है। पुलिस का कहना है कि अभियुक्त पर करीब एक दर्जन अपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस ने कब्जे से एक स्कूटी तमंचा और कारतूस बरामद किये हैं। पुलिस का कहना है कि शातिरों ने कई चेन व पर्स लूट की घटनाओं को अंजाम दिया है। पुलिस द्वारा पूछताछ में कुछ अन्य शातिरों के नाम प्रकाश में आये हैं जिनकी तलाश की जा रही है। तालकटोरा पुलिस टीम इलाके में गस्त पर थी तभी मुखबिर से सूचना मिली कि एक स्कूटी सवार दो लुटेरे किसी वारदात को अंजाम देने के फिराक में मौजूद हैं। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी कर दबोच लिया। पुलिस पूछताछ में उन्होंने अपना नाम सआदतगंज निवासी अभिषेक गौतम पीजीआई निवासी अनुज कश्यप उर्फ अनुराग बताया। पुलिस ने बताया कि अभियुक्त अभिषेक पर एक दर्जन अपराधिक मामले दर्ज हैं।

## सीएमएस के तीन छात्रों को चार-चार लाख रुपये की स्कॉलरशिप

**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, चौक कैम्पस के तीन मेधावी छात्रों देवांग अग्रवाल, प्रेरक अग्रवाल एवं श्रियांस वाजपेयी को भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा चार-चार लाख रुपये की स्कॉलरशिप से नवाजा गया है। सी.एम.एस. के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी श्री हरि ओम शर्मा ने बताया कि सी.एम.एस. छात्रों को यह स्कॉलरशिप विज्ञान विषय में उच्च स्तरीय शिक्षा हेतु प्रदान की जायेगी, जिसके अन्तर्गत प्रत्येक छात्र को पांच वर्षों तक प्रतिवर्ष रु. 80,000/- अर्थात कुल चार लाख रुपये की धनराशि प्रदान की जाएगी। इन मेधावी छात्रों ने इस वर्ष की आई.एस.सी. (कक्षा-12) परीक्षा-2022 में अपने मेधात्व का अभूतपूर्व परचम लहराते हुए पूरे देश में 'टॉप वन परसेन्ट' मेरिट सूची में स्थान अर्जित किया है एवं इसी अभूतपूर्व प्रदर्शन हेतु इन छात्रों को विज्ञान की उच्चस्तरीय शिक्षा हेतु इस



प्रतिष्ठित स्कॉलरशिप हेतु चयनित किया गया है। सी.एम.एस. के इन मेधावी छात्र-छात्राओं ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता एवं शिक्षकों के अलावा सी.एम.एस. के शैक्षिक वातावरण को दिया है। सी.एम.एस. संस्थापक व प्रख्यात शिक्षाविद् डा. जगदीश गांधी ने सी.एम.एस. के इन होनहार छात्रों के उज्जवल भविष्य कामना करते हुए विश्वास व्यक्त किया कि सी.एम.एस. के मेधावी छात्र अपनी मेहनत, लगन व रचनात्मक सोच से सफलता के उच्च सोपान पर पहुंचकर निश्चित ही विश्व मानवता की सेवा व कल्याण में सर्वश्रेष्ठ योगदान देंगे।

# दंगल में पुरुष और महिला पहलवानों ने दिखाए दांव-पेंच

- रीना महिला पहलवान ने राहुल पहलवान आगरा को धूल चटाई
- दो सौ वर्षो से लगातार कराया जा रहा दंगल का आयोजन

संवाददाता। कुसमिलिया (जालौन)



**डकोर** ब्लाक के कुसमिलिया गांव में गुरुवार को दो दिवसीय दंगल व 4 दिवसीय मेले का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ सदर विधायक ने फीता काटकर किया गया। दंगल में पूरे देश से आए पहलवानों ने अपने दांवपेच से दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। वहीं लोगों ने मेले में लगे स्टालों व बच्चों ने झूलों का भी भरपूर लुफ्त उठाया। आयोजकों के मुताबिक मेले व दंगल की शुरुआत करीब दो सौ वर्ष पहले की गई थी। दर्शकों की भीड़ से खचाखच भरे अखाड़े में जैसे ही रीना महिला पहलवान के राहुल पहलवान आगरा दोनों पहलवानों के बीच हुई दो हजार की रोमांचक कुश्ती हुई। कुश्ती में रीना ने राहुल आगरा को धूल चटाई। इसके बाद कुठौंद के भूपेंद्र और अलीगढ़ के पहलवान रवि कुमार के बीच जबरदस्त मुकाबला हुआ। इसमें भूपेंद्र ने राहुल को पटकनी देकर जीत दर्ज की। यह कुश्ती दो हजार की थी। इसी तरह मथुरा के जीतू और ताड़पुरा के लोकेंद्र के बीच हुए दो हजार की कुश्ती बराबरी पर छूटी। जबकि शेरू पंजाब व राकेश जम्मू के बीच हुए दो हजार के मुकाबले में राकेश जम्मू विजेता बने। सभी विजेता पहलवानों को मुख्य अतिथियों ने पुरस्कृत किया। वही दंगल का संचालन संदीप पहलवान कुठौंदा ने किया साथ ही भूरा पहलवान और सतीश पहलवान ने रेफरी की भूमिका निभाई। इस मौके पर जिलाउपाध्यक्ष किशोरी बापू, शिवकुमार राजपूत, हरनारायन सिंह, नारायन सिंह, परमेश्वरी दयाल, ग्राम प्रधान कृष्णकुमार राजपूत, बृजलाल, तुलसीराम राजपूत, जीतू राजपूत, वीरेंद्र राजपूत, रवि राजपूत, मानसिंह राजपूत, दिवाकर राजपूत, सुरेश, अरविंद, प्रदीप राजपूत आदि मौजूद रहे।

# लालगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र की बदहाली से लोग नाराज

- सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र अधीक्षक लखनऊ से संचालित कर रहें है अस्पताल

संवाददाता। लालगंज रायबरेली

**लालगंज** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र की बदहाल व्यवस्था सुधरने का नाम नहीं ले रही है। एक ओर अधीक्षक के लखनऊ से अस्पताल का संचालन करने व विभिन्न विभागों में चिकित्सकों की कमी से परेशान मरीज व तीमारदार प्रदेश सरकार को कोस रहे हैं। रामभरोसे चलने वाले इस अस्पताल के अधीक्षक के लखनऊ से ही व्यवस्था देखने से अस्पताल की व्यवस्थाएं तार-तार हो गयी हैं। अधीक्षक के अस्पताल से नदारद रहने की कई बार शिकायतें हो चुकी हैं लेकिन मुख्य चिकित्साधीक्षक के कमाऊ पूत होने के कारण कार्रवाई तो दूर जांच तक संभव नहीं हो पा रही है। लोगों ने कहा कि लालगंज का सरकारी अस्पताल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के नाम से जाना जाता है। लेकिन यहां पर हड्डी रोग विशेषज्ञ सहित रेडियोलॉजिस्ट और सर्जन के न होने के चलते लोगों को बड़ी मुसीबत उठानी पड़ रही है। लालगंज क्षेत्र में 2-2 नेशनल हाईवे होने के चलते दुर्घटनाएं होना आम बात है लेकिन सुविधाएं न होने के चलते लालगंज सरकारी अस्पताल रिफर सेंटर बन कर रह गया है। अल्ट्रासाउंड मशीन कई वर्षों पूर्व लगाई गई है लेकिन रेडियोलॉजिस्ट डॉक्टर की नियुक्ति न होने के चलते मशीन रखे -रखे जंग खा रही है। डॉक्टरों के द्वारा मरीजों के इलाज व जांच के दरमियान अल्ट्रासाउंड लिखा जाता है। मरीज भारी भरकम पैसा खर्च करके बाहर अल्ट्रासाउंड कराने को मजबूर हैं। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल अध्यक्ष विवेक शर्मा एवं कई भाजपा नेताओं ने लालगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में व्यवस्था के सुधार के लिए, मुख्यमंत्री को पत्र भेजा है।

# हैंड पाइप पर पानी भरने गए वृद्ध को पीटा अस्पताल पहुंचते ही हो गई मौत

**कायमगंज फर्रुखाबाद ।** वृद्ध की निर्मम हत्या का मामला कोतवाली व कस्बा कायमगंज से सटे गांव पितौरा का बताया जा रहा है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार यहां के निवासी 50 वर्षीय जवाहर लाल दिवाकर पुत्र राजाराम फौजी शाम 9.00 बजे अपनी दुकान बंद कर घर पहुंचे थे। घर में पानी की जरूरत होने पर पड़ोस में लगे सार्वजनिक हैंडपाइप से पानी लेने पहुंचे थे । जहां मामूली सी बात पर इसी गांव के निवासी रामलड़ेते ने वृद्ध को मारपीट का मरणासन्न कर दिया । गंभीर हालत में उपचार के लिए कायमगंज नगर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहां से घायल को डॉ राम मनोहर लोहिया अस्पताल फर्रुखाबाद के लिए रेफर किया गया । किंतु लोहिया अस्पताल पहुंचते ही वृद्ध की दर्दनाक मौत हो गई। इससे पहले कायमगंज सरकारी अस्पताल के इमरजेंसी रजिस्टर पर घायल को दाखिल दिखाने की एंट्री में रजिस्टर पर आरटी, एक्सीडेंट लिख दिया गया। जिसे देखते ही साथ आए लोग भड़क गए। उन्होंने जमकर हंगामा कांटा। हंगामा काफी देर तक चलता रहा। जब वृद्ध को उपचार के लिए फर्रुखाबाद ले जाने के लिए लोग चल दिए । तब जाकर हंगामा शांत हुआ । उधर घटना की सूचना मिलते ही देर रात पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले की जानकारी करने का प्रयास किया। ग्रामीण इस बात को लेकर काफी नाराज दिखाई दे रहे थे एकी जब किसी ने भी एक्सीडेंट की बात कायमगंज अस्पताल में आकर कहीं तक नहीं तो फिर रजिस्टर पर गलत इंट्री क्यों की गई। इस बात को लेकर एक बार फिर सवेरे अस्पताल पहुंचे लोगों ने नाराजगी जाहिर करते हुए हंगामा काटा। मृतक के बेटे अमित कुमार ने मुकदमा दर्ज कराने के लिए पुलिस को लिखित तहरीर दी है।

# विश्व हिन्दू महासंघ के ऐतिहासिक अधिवेशन के लिए हुआ प्रदेश उपाध्यक्ष ज्योति करवरिया का सम्मान

संवाददाता। चित्रकूट

- महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष भिखारी प्रजापति ने स्मृति चिन्ह देकर किया सम्मान
- समाजसेवी राजा करवरिया और संगठन के रमेश सोनी व सुनीता श्रीवास्तव का कार्यक्रम में योगदान के लिए हुआ अभिनंदन

**भगवान** श्रीराम की तपोभूमि चित्रकूट स्थित जगद्गुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग विश्वविद्यालय में सपन्न हुए विश्व हिन्दू महासंघ के प्रांतीय अधिवेशन को सफल और यादगार बनाने के लिए महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष भिखारी प्रजापति ने सगठन की कर्मठ प्रदेश उपाध्यक्ष ज्योति करवरिया को सम्मानित किया। इसके साथ ही आयोजन में विशेष सहयोग के लिए समाजसेवी राजा करवरिया और जिलाध्यक्ष रमेश सोनी व डॉ सुनीता श्रीवास्तव का अभिनन्दन किया।वहीं प्रदेश उपाध्यक्ष ज्योति करवरिया ने कार्यक्रम को सफल बनाने मे सहयोग करने वाले सभी लोगो का आभार जताया है। आपका बता दे कि पौराणिक तीर्थ के रूप मे समूचे विश्व में विख्यात भगवान श्रीराम की तपोभूमि चित्रकूट में पहली बार विश्व हिन्दू महासंघ का प्रांतीय अधिववेशन आयोजित हुआ। कार्यक्रम के आयोजन की जिम्मेदारी संगठन द्वारा प्रदेश उपाध्यक्ष ज्योति करवरिया को सौपी गई थी। कार्यक्रम संयोजक बनने के बाद प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती करवरिया ने संगठन की जिलाध्यक्ष डॉ सुनीता श्रीवास्तव एवं रमेश सोनी आदि पदाधिकारियों के साथ साधु -संतो ,जनप्रतिनिधियों और गणमान्य नागरिको के संपर्क कर आमंत्रण पत्र वितरित कर हिंदुओ की भारी भीड़ जुटाने में कामयाब रही। अनुमान से अधिक भीड़ जुटने एवं चौकस इंतजाम देख केंद्रीय और प्रांतीय पदाधिकारियों ने कार्यक्रम संयोजक और उनकी लगनशील टीम की जमकर सराहना की। कार्यकम संपन्न होने के बाद सगठन के प्रदेश अध्यक्ष भिखारी प्रजापति ने वरिष्ठ पदाधिकारियों के साथ महासंघ की प्रदेश उपाध्यक्ष ज्योति करवरिया का विशाल माला पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह देकर भव्य और दिव्य आयोजन के लिए सम्मानित किया। इसके साथ ही कार्यक्रम की सफलता में अहम योगदान के लिए जिलाध्यक्ष रमेश सोनी और डॉ सुनीता श्रीवास्तव ,जिला प्रभारी ममता तिवारी, महामंत्री संध्या पांडेय और ,वरिष्ठ समाजसेवी राजा करवरिया का अभिनंदन किया। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष भिखारी प्रजापति ने कहा कि चित्रकूट का अधिवेशन बहुत ही शानदार रहा। प्रदेश भर से आये संतो और पदाधकारियों ने आयोजन की सराहना की। भव्य और दिव्य आयोजन के लिए ज्योति करवरिया समेत पूरी टीम को बधाई। वही प्रदेश उपाध्यक्ष ज्योति करवरिया ने कहा कि विश्व हिन्दू महासंघ देश के हिन्दुओ के मान ,सम्मान और स्वाभिमान की रक्षा के लिए कार्य कर रहा है। कहा कि आगे भी सगठन जो जिम्मेद्दारी देगा उसकी पूरी निष्ठां और ईमानदारी के साथ निर्वहन करुँगी।

# मुख्य विकास अधिकारी ने मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम आयोजन को लेकर कांफ्रेसिंग के माध्यम से की समीक्षा, दिए निर्देश

संवाददाता। कानपुर देहात



**शासन विभागीय** निर्देश के क्रम में मुख्य विकास अधिकारी ने जनपद में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम आयोजन के सम्बन्ध में जूम बैठक आयोजित की गयीए जिसमें समस्त खण्ड विकास अधिकारी उपस्थित रहे। स्वर्प्रथम उन्होंने प्रत्येक विकास खण्ड हेतु निर्धारित 60 वैवाहिक जोड़ों के सापेक्ष पंजीकृत जोड़ों की स्थिति के बारे में जानकारी चाही। इस प्रकार अद्यतन स्थिति के अनुसार पंजीकृत जोड़ों की संख्या 151 है। उन्होंने समस्त खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि योजना का व्यापक प्रचार.प्रसार करते हुए निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष पंजीकरण की कार्यवाही प्रत्येक दशा में ससमय पूर्ण करना सुनिश्चित करें। यह भी निर्देशित किया गया कि निर्धारित लक्ष्य से वैवाहिक जोड़ों का पंजीकरण अधिक होने पर भी धनराशि आपको उपलब्ध करायी जाएगी। उक्त योजना में धनराशि की कमी नही है। अत: इसमें विशेष रूचि लेते हुए अधिक से अधिक संख्या में वैवाहिक कार्यक्रमों का आयोजन कराया जाए। उन्होंने कहा कि वैवाहिक कार्यक्रमों का आयोजन में स्थानीय जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित करनेए पाण्डाल की सजावटए सेल्फी प्वाइन्ट व खानपान आदि की व्यवस्थायें ससमय पूर्ण कर लें। वैवाहिक स्थल पर ही वैवाहिक जोड़ों को वैवाहिक प्रमाण.पत्र उपलब्ध कराये जायें। उन्होंने अपर मुख्य अधिकारीए जिला पंचायत को निर्देशित किया गया कि गत वर्ष की भॉति वैवाहिक कार्यक्रम आयोजन हेतु हेतु बैनर व वैवाहिक जोड़ों को निर्धारित सामग्री के अतिरिक्त गिफ्ट के रूप में दिये जाने वाले सामान आदि के सम्बन्ध में जिला समाज कल्याण अधिकारी से सम्पर्क कर कार्यवाही ससमय पूर्ण करना सुनिश्चित करें। यह भी निर्देशित किया गया कि उक्त के सम्बन्ध में उपायुक्तए जिला उद्योग केन्द्र से सम्पर्क कर उपहार स्वरूप दी जाने वाली सामग्री की व्यवस्था ससमय पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

## प्रसव के दौरान महिला की मौत लगाया लापरवाही का आरोप

**बछरावां ( रायबरेली ) ।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बुधवार की रात प्रसव क्रिया के बाद प्रसूता को गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया । परिजनों का आरोप है कि प्रसूता की मौत सीएचसी में ही हो चुकी थी । कोतवाली क्षेत्र के बबुरिहा खेड़ा मजरे बिशुनपुर निवासी रामशरण की पुत्री सरोज कुमारी 20 वर्ष का विवाह 2 वर्ष पूर्व लखनऊ जिले के बेनगहा गांव से हुआ था । बुधवार को प्रसव पीड़ा होने पर उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सेवा में दोपहर 3.00 बजे भर्ती कराया गया। 5. 30 बजे उसे नॉर्मल डिलीवरी के दौरान पुत्र की प्राप्ति हुई। प्रसव क्रिया के दौरान ब्लीडिंग बढ़ जाने से उसकी हालत गंभीर हो गई। गंभीर हालत में उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। पति अंकित कुमार का कहना है कि उसकी पत्नी की मौत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां में ही हो चुकी थी। लेकिन डॉक्टर ने जबरदस्ती जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने वृद्धाश्रम का किया निरीक्षण



**रायबरेली।** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ तथा माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री अब्दुल शाहिद के निर्देशानुसार व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली के तत्वाधान आज वृद्धजन आवास (वृद्धाश्रम), आई0टी0आई0 कैम्पस दूरभाष नगर, रायबरेली का निरीक्षण अभिनव जैन सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायबरेली द्वारा किया गया। सचिव द्वारा वृद्धाश्रम में रहने वाले सभी वृद्धजनों से बातचीत कर उनकी समस्याओं को जाना गया। इसके अन्तर्गत सचिव द्वारा सभी वृद्धजनों को उनके विधिक अधिकारों के बारे में जानकारी दी गयी। निरीक्षण के दौरान सचिव द्वारा वृद्धाश्रम में पर्याप्त साफ-सफाई न होने तथा वृद्ध महिलाओं की विशेष देखभाल न किये जाने पर अप्रसन्नता व्यक्त की गयी तथा अधीक्षक को निर्देशित किया गया कि वृद्धजन आवास की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाए तथा वृद्ध महिलाओं की सेवा के लिए नियुक्त सेवादार पूर्ण समर्पण व निष्ठा से कार्य करें। सचिव द्वारा सभी वृद्धजनों को बताया गया कि वृद्धों को भी पूरी मानवीय गरिमा के साथ जीवन जीने का अधिकार है। इस अवसर पर वृद्धाश्रम के अधीक्षक धनंजय सिंह, लेखाकार हिमांशु सिंह, पराविधिक स्वयं सेवक राजदेवी, प्रमोद कुमार तिवारी, पवन कुमार श्रीवास्तव, मनोज कुमार प्रजापति उपस्थित रहे।

# एसडीएम ने खाद की दुकानों का किया निरीक्षण,दिए निर्देश



**खागा** (फतेहपुर) । खाद की दुकानों मे नकली खाद बिकने और ओवर रेटिंग की शिकायत पर एसडीएम ने खाद की दुकानों का निरीक्षण किया। उन्होंने खाद का सैंपल लिया। दुकानदारों को अल्टीमेटम दिया। एस डी एम खागा मनीष कुमार ने गुरुवार को प्रेमनगर बाजार में निजी दुकानों में बिक रही ओवर रेटिंग खाद व नकली खाद के लिए सेम्पल लिया। उन्होंने जाँच के दौरान सभी के लाइसेंस व स्टॉक बोर्ड वच मशीन से मिलान भी किया। एस डी एम ने प्रेमनगर के आर्यन ट्रेडर्स में वच मशीन और स्टॉक के मिलान में भिन्नता पाई और साथ ही 1350 की खाद के अविक मूल्य पर बेंचें जाने पर नाराजगी जाहिर की। एसडीएम ने कृषि विभाग के विनय कुमार वस्तु विशेषज्ञ ने ज्योति ट्रेडर्स की भी दुकान में खाद का सेम्पल लेकर जाँच के लिए भेजा। वहीं मौर्या बीज व खाद भंडार में एसडीएम की गाड़ी पहुंचते ही शटर गिराकर फरार हो गया। एस डी एम ने बताया कि दुकानदार के खिलाफकार्यवाही के कार्यवाही की गई है।

## एक्सपो का शुभारंभ

**कानपुर।** अर्जुन रंगा अध्यक्ष एआईएएमए ने कहा किआईएएमए को अपने मिशन को निरंतर तरीके से पूरा करने के लिए अगरबत्ती उद्योग के प्रतिनिधि के रूप में सरकार के साथ मिलकर काम करने की आवश्यकता है। बैंगलोर के पैलेस ग्राउंड्स में सबसे व्यापक अंतर्राष्ट्रीय अगरबत्ती एक्सपो और सम्मेलन एआईएएमए एक्सपो 2022 का उद्घाटन हुआ। यह आयोजन अखिल भारतीय अगरबत्ती मैन्युफैक्चरिंग एसोसिएशन द्वारा आयोजित किया जाता हैए जो भारत में अगरबत्ती उद्योग का प्रतिनिधित्व करने वाला प्रमुख संगठन है। यह पहली बार है जब अगरबत्ती उद्योग इस पैमाने का आयोजन कर रहा है। 24 से 26 नवंबर तक चलने वाले इस तीन दिवसीय आयोजन की अवधारणा पारंपरिक रूप से आधुनिक विषय पर आधारित है।

# स्टाम्प शुल्क बढ़ोतरी के खिलाफ में अधिवक्ताओं ने 37 वें दिन भी भरी हुंकार

संवाददाता। खागा (फतेहपुर)



**तहसील** खागा में स्टांप शुल्क में की गई बेतहाशा बढ़ोतरी के खिलाफ में संघर्ष समिति मॉडल बार एसोसिएशन का आंदोलन आज 37 वे दिन जारी रहा और अनशन के आठवें दिन मोहम्मद यूसुफसिद्दीकी एडवोकेट की अध्यक्षता में 11 अधिवक्ता साथी अनशन में बैठे। जिसका संचालन एसडी शुक्ला (भोले) एड. ने किया।

खागा मॉडल बार एसोसिएशन संघर्ष समिति के संयोजक अशोक कुमार गुप्ता व सहसंयोजक मोतीलाल एड. ने बताया कि आज के अनशन में बैठने वाले बजरंग प्रताप सिंह, रंजीत कुमार गुप्ता, धर्मेंद्र दिवाकर, अखिलेश कुमार अग्रहरि, शैलेंद्र बहादुर, श्याम कुमार गुप्ता, राहुल तिवारी, मीडिया प्रभारी एसडी शुक्ला, महेश कुमार सिंह व मूलचंद दस्तावेज लेखक आज के अनशन में बैठे और इन्होंने बताया कि अनशन से पहले आंदोलनकारियों ने तहसील परिसर में जुलूस निकाला नारेबाजी की और यह मांग की कि जब तक जिला प्रशासन द्वारा संशोधित लिस्ट संघर्ष अमित को प्राप्त नहीं हो जाती तथा सब रजिस्टार खागा का ट्रांसफर नहीं कर दिया जाता तब तक आंदोलन जारी रहेगा। आंदोलनकारियों ने अनशन स्थल पर शाम 4 बजे तक सभा का भी आयोजन किया। जिसमें अनेक वक्ताओं ने अपनी बात रखी। इस अवसर पर सभा को कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता ओमप्रकाश गिहार सहित महेंद्र राज सिंह, पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र सिंह, हनुमान सिंह यादव, मलखान सिंह यादव, बृजेश कुमार शुक्ला, संदीप कुमार श्रीवास्तव, लक्ष्मीकांत अवस्थी, पूर्व महामंत्री धर्मेंद्र सिंह, रामसखा द्विवेदी एवं अनशन पर बैठे अधिवक्ता साथियों ने संबोधित किया। इस मौके पर संयोजक अशोक कुमार गुप्ता, सहसंयोजक मोतीलाल, राजेश कुमार द्विवेदी, महामंत्री भूपाल सिंह, हरिशंकर सिंह, मो. इसराइल फारुकी, शकील अहमद, कपिल यादव, अंकित दिवेदी, अविनाश यादव, अजय सिंह, अरविंद पांडेय, धर्मेंद्र सिंह, सुमन सिंह राठौर, संदीप सिंह, प्रकाश अवस्थी एड. व अधिवक्ता साथी मौजूद रहे।

## जमीन में कब्जे का विरोध करने पर महिला से की छेड़छाड़, की फायरिंग

**फतेहपुर।** जमीन विवाद में महिला से छेड़खानी, फायरिंग करने के मामले में छह लोगों के खिलाफकोर्ट के आदेश पर मुकदमा दर्ज किया है। हुसैनगंज थाना क्षेत्र के लकड़ी निवासी सूरजपाल की पत्नी केशकली ने बताया कि वह अनुसूचित जाति की है। पति सूरजपाल पासवान ने बिलंदा मार्ग पर जमीन खरीदी थी। बेइमानी से हड़पने और कब्जे की नीयत से गांव के विकास शुक्ला, विनोद यादव, विजय बहादुर यादव, विजय पाल यादव, नंद किशोर तिवारी, सूरज तिवारी एक साल पहले रात को चोरी छिपे मकान बनवाने लगे। उसने 112 नंबर डायल कर पुलिस को सूचना दी। पति और पुत्र अतुल, पड़ोसी अर्जुन, हरिश्चंद्र मौके पर पहुंचे। निर्माण मना करने पर जातिसूचक शब्द का प्रयोग किया। जान से मारने की धमकी देकर मारपीट की। इसी दौरान विकास शुक्ला हाथ में तमंचा लहराया। उसके कपड़े फाड़कर बेइज्जत किया। थाने से शिकायत कर घर लौटते समय रास्ते में नहर के पास पहुंची।

## क्विक न्यूज

### ईंट लदा ट्रेक्टर खाई में पलटा , मजदूर की मौत

**फर्रुखाबाद।** अमृतपुर थाना क्षेत्र के तहसील के निकट दूसरे पाइप लादे टैक्टर ने ओवर टेक किया उसी ईट लदा टैक्टर खाई में गिरकर पलट गया । टैक्टर में दब कर एक मजदूर की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार अमृतपुर थाना क्षेत्र के बाबूजी फैमिली ढाबा के सामने निकट तहसील अमृतपुर के पास ओवरटेक के दौरान ईटा लदा ट्रैक्टर पलटा भट्टा मजदूर शिवेंद्र पुत्र विश्राम सिंह उम्र करीब 21 बर्ष निवासी राजेपुर राठौरी थाना राजेपुर की मौत हो गई । मृतक की माता सत्यवती का रो रो कर बुरा हाल है। शिवेंद्र अपने भाइयों में सबसे छोटा था विश्राम सिंह के चार बेटों में शिवेंद्र चौथे नंबर का था । राजेपुर स्थित ओम ईट भट्टा से ट्रैक्टर ड्राइवर के साथ मजदूर भी बैठा था। इसी दौरान पाइप लदे दूसरे ट्रैक्टर ने ईटा लदे ट्रैक्टर को ओवरटेक किया ,इसी दौरान ईटा लदे ट्रैक्टर के ड्राइवर का सन्तुलन बिगड गया और रोड किनारे गहरे गड्ढे मे चला गया। ट्राली से दबकर भट्टा मजदूर की मौत हो गई । उक्त पाइप लदा ट्रैक्टर थाना पुलिस के कब्जे मे है?

### मानक की अनदेखी से बनते ही गिर गया सर्विस लाइन का डिवाइडर

**घाटमपुर।** नगर के मुख्य चौराहे पर कानपुर-सागर राष्ट्रीय राजमार्ग पर बन रहे ओवर फ्लाई के नीचे सर्विस लाइन के किनारे बने रहे डिवाइडर को लेकर जहॉ एक ओर यहॉ के ब्यापारी आन्दोलित है वहीं दूसरी ओर ठेकेदार द्वारा निर्माण में मानक की अनदेखी करने के चलते दीवार निर्माण के दौरान गिरने लगी है। बताया जाता है कि ओवर फ्लाई का निर्माण कार्य अन्तिम चरण में है, और ओवर फ्लाई के नीचे खाली जगह के किनारे आरसीसी से करीब डेढ़ फीट ऊचा डिवाइडर बनाया जा रहा है सर्विस लाइन डिवाइडर का कार्य हमीरपुर रोड की ओर पूरा हो गया है जबकि कि कानपुर रोड़ की ओर आज गुरुवार से शुरु हो गया। डिवाइडर में कट न देने को लेकर यहॉ के ब्यापारी भडक गये और चौराहे पर धरना देकर काम रुकवा दिया शांम को ब्यापारी एसडीएम अमित कुमार ओमर से मिले और दो की जगह चार कट देने की मॉग की लेकिन बात नही बनी, और ठेकेदार काम शुरु करा दिया लेकिन निर्माण दौरान ही बस स्टाप के सामने डिवाइडर की दीवार गिर गयी।

### आत्महत्या करने का किया प्रयास

**मौदहा (हमीरपुर)।** क्षेत्र के ग्राम करगांव में बुधवार की सुबह एक युवक ने अज्ञात कारणों फांसी लगा जान देने का प्रयास किया जिसे सरकारी अस्पताल मौदहा से गंभीर हालत में सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। गांव के हरिमोहन (24) ने बुधवार को अज्ञात कारणों अपने घर में फांसी लगा ली इसकी जानकारी होते ही उसके परिजनों ने उसे फांसी से उतार आनन फानन सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया जहां चिकित्सक में उसकी हालत नाजुक देख उसका प्राथमिक उपचार कर उसे मुख्यालय रेफर कर दिया।

### वृद्ध का शव मिलने से सनसनी फैली

**कुरारा (हमीरपुर)।** थाना क्षेत्र के बेरी गांव में सुबह तालाब में बृद्ध का शव मिलने से गांव में सनसनी फैल गई। पुलिस ने उसके जेब से मिले आधार कार्ड से पहचान करने पर ग्राम झलोखर गांव का बताया जाता है। झलोखर गांव निवासी राजाराम का शव आज सुबह गांवके तालाब में दिखाई देने से गांव में सनसनी फैल गई। ग्रामीणों ने पुलिस को सूचित किया । तब पुलिस ने उसको बाहर निकाल कर जेब में पड़े आधार कार्ड से पहचान हुई। तब उसके परिजनों को सूचना दी गई। परिजनों ने बताया कि वह 70 वर्ष का था। तथा मानसिक रूप से अर्धविक्षिप्त था। जो सभी जगह फिरता रहता था। तालाब में कैसे पहुंच गया तथा गिरकर उसकी मौत हो गई। वही चौकी इंचार्ज अरविंद मौर्य ने बताया कि शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### चोरों ने लाखों की नगदी पार की

**राठ (हमीरपुर)।** कस्बे के अतरौलिया मोहल्ले में दो दिन पहले चोरों ने एक सूने मकान में घुसकर अलमारी व बक्सों में रखे सोने चांदी के जेवरात व हजारों की नकदी पार दी थी। पड़ोसियों की सूचना पर दिल्ली से गृहस्वामी के घर आने उसने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। अतरौलिया मोहल्ला निवासी हरीराम पुत्र बदलू प्रसाद ने बताया कि वह अपने परिवार सहित दिल्ली में रहकर मजदूरी करता है। जिससे उसके मकान में ताला लगा था। बताया कि सोमवार की चोरों ने उसके मकान में लगे ताले को तोड़कर कमरे के अंदर रखी अलमारी सोने चांदी के जेवरात और पचास हजार रुपए की नकदी चोरी करके ले गए। बताया जेवरात करीब ढाई लाख रुपए की कीमत के थे। बताया कि चोरों ने आस-पड़ोस के मकानों में लगे दरवाजों की कुंडी को बाहर से लगा दिया था। सुबह जब उसके पड़ोसियों ने उसे चोरी की घटना की जानकारी दी तो वह दिल्ली से राठ आया। फरवरी माह में उसकी पुत्री का विवाह है। पुत्री के विवाह के लिए वह ढाई लाख रुपये के जेवरातों एवं 50 हजार रुपयों को अपने घर में रखे हुए था। कोतवाली के प्रभारी तारा सिंह पटेल ने बताया कि मकान में चोरी हुई थी। घर के परिजन दिल्ली में थे। तहरीर मिली है। मामले की जांच कराई जा रही है।

### चार वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**अमेठी।** जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में आज उ0नि0 संकठा प्रसाद मौर्या थाना जायस मय हमराह द्वारा तलाश वांछित व देखभाल क्षेत्र के दौरान मु0अ0सं0 332÷2022 धारा 147ए323ए324ए 452ए504ए506 भादवि में वांछित 04 अभियुक्त दूधनाथ पुत्र स्व शिव कुमार वर्मा एशैलेन्द्र पुत्र दूधनाथ एराकेश पुत्र वंशीलाल एसत्येन्द्र पुत्र दूधनाथ निवासीगण ग्राम आलमपुर मजरे मवई थाना जायस जनपद अमेठी को ग्राम मवई आलमपुर से समय करीब 12रू33 बजे दिन में गिरफ्तार किया गया । थाना जायस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

### पराली जलाने पर सख्त हुआ प्रशासन

**तिलोई,अमेठी।** प्रतिबंध के बाद लगातार पराली जलाने पर अचानक प्रशासन सख्त हो गया है सिंहपुर क्षेत्र के जैतपुर गांव में गुरुवार को पराली जलाने के चलते धान की खड़ी फसल के जलने की जांच करने पहुंचे क्षेत्रीय लेखपाल रविकांत यादव को एक किसान मौके पर पराली जलाते मिला इसके अलावा बीते चार दिनों में कई अन्य किसानों द्वारा पराली जलाने की घटनाएं जानकारी में आईं जिनमे से तीन किसानों से 2500 - 2500 रुपए का जुर्माना वसूला गया।राजस्व लेखपाल रविकांत यादव ने बताया कि पूर्व प्रधान अशोक सैनी समेत आधा दर्जन लोगों के ऊपर पराली जलाने के लिए जुर्माना किया गया है।जिनमे मौके पर पराली जलाते पकड़े गए किसान हनुमान यादव पुत्र राम हितकारी से मौके पर ही जुर्माना वसूला गया।इसके अलावा विजय बहादुर सिंह,राजकुमार,रमाकांत,महराजदीन चौरसिया आदि के विरुद्ध पराली जलाने के लिए 2500 रुपए का जुर्माना किया गया है।

### चेकिंग टीम ने रात्रि के अंधेरे में पकड़ा बिजली चोरों को

**जालौन (उरई)।** मीटर से छेड़छाड़ कर बेकरी में हो रही बिजली चोरी को बिजली विभाग की टीम ने रात के अंधेरे में पकड़ लिया। विभाग के अधिकारियों की रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ बिजली चोरी की रिपोर्ट दर्ज की गई है। नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में सरकार के तमाम प्रयासों के बाद भी बिजली चोरी हो रही है। कोई कटिया डाल कर बिजल चोरी कर रहा है तो कोई मीटर में छेड़छाड़ कर। बिजली चोरी की मिल रही शिकायतों के बाद बिजली विभाग की टीम छापामारी कर कार्रवाई कर रही है। नगर के मोहल्ला तोपखाना में व्यापारिक प्रतिष्ठान बेकरी में बिजली चोरी होने की सूचना पर अवर अभियंता मीटर शिवम साहू, अनुपम सचान सहायक अभियंता मीटर, एसडीओ कौशलेंद्र सिंह की टीम ने बुधवार की शाम करीब 7 बजे अंधेरे में छापामारी की। छापामारी के दौरान बेकरी में मीटर से छेड़छाड़ कर बिजली चोरी होती हुई मिली। चेकिंग के दौरान 5 किलोवाट बिजली चोरी का मामला प्रकाश में आने पर विभागीय अधिकारियों ने आरोपी के खिलाफबिजली चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। इस संदर्भ में एसडीओ कौशलेंद्र सिंह ने बताया की छापामारी के दौरान बेकरी में मीटर से छेड़छाड़ कर 5 किलोवाट की बिजली चोरी पकड़ी गई। बेकरी संचालक के खिलाफबिजली चोरी की रिपोर्ट दर्ज की गई है।

### किशोरी से छेड़खानी का आरोपी युवक पुलिस के हत्थे चढ़ा

जालौन (उरई)। किशोरी के साथ छेड़छाड़ कर बुरी नियत से युवक ने उसे पकड़ लिया था। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफरिपोर्ट दर्ज की थी। एक सप्ताह पूर्व हुई घटना के मामले में फरार चल रहे आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में किशोरी को युवक छेड़छाड़ कर परेशान करता था। गुरूवार 17 नवंबर को युवक ने किशोरी के घर में घुसकर बदनीयती से उसे पकड़ लिया और विरोध करने पर गाली-गलौज कर मारपीट कर दी थी। चिल्लाने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गया था। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी करन सिंह उर्फपप्पू निवासी खर्रा के खिलाफघर में घुस गाली-गलौज मारपीट व छेड़छाड़ की रिपोर्ट दर्ज की ली थी। घटना के बाद से आरोपी युवक फरार चल रहा था। गुरूवार की सुबह पुलिस को सूचना मिली कि उरई मार्ग पर अकोढ़ी दुबे मंदिर के पास आरोपी युवक कहीं बाहर भागने की फिराक में खड़ा है। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

### शिविर में वृद्धजनों का किया स्वास्थ्य परीक्षण

**फतेहपुर।** डॉ सत्यनारायण सेवा फाउंडेशन के संयोजकत्व में डॉ. अनुराग श्रीवास्तव ने निःशुल्क होम्योपैथिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। डॉ अनुराग ने सभी वृद्धजनों का रक्तचाप परीक्षण किया व सभी को होम्योपैथिक पाचन संबंधित व स्वास्थ्यवर्धक सीरप वितरित की। वृद्धजनों को उनकी परेशानियों से संबंधित औषधियां भी दी।

# तमिलनाडु से आए दक्षिण भारतीय मेहमानों ने बाबा विश्वनाथ का किया दर्शन, हुआ भव्य स्वागत

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी



**देश की** सांस्कृतिक राजधानी काशी में दक्षिण से उत्तर भारत का संगमम् हो रहा है। इस संगमम् में तमिलनाडु से तीसरा जत्था कल देर रात काशी पहुंचा। पंडित दीनदयाल उपाध्याय रेलवे स्टेशन पर इन मेहमानों का भव्य रुप से स्वागत हुआ। इस दल में कुल 216 लोग हैं जो साहित्य से जुड़े हुए हैं। तमिलनाडु से आए मेहमान आज सुबह काशी विश्वनाथ धाम पहुंचे। मां गंगा के दर्शन के बाद गंगाद्वार के रास्ते दर्शनार्थी मंदिर चौक पहुंचे जहां उनका भव्य रूप से स्वागत किया गया। दर्शनार्थियों ने बाबा विश्वनाथ धाम के भव्यता को निहारा एवं बाबा विश्वनाथ का दर्शन करने के उपरांत हर हर महादेव के नारों से मंदिर परिसर गूंज गया। सभी दर्शनार्थियों को भवन के बारे में जानकारी दी गई । दर्शनार्थी विशालाक्षी मंदिर भी गए और वहां माता का आशीर्वाद लिया। उसके उपरांत भोगशाला दक्षिण भारतीय व्यंजनों का प्रसाद ग्रहण किया। काशी आए तीसरे दल को बाबा काल भैरव के दर्शन एवं संकट मोचन मंदिर के दर्शन कराए जाएंगे उसके उपरांत शाम को होने वाले गंगा आरती के लिए इन सभी मेहमानों को रविदास घाट स्थित क्रूज़ के द्वारा बनारस के घाटों का दर्शन कराते हुए गंगा आरती दिखाई जाएगी।

## सुबह ए बनारस के 9वें स्थापना दिवस समारोह में शामिल हुई पद्मश्री मालिनी अवस्थी

**वाराणसी।** अस्सी घाट पर सुबह ए बनारस मंच का आज 9वां स्थापना दिवस समारोह का आयोजन किया गया आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में पद्मश्री मालिनी अवस्थी पहुंची। सुबह एक बनारस द्वारा होने वाले दैनिक सुबह आरती में पद्मश्री मालिनी अवस्थी सम्मिलित हुए उसके उपरांत उन्होंने महायज्ञ में शामिल होकर यज्ञ किया एवं सुबह ए बनारस के सांस्कृतिक मंच पर उन्होंने अपनी प्रस्तुति दी । उन्होंने कहा कि उन्होंने कहा कि या मेरा सौभाग्य है। महादेव की नगरी ऊपर से गंगा जी का किनारा अस्सी घाट पर यह पूजन मंच जहां पर जहां अनवरत संगीत की सेवा हो रही है। जहां पर गंगा जी के आरती के बाद विश्व कल्याण के लिए यज्ञ के बाद स्वर्ग की प्रणामी दी जाती है। आज मेरा बहुत बड़ा सौभाग्य है। मुझे यहां नवमी वर्षगांठ पर बुलाया गया है। उन्होंने कहा कि अपने घर में बुलाया नहीं जाता आज मेरा अवसर आया उन्होंने कहा कि इतने अच्छे और इतने विद्वान आज यहां पर मेरे सामने बैठ कर सुन रहे थे।

# काशी में मानसिक समस्याओं को दूर करने को चार दिवसीय सम्मेलन

● विकास के साथ मानसिक समस्याएं बड़ी है समाज में उसे करना होगा दूरः डॉ दयाशंकर मिश्र 'दयालु'

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी



**काशी हिंदू** विश्वविद्यालय के स्वतंत्रता भवन में गुरुवार को इंडियन एसोसिएशन ऑफ प्राइवेट साइकियाट्री का 23वां चार दिवसीय से वार्षिक राष्ट्रीय सम्मेलन का हुआ शुभारंभ। मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के आयुष मंत्री डॉ दयाशंकर मिश्र 'दयालु गुरु' ने दीप प्रज्वलन,तुलसी के पौधे का पूजन एवं महामना के चित्र पर माल्यार्पण करके किया। इस अवसर पर डॉ दयाशंकर मिश्र ने कहा कि आज समाज में मानसिक समस्याएं पहले से ज्यादा बड़ी है विकास के साथ-साथ हम मानसिक रोगी भी बनते जा रहे हैं इसको लेकर आज जो 4 दिन से मंथन बीएचयू के स्वतंत्र भवन में शुरू हुआ है इसमें जरूर मानव को मानसिक रोगों से निदान दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी उन्होंने कहा कि काशी से ही मानसिक समस्याओं का भी निदान होगा काशी सनातन काल से ही मानव को शारीरिक मानसिक स्वास्थ्य बढ़ाने को लेकर अपना योगदान देती आ रही है काशी में होने वाला या चार देसी सम्मेलन जरूर मानव को मानसिक रोगों से दूर करेगा। आए हुए अतिथियों का स्वागत डॉक्टर डॉक्टर वेणु गोपाल झांवर ने किया ने किया संचालन अविनाश डिसूजा ने किया। इस अवसर पर डॉ अनु कांत मित्तल, डॉ. इंदिरा शर्मा, डॉ. तनु सिंह, डॉ. एमएम त्रिपाठी सहित काफी संख्या में मनोचिकित्सक उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन डॉ अभिकांत डिसूजा डिसूजा ने किया । कार्यक्रम में डॉ. इन्दिरा शर्मा, डॉ. एमएन त्रिपाठी, डॉ. तनु सिंह आदि सैकड़ों चिकित्सक उपस्थित रहे।

# सीओ अनिरुद्ध सिंह का प्यार पाकर बघवा लगा चहकने

संवाददाता। चंदौली



**पहल** छोटी लेकिन नजीर बहुत बड़ी है। आमतौर पर ऐसे किस्से कम ही देखने और सुनने को मिलते हैं जैसा मुगलसराय सीओ अनिरुद्ध सिंह ने किया। कानून व्यवस्था का जायजा लेने शहर में निकले सीओ अनिरुद्ध सिंह की नजर बेहद ही गरीब 12 साल के बघवा पर पड़ीए जो रात को कड़ाके की ठंड में ठिठुर रहा था। न तन पर कपड़े थे ना ही पैर में चप्पल। सीओ उसके पास पहुंचे और बच्चे से नाम पूछा तो उसने बघवा बताया। बताया कि वह डेहरी आनसोन का रहने वाला है। ट्रेन पकड़कर मुगलसराय आ गया। घर में खाने तक के लाले हैं। सीओ उसे तत्काल पास के शो रूम में ले गए और जूते दिलवाए। इसके बाद कपड़े की दुकान से बघवा को गर्म कपड़े दिलवाएए जिन्हें पहनकर गरीब बघवा मारे खुशी के चहकने लगा। सीओ ने कहा कि ऐसे कामों से मन को बड़ी शांति मिलती है।

गरीब बघवा सीओ अनिरुद्ध सिंह पुलिसिंग के अलावा समाजसेवा से जुड़े कार्यों के लिए जाने जाते हैं। सोशल मीडिया पर उनकी अच्छी खासी फैन फोलोविंग है। अब तक कई गरीब बेटियों की शादी करा चुके हैं। यही नहीं भाई बनकर उनका कन्यादान भी करते हैं। उनकी ऐसी ही दरियादिली का नजारा बुधवार की रात देखने को मिला जब ठंड में ठिठुर रहे डेहरी आनसोन के बेहद गरीब बच्चे बघवा की मदद की आर उसे जूते तथा गर्म कपड़े दिलवाए।

## दरवाजा तोड़कर लाखों की आभूषण सहित हजारों की चोरी

**सकलडीहा, चन्दौली।** बढ़वलडीह गांव में दो दिन पूर्व लालबहादूर गुप्ता के घर में घुसकर चोरों ने करीब तीस हजार नगदी सहित लाखों के जेवर चुराकर चंपत होगये। परिजनों ने घटना को लेकर कोतवाली पुलिस को सूचित किया। कोतवाली पुलिस तहरीर लेकर मामले की जांच में जुट गयी है। पुलिस ने जांच के बाद मुकदमा दर्ज करने की बात कही है। लालबहादूर गुप्ता का परिवार सहति उड़ीसा में रहता है। वहां वाहन चालकर परिवार का पालन पोषण करता है। लाल बहादूर गुप्ता को दो पुत्र और एक पुत्री है।

बेटी की शादी को लेकर तैयारी में जुटा हुआ था। बीते सोमवार को घर पहुंचा तो दरवाजा टूटा देख हैरान होगया। घर के आलमारी और बख्सा में रखा तीस हजार रूपया नगदी सहित करीब दो लाख से अधिक के आभूषण चोरों ने चोरी कर चंपत होगये। घटना को लेकर पीड़ित परिवार ने 112 पर फोन कर पुलिस को सूचित किया।

# खाद और बीज की समस्याओं को लेकर कांग्रेस ने जताया विरोध

● सत्ताधारी लोगों पर किसानों का विरोधी होने का लगाया आरोप

संवाददाता। बस्ती



**खाद** बीज की किल्लत से किसान परेशान हैं। समितियों पर लम्बी लाइनें लग रही हैं। प्रदेश नेतृत्व के आवाह्न पर कांग्रेसजनों ने राज्यपाल को सम्बोधित ज्ञापन डीएम के माध्यम से भेजकर समस्या के तत्काल समाधान की मांग किया है। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि बड़बोलेपन की इन्तेहां हो गई है। मंच पर बड़ी बड़ी बातें करने वाले सत्ताधारी नेताओं को किसानों की फिक्र नही है। जनपद में खाद बीज की भारी किल्लत से फसल चौपट हो रही है। पूरे दिन लाइन में खड़े रहने के बावजूद किसानों को खाद बीज नही मिल रहा है। स्थानीय प्रशासन समस्या को लेकर बिलकुल ही गंभीर नही है। शीघ्र ही किसानों की बुनियादी जरूरतें पूरी नही हुई तो कांग्रेस व्यापक स्तर पर संघर्ष छेंड़ेगी। पूर्व विधायक अंबिका सिंह ने कहा कई मोर्चों पर भाजपा किसान विरोधी साबित हो चुकी है। पीसीसी सदस्य प्रेमशंकर द्विवेदी ने कहा अहंकार में डूबी भाजपा सरकार को जनहित की चिंता नही है। संविधान की ऐसी तैसी कर, स्वायत्त संस्थाओं को गुलाम बनाकर येन केन प्रकोरण सत्ता हासिल करना चाहती है, लेकिन ये खेल अब समाप्त होने वाला है, इसकी शुरूआत गुजरात ओर हिमाचल से होने वाली है। प्रदेश सचिव देवेन्द्र श्रीवास्तव ने कहा जनविरोधी सरकारों की उम्र बहुत लम्बी नही होती। जिस तरह से किसानों, नौजवानों के हितों की अनदेखी की जा रही है उससे लगता है अहंकारी सरकारें आखिरी सांसें ले रही हैं। पीसीसी सदस्य प्रेमशंकर द्विवेदी के नेतृत्व में कांग्रेसजन शास्त्री चौक पर इकट्ठा हुये और नारेबाजी करते हुये कलेक्ट्रेट पहुंचे, यहां राज्यपाल को सम्बोधित ज्ञापन अतिरिक्त मजिस्ट्रेट अतुल आनंद को सौंपा। ज्ञापन देते समय नर्वदेश्वर शुक्ल, गिरजेश पाल, रामभवन शुक्ल, सूर्यमणि पाण्डेय, देवानंद पाण्डेय, साधूसरन आर्य, भूमिधर गुप्ता, ज्ञानप्रकाश पाण्डेय, अतीउल्लाह सिद्धीकी, अवधेश सिंह, अरूण पाण्डेय, नोमान अहमद, अमरबहादुर सिंह, अलीम अख्तर, शौकत अली, गुड्डू सोनकर, साधूसरन पाण्डेय, शत्रुघ्न पाल, अखिलेश मिश्रा, शुभम गौंड आदि मौजूद थे।

## अब संविदा कर्मियों का भी होगा सामूहिक बीमा

**मिर्जापुर।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत विभाग में कार्यरत मानव संपदा पोर्टल पर पंजीकृत कर्मियों को सामूहिक बीमा का लाभ दिया जाएगा। इसके लिए प्रदेश स्तर से भी मुख्य चिकित्साधिकारी को पत्र जारी कर निर्देशित किया गया है। इस आशय की जानकारी अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉक्टर वी0के0 भारती ने दी। अपर मुख्य चिकित्साधिकारी ने बताया कि मानव संपदा पोर्टल पर पंजीकृत कर्मियों का सामूहिक बीमा करने का फैसला प्रदेश स्तर पर किया गया है। इसके तहत जिले 748 संविदा कर्मी मौजूद है। जिले में वर्तमान में 16 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र व 53 स्वास्थ्य केंद्र पर तैनात सभी संविदा कर्मियों की जानकारी 30 नवम्बर तक पोर्टल पर पंजीकृत करनी है। इसमें सीएचओ, स्टाफ नर्स व एएनएम पद के लोग शामिल होंगे। इस बारे में जिले के सभी अपर मुख्य चिकित्साधिकारियों समेत केन्द्रों प्रभारी चिकित्साधिकारियों को निर्देशित किया गया है।

# फिल्म अभिनेता अजय देवगन ने बाबा के दरबार में टेका मत्था

● फिल्म अभिनेता अजय देवगन गुरुवार की दोपहर खुद के प्रोडक्शन में आने वाली फिल्म भोला के प्रचार प्रसार सहित निजी दौरे के लिए वाराणसी पहुंचे

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी



**फिल्म** अभिनेता अजय देवगन गुरुवार की दोपहर खुद के प्रोडक्शन में आने वाली फिल्म भोला के प्रचार प्रसार सहित निजी दौरे के लिए वाराणसी पहुंचे। लाल बहादुर शास्त्री अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट बाबतपुर वाराणसी निजी विमान से पहुंचने के बाद वह शहर के लिए दोपहर में रवाना हो गए। इस दौरान उनके साथ फिल्म प्रमोशन की टीम भी उनके साथ मौजूद रही।अभिनेता अजय देवगन शहर में पहुंचे तो उनको देखने के लिए लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा। नीली कैप, नीचे ब्लेजर के साथ काली पैंट में वह सुरक्षाकर्मियों से इस दौरान घिरे नजर आए। सायं काल भारी सुरक्षा के बीच अजय देवगन श्री काशी विश्वनाथ के दरबार में पहुँचकर मत्था टेका तथा अपनी फिल्म की शूटिंग काशी के लिए बाबा से आर्शीवाद लिया। शिवाला स्थित चेतसिंह किले में शूटिंग के लिए पहुंचने की जानकारी के बाद उनके समर्थक भी आसपास नजर आए। दोपहर में वह चेतसिंह घाट से नाव पर बैठकर रामनगर के लिए गंगा के रास्ते रवाना हो गए। रामनगर के खिड़किया घाट से किला में आगामी फिल्म की शूटिंग के बाबत वह लोकेशन हंट के लिए पहुंचे तो यूनिट कर पूरी टीम उनके साथ मौजूद रही।बालीवुड की इन दिनों चर्चित दृश्यम-2 फिल्म की सफलता के साथ ही अब यह सौ करोड़ रुपये कमाई करने वाले क्लब में भी शामिल हो रही है। इस फिल्म की सफलता के साथ ही अब खुद के प्रोडक्शन हाउस की फिल्म भोला फिल्म का प्रोडक्शन संभालने वाले अभिनेता अजय देवगन अब गुरुवार को भोले बाबा के चौखट पर अपनी मनोकामना लेकर पहुंचे तो जानकारी होने के बाद उनके समर्थकों का हुजूम उमड़ पड़ा। एक दिन पूर्व ही 3डी कही जा रही फिल्म भोला का टीजर जारी किया गया है। इस फिल्म का टीजर जारी होने के बाद से ही दर्शक भोला के लुक को लेकर जिज्ञासा प्रकट कर रहे हैं।लाल बहादुर शास्त्री अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट बाबतपुर वाराणसी के प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार अभिनेता का चार्टर्ड विमान सुबह 10.20 बजे एयरपोर्ट पर उतरा और उसके बाद वह निजी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए शहर की ओर रवाना हो गए। माना जा रहा है कि आयोजन में शामिल होने के बाद वह चार्टर्ड विमान से ही वापस लौट जाएंगे। उनके साथ टीम के अन्य सदस्य भी मौजूद रहे। माना जा रहा है कि बाबा दरबार में वह भोला फिल्म की सफलता की कामना के साथ वाराणसी बाबा दरबार में भी जाएंगे।

## बीडीओ मेंहदावल ने गो-आश्रय स्थल का किया निरीक्षण, सचिव पर जतायी नाराजगी

**मेंहदावल।** खण्ड विकास अधिकारी मेंहदावल अमरेश सिंह चौहान ने विकास खण्ड अन्तर्गत ग्राम पंचायत साड़ेकला स्थित अस्थायी गो-आश्रय स्थल का निरीक्षण किया तथा सांडे खुर्द पंचायत भवन का निरीक्षण किया। पंचायत भवन बंद मिलने पर सचिव को फटकार लगाई। गुरुवार को मेंहदावल विकास खंड के खंड विकास अधिकारी अमरेश सिंह ने गोआश्रय केंद्र निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय कुल 21 गोवंश पाये गये। मौके पर चारा, भूसा का पर्याप्त स्टाक तथा कम्पोस्टपिट सही पाया गया। पशुओं को ठंड से बचाने के लिए पुआल एवं अन्य उपाये करने के निर्देश ग्राम पंचायत सचिव को दिये। निरीक्षण के क्रम में ग्राम पंचायत साड़ेखुर्द का पंचायत भवन बंद पाया। बी0डी0ओ0 ने ग्राम पंचायत सचिव को फटकार लगाते हुए निर्देशित किया कि ग्राम पंचायत सहायक की उपस्थित सुनिश्चित की जाए।

# हत्या के दोषियों को 10-10 वर्ष की हुई कैद

संवाददाता। सोनभद्र


**साढ़े** 14 वर्ष पूर्व हुए हीरालाल चौहान हत्याकांड के मामले में वृहस्पतिवार को सुनवाई करते हुए अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम खलीकुज्मा की अदालत ने दोषसिद्ध पाकर दोषियों बबुन्दर, सुरेश, दिनानाथ, आदित्य व लल्लू भारती को 10-10 वर्ष की कैद एवं 14-14 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर 6-6 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। अभियोजन पक्ष के मुताबिक राबर्ट्सगंज कोतवाली क्षेत्र के गोइठहरी गांव निवासी सुभाष चौहान पुत्र हीरालाल ने राबर्ट्सगंज कोतवाली में दी तहरीर में आरोप लगाया था कि 29 मार्च 2008 को बीती रात मेरे पिता हीरालाल व माता लीलावती मकान के बाहर दरवाजे पर अलग-अलग चारपाई पर सो रहे थे। मैं भी अपनी पत्नी सरिता के साथ कमरे में सो रहा था। करीब एक बजे रात को मां के बचाओ, बचाओ की आवाज सुनकर दरवाजा खोलकर मैं और मेरी पत्नी वहां पहुंचे तो देखा कि बबुन्दर, सुरेश, दिनानाथ, आदित्य व लल्लू भारती पिता जी को मारने के लिए मौजूद थे। उसी समय बबुन्दर ने कुल्हाड़ी से पिता जी के सिर पर 2-3 बार वार कर दिया। शेष सभी लोग ललकार रहे थे और यह कह रहे थे कि हीरालाल आज बचने न पाए। उसके बाद धमकी देते हुए सभी चले गए। कुछ लोगों की मदद से पिताजी को जिला अस्पताल ले आया जहां इलाज के दौरान पिताजी की मौत हो गई। बंटवारे को लेकर करीब डेढ़ साल से झगड़ा हुआ था इसी रंजिश को लेकर पिताजी की इन लोगों ने हत्या कर दी है।

इस तहरीर पर पुलिस ने हत्या समेत अन्य धाराओं में एफआईआर दर्ज किया और पुलिस विवेचना के दौरान पर्याप्त सबूत मिलने पर विवेचक ने न्यायालय में राबर्ट्सगंज कोतवाली क्षेत्र के गोइठहरी गांव निवासी बबुन्दर पुत्र स्वर्गीय रामचंद्र, सुरेश पुत्र अक्षयबर, दिनानाथ उर्फ लल्ले पुत्र प्रधान चौहान, आदित्य पुत्र रामनरेश व लल्लू भारती पुत्र बुधिराम के विरुद्ध हत्या समेत विभिन्न धाराओं में चार्जशीट दाखिल किया। मामले की सुनवाई करते हुए अदालत ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के तर्कों को सुनने, गवाहों के बयान एवं पत्रावली का अवलोकन करने पर दोषसिद्ध पाकर दोषियों बबुन्दर, सुरेश, दिनानाथ, आदित्य व लल्लू भारती को 10-10 वर्ष की कैद एवं 14-14 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर 6-6 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। अभियोजन पक्ष की ओर से पैरवी अपर जिला शासकीय अधिवक्ता कुंवर वीर प्रताप सिंह ने की।

## उत्कर्ष इंजीनियर्स क्लासेस का भव्य उद्घाटन

**वाराणसी।** उत्कर्ष क्लासेज द्वारा राजधानी में गुर्जर की थड़ी चौराहा स्थित, गोपालपुरा बायपास रोड पर इंजीनियरिंग के क्षेत्र में सरकारी नौकरी हेतु प्रयासरत् विद्यार्थियों के लिए समर्पित नवीन शाखा का भव्य उद्घाटन मंगलवार प्रातरू 10 बजे किया गया। उत्कर्ष क्लासेस के संस्थापक एवं निदेशक डॉ. निर्मल गहलोत, सह-संस्थापक तरुण गहलोत सहित आमंत्रित इंजीनियर्स, विद्यार्थियों एवं समस्त गुरुजनों की उपस्थिति में उत्कर्ष इंजीनियर्स क्लासेस का शुभारंभ किया गया।

## डॉ. अय्यूब ने क्षेत्र में किया भ्रमण, समर्थकों से किये भेंट



**संतकबीरनगर।** जन की बात जन-जन के साथ कार्यक्रम के तहत बुधवार को राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ0 अय्यूब एवं प्रदेश सचिव अजूब हुसैन को जनता ने चेतना चौराहा पर फूल माला से स्वागत किया। फिर शाम 4 बजे से परसा मीर में जनता से रूबरू हुए तथा 29 नवंबर मंगलवार को जूनियर हाई स्कूल रैली में शामिल होने के लिए तैयार रहने को कहा। लोगों में पहले से उत्साह दिख रहा था। समाज के मज़लूम तबके के लिए पीस पार्टी द्वारा चलाये जा रहे जन कल्याण कार्यक्रमों को फिर से बताया गया। जनता ने इसकी सराहना की एवं यहाँ भी लोगों ने फिर से अपने नेता का स्वागत किया। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष वकीउद्दीन, मौलाना बारी व हुसैन क़ासमी आदि उपस्थित रहे।

# मासूम बच्चे का दूरबीन विधि से हुआ पित्त की थैली का सफल आपरेशन, मिला नया जीवन



संवाददाता। बस्ती

**नवयुग** मेडिकल सेंटर पर पांच वर्ष के बच्चे उत्कर्ष कुमार पुत्र गौतम भारती ग्राम बेनीपुर पोस्ट धोवहा थाना गौरा चौराहा जिला सिद्धार्थनगर का पित्त की थैली का दूरबीन विधि से सफल ऑपरेशन हुआ। यह बच्चा पिछले एक साल से पेट के दर्द से परेशान था। सभी स्थानीय चिकित्सकों ने हायर मेडिकल सेंटर जाने की सलाह दी थी, परंतु नवयुग मेडिकल सेंटर के सर्जन डॉ अभिजात कुमार और उनकी टीम ने दूरबीन विधि से पित्त की थैली का सफल ऑपरेशन करके बच्चे को एक नया जीवनदान दिया। ऑपरेशन के दौरान सहयोगी टीम अनीता यादव, मैटर्न सुषमा वर्मा, श्रद्धा त्रिपाठी, अंजलि त्रिपाठी, रिंकी आर्या, प्रियंका यादव, राजदेव, चंद्रभान, राजकुमार, राम प्रकाश गुप्ता सहित सहयोगी के रूप में उपस्थित रहे। डॉ अभिजात कुमार के द्वारा इतने छोटे बच्चे के दूरबीन विधि द्वारा सफल ऑपरेशन करने पर आईएमए के प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर अनिल कुमार श्रीवास्तव, जिलाध्यक्ष डॉक्टर नवीन कुमार उपाध्यक्ष डॉक्टर एमएम सिंह, सचिव डॉक्टर रंग जी द्विवेदी, एनएमसी की डायरेक्टर डॉ. शशि श्रीवास्तव, डॉ प्रवीण, डॉ प्रदीप कुमार श्रीवास्तव, डॉक्टर रजत कुमार साहू, डॉक्टर वर्तिका, सर्वजीत सिंह, राजेश त्रिपाठी, अंकुर वर्मा ने बधाई दी। यह जानकारी नवयुग मेडिकल सेंटर के पीआरओ आशुतोष कुमार श्रीवास्तव ने दी।

## क्विक न्यूज

### मुख्य विकास अधिकारी ने निर्माणाधीन गौशाला का किया निरीक्षण

**श्रावस्ती, गिलौला।** मुख्य विकास अधिकारी अनुभव सिंह ने विकास खण्ड गिलौला अन्तर्गत हुसैनपुर खुरहरी में निर्माणाधीन निराश्रित गौ-आश्रय स्थल का औचक निरीक्षण कर जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने निर्माणाधीन शेड, पेयजल हेतु टैक इत्यादि कार्यो को शीघ्र पूर्ण कराकर गौवंशों को संरक्षित करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान ज्ञात हुआ कि गौ-आश्रय में 55 पशु संरक्षित है जिसमें 10 पशुओं की ही टैगिंग की गई है उन्होने मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि सभी संरक्षित पशुओं की टैगिंग कराना सुनिश्चित करें। गौ-आश्रय में 100 पशुओं हेतु चरनी निर्मित है भूसा शेड व केयरटेकर आवास निर्माणाधीन है, पानी पीने हेतु समरसेबुल पम्प लगाया गया है। उन्होने क्षमता के अनुसार पशु संरक्षित कराने तथा हरे चारे के रूप में नैपियर घास लगवाने तथा भूसा का स्टोर कराने के निर्देश दिए। इस अवसर पर गौशाला प्रबन्धक सहित अन्य कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

### यूपीएल ने मनाया अपना 27 वां स्थापना दिवस

**बीजपुर/सोनभद्र।** यूटिलिटी पावरटेक लिमिटेड रिंहदनगर द्वारा अपना 27 वां स्थापना दिवस समारोह एनटीपीसी रिहंद स्टेशन के आवासीय परिसर में बड़े ही हर्षोल्लासपूर्ण वातावरण में मनाया । समारोह में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित यू पी एल रिहंद इकाई के प्रमुख सी एस के दुबे ने केक काट कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने यू पी एल के उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को चेयरमैन दिलीप पटेल, निदेशक एच आर एनटीपीसी और मुख्य कार्यकारी अधिकारी,यूपीएल शीतल कुमार का शुभकामना संदेश पढ़ कर सुनाया। मुख्य अतिथि श्री दुबे ने अपने सम्बोधन में अपने सभी कर्मचारियों को यूपीएल को इस ऊंचाई तक लाने के लिए सभी को बधाई दी और भविष्य में समयबद्ध तरीके से काम करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन अपर प्रबंधक सुशील आर्या ने किया।इसके पूर्व कार्यक्रम के शुरुआती दौर में एस कुंडू एवं मनोज कुमार ने गुलदस्ता भेंट कर मुख्य अतिथि का स्वागत किया। इस अवसर पर रजनीश कुमार, मुरलीधर शर्मा, सौरभ कुमार सिंह, मनोज सिंह, रविन्द्र लाल, श्रवण कश्यप आदि के साथ सभी कर्मचारी उपस्थित रहे ।

### कोटेदार पर कार्डधारकों ने लगाया आरोप

**मेंहदावल।** कोटेदारों द्वारा खाद्यान्न न देने, कम राशन देने का प्रायः आरोप लगते ही रहे हैं। मारपीट करने एवं दुर्व्यवहार करने की भी बातें अक्सर प्रकाश में आती रहती हैं। ऐसा ही एक मामला जिले के बखिरा नगर पंचायत के लेडुआ महुआ के झुंगिया में प्रकाश में आया है। कार्डधारक का आरोप है कि कोटेदार ने राशन नहीं दिया। इसके उलट चोरी का आरोप लगा करके मारा-पीटा। इस कोटेदार के दुर्व्यवहार के विरुद्ध नागरिकों में जबरदस्त आक्रोश है। नागरिकों ने कोटेदार के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। कोटेदार ने कार्डधारकों का आरोप निराधान बताया है।

### जिला विकास अधिकारी ग्रामसभा नरायनपुर पंचायत भवन को जांचा

**मेंहदावल।** बृहस्पतिवार को जिला विकास अधिकारी सुदामा ने नरायनपुर गांव का औचक निरीक्षण किया। गांव में हो रहे विकास कार्यो का निरीक्षण किया गया और उसकी प्रगति की समीक्षा किया गया। जिला विकास अधिकारी बताते चले कि जिला विकास अधिकारी द्वारा बृहस्पतिवार को नरायनपुर गांव में पंहुचकर गांव में निर्माणाधीन पंचायत भवन का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उनके द्वारा निर्माण कार्य को लेकर अनेको दिशा निर्देश ग्राम सचिव शैलेंद्र यादव को दिया गया। इसके साथ ही सामुदायिक शौचालय की बदहाल स्थिति को देखकर जिम्मेदारों को फटकार लगाई गयी और शौचालय के केयर टेकर के वेतन को भी बाधित करने का निर्देश दिया गया। साथ ही विकास कार्यो को लेकर लगाई गई पट्टिका पर सम्पूर्ण विवरण को लिखवाने का निर्देश भी दिया गया।

### माध्यमिक शिक्षकों का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं: संजय द्विवेदी

**संतकबीरनगर।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ की बैठक मौलाना आजाद इंटर कॉलेज खलीलाबाद में सम्पन्न हुई। बैठक अध्यक्षता जिला संयोजक महेश राम व संचालन जिला मंत्री गिरिजानंद यादव ने किया। मंडलीय मंत्री संजय द्विवेदी ने कहा की शिक्षकों का उत्पीड़न किसी भी दशा में बर्दास्त नही किया जाएगा। दो माह से प्रबंधक प्रधानाचार्य के द्वन्द में प्रहलाद राय बालिका इंटर कालेज के शिक्षिकाओं को वेतन नही मिला है। जिला विद्यालय निरीक्षक को इस समस्या का स्थाई समाधान निकलना होगा। श्री द्विवेदी ने कहा कि निरीक्षण के नाम पर शिक्षकों को परेशान किया जा रहा है। औद्योगिक पाल इंटर कॉलेज हरिहरपुर के शिक्षकों को प्रार्थना सभा में उपस्थित रहने के वावजूद अनुपस्थित कर परेशान किया जा रहा है। डीएवी इण्टर कालेज मेंहदावल के प्रवक्ता रामानन्द पाण्डेय, सभाचन्द, रविशंकर पाण्डेय, अखिलेश मौर्य, बेलहर इंटर कॉलेज के शिक्षक जितेंद्र कुमार, मूलचंद्र, मोहम्मद आलम व भारती, जगत गुरु शंकराचार्य इंटर कॉलेज के शिक्षक अमित पांडेय के चयन वेतनमान की पत्रवाली स्वीकृत नही की जा रही है। श्री द्विवेदी ने आरोप लगाया कि राष्ट्रीय इंटर कॉलेज पारस नगर बेलहर के मृतक शिक्षक जंग बहादुर पाल के आश्रित पुत्र को नियुक्ति के नाम पर परेशान किया जा रहा है। जगतगुरु शंकराचार्य इंटर कॉलेज के शिक्षक विक्रमाजीत के पदोन्नति की पत्रावली लंबित रखी गयी है। शिक्षकों के बकाया वेतन अवशेष, 4 प्रतिशत डीए अवशेष व बोनस का भुगतान नही किया जा रहा है। बैठक में गोपाल जी सिंह, मोहिबुल्लाह खान, विजय यादव, जय प्रकाश गौतम, अमित पांडेय, कमर आलम, अरशद जलाल, अफ़ज़ल अहमद उपस्थित रहे।

### पुलिस मानीटरिंग सेल की तत्परता से अभियुक्तों को तीन वर्षो का कठोर कारावास

**संतकबीरनगर।** जनपद में मिशन शक्ति अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक सोनम कुमार द्वारा महिलाओं / बालिकाओं संबंधी अपराधों पर कठोरता से नियंत्रण लगाने एवं अभियुक्तों को अधिकाधिक दंडित कराने हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर अभियोगों को चिन्हित कराते हुए मानीटरिंग सेल को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये हैं। उक्त निर्देश के क्रम में मानीटरिंग सेल की प्रभावी कार्यवाही एवं सम्यक पैरवी के फलस्वरूप बृहस्पतिवार को अपर सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश (पाक्सो), द्वारा थाना धनघटा पर पंजीकृत मु0अ0सं0 461/2015 धारा 452/354/323 506(2) भादवि व 7/8 पाक्सो एक्ट के मामलें में अभियुक्त राजमंगल पुत्र पीताम्बर निवासी घोरांव थाना धनघटा को दोषसिद्ध पाते हुए अभियुक्तगणों को 03 वर्ष के सश्रम कारावास व 3000 रुपये तथा अभियुक्त विनोद पुत्र पीताम्बर निवासी घोरांव थाना धनघटा को धारा 452/ 323 506 (2) भादवि दोष सिद्ध पाते हुए 01 वर्ष के सश्रम कारावास व 1500 रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया तथा अर्थदण्ड न अदा करने पर अभियुक्तगणो को 01 माह के अतिरिक्त कारावास की सजा सुनाई गई।

### वाराणसी के सभी मनोचिकित्सकों की ओर से समर्थित

**वाराणसी।** इस सम्मेलन के लिए 1000.मानसिक स्वास्थ्य पेशेवरों ने पंजीकरण कराया है और 25.स्वास्थ्य सेवा कंपनियां प्रदर्शनी में भाग ले रही हैं। 100 से अधिक फैकल्टी और वक्ता 4 हॉल और ऑडिटोरियम में मानसिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में नवीनतम विषयों पर अपनी प्रस्तुति देंगे। शीर्ष मानसिक स्वास्थ्य पेशेवरों के साथ अगले 3 दिनों के विचार मंथन के बाद और प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय संकाय द्वारा संचालित इस सम्मेलन के दौरान विशेषज्ञ सहमति दिशा निर्देशों की एक श्रृंखला विकसित की जाएगी। हुआ।

# गुजरात चुनाव
## भाजपा की रणनीति

**गुजरात** विधानसभा चुनाव में भाजपा एक रणनीति के अंतर्गत 'आप' व उसके नेता केजरीवाल को इस तरह अनदेखा कर रही है, जैसे उनका कोई अस्तित्व ही न हो। वह केवल कांग्रेस पर ध्यान केन्द्रित कर रही है। ऐसे में गुजरात विधानसभा चुनाव काफी कौतूहल का विषय बनता जा रहा है। भाजपा को 2017 के पिछले विधानसभा चुनाव में भी गुजरात में विजय मिली थी, हालांकि उसका प्रदर्शन बहुत अच्छा नहीं था। उस समय केवल कांग्रेस ही भाजपा को चुनौती दे रही थी और दोनों में सीधी टक्कर थी। इस बार आम आदमी पार्टी–आप के प्रवेश से चुनावी परिदृश्य बदल गया है। मजेदार बात है कि भाजपा इस तीसरी चुनावी शक्ति की उपस्थिति को जानबूझ कर या अनजाने ही अनदेखा कर रही है, जबकि कुछ विश्लेषकों का मानना है कि आप का शहरों में असर बढ़ा है। भले ही आप उतनी सीटें न जीत सके जिसका दावा उसके नेता कर रहे हैं, पर वह खासकर उन क्षेत्रों में असर डाल सकती है जहां जीत–हार थोड़े वोटों से तय होती हो। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी यह कह कर कांग्रेस पर निशाना लगाया है कि उसे कमजोर विरोधी नहीं समझा जाना चाहिए। इस प्रकार उन्होंने संकेत दिया है कि राज्य में चुनावी लड़ाई मुख्यत: कांग्रेस व भाजपा के बीच है। शायद आम आदमी पार्टी–आप पर हमला उनकी चुनावी रणनीति में शामिल नहीं है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तीन कार्यकाल तक गुजरात के मुख्यमंत्री रह चुके हैं और वे राज्य तथा उसकी जनता को दूसरे किसी नेता की तुलना में बहुत अच्छी तरह जानते हैं। वे लगातार विकास संबंधी मुद्दों पर जोर दे रहे हैं और जानबूझ कर आम आदमी पार्टी के उभार को कम करके आंक रहे हैं। शायद प्रधानमंत्री समझते हैं कि राज्य में भाजपा के बहुत लंबे समय तक शासन में रहने के कारण इस बार गुजरात चुनाव पहले की तरह सहज न हों। ऐसा लगता है कि राज्य के मौजूदा प्रशासन के पास विकास के मुद्दों पर ज्यादा कुछ दिखाने के लिए नहीं है और मोरबी दुर्घटना भी हो चुकी है। प्रधानमंत्री ऐसे में बहुत होशियारी से जनता का ध्यान कांग्रेस के कुशासन की ओर दिला कर स्वयं को पीड़ित की तरह पेश करना चाहते हैं। उनके पास वे हथियार हैं जिनको स्वयं कांग्रेस ने उनको सौंपा है। उन्होंने एक रैली में कांग्रेस नेता मधूसूदन मिस्त्री के हालिया बयान के खिलाफ हमला बोला जिसमें उन्होंने मोदी पर व्यक्तिगत रूप से हमला बोलते हुए उनकी 'औकात' बताने की धमकी दी थी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जनता को याद दिलाया कि कांग्रेसियों ने पहले भी उन पर कैसे–कैसे हमले बोले हैं। सोनिया गांधी ने उनको 'मौत का सौदागर' तथा मणिशंकर अय्यर ने 'नीच आदमी' और 'चाय वाला' कहा था। लेकिन ये सारी बातें पुरानी हो गई हैं और भारतीय जनता पार्टी इनका सफलतापूर्वक चुनावी प्रयोग भी कर चुकी है। ऐसे में देखना होगा कि इस बार ये पहले की तरह कारगर सिद्ध होती हैं या नहीं।



लेकिन यह आश्चर्यजनक है कि भाजपा आप को अनदेखा कर रही है, जबकि कुछ राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार उसका असर शहरों पर पड़ रहा है जिनको भाजपा का मजबूत किला माना जाता है। हो सकता है कि यह भाजपा की सुनियोजित रणनीति हो। भाजपा मुख्यत: दक्षिण गुजरात पर ध्यान केन्द्रित कर रही है जहां विधानसभा की 35 सीटें हैं। 2017 के पिछले विधानसभा चुनाव में भाजपा की विजय में दक्षिण गुजरात की महत्वपूर्ण भूमिका थी, हालांकि यहां भी आप अपनी पकड़ मजबूत करने का प्रयास कर रही है। यह भी मजेदार बात है कि कांग्रेस प्रदेश में चुनाव प्रचार के मामले में आश्चर्यजनक रूप से खामोश रही है तथा उसने बहुत बाद में चुनाव प्रचार शुरू किया है, लेकिन इसके बावजूद भाजपा उसे मुख्य प्रतिद्वंद्वी के रूप में पेश कर रही है। ऐसे में देखना होगा कि भविष्य में आम आदमी पार्टी–आप को अनदेखा करने तथा कांग्रेस को मुख्य प्रतिद्वंद्वी बताने की भाजपा की रणनीति कहां तक सफल होगी।

# छोटे व मझोले उद्योगों की संभावनायें

छोटे व मझोले उद्योगों–एमएसएमई क्षेत्र को ज्यादा नियमों व विनियमनों की आवश्यकता नहीं है। इनको भारत का सहयोग व समर्थन चाहिए।



**दिनेश कुमार त्यागी**
(लेखक, पूर्व आईएएस हैं।)



अंतरराष्ट्रीय संस्थानों द्वारा किए अनेक अध्ययनों से किसी देश व खासकर विकासशील देशों के आर्थिक व सामाजिक विकास में एमएसएमई क्षेत्र का महत्व पूर्णत: स्पष्ट होता है। भारत में एसएमई की भूमिका इस तथ्य से पुष्ट होती है कि इसका जीडीपी में योगदान लगभग 30 प्रतिशत तथा कुल निर्यात में 45 प्रतिशत का योगदान है। एमएसएमई क्षेत्र भारत में रोजगार प्रदान करने का मुख्य स्रोत है। इसमें लगभग 12 करोड़ लोग काम करते हैं और इस प्रकार यह समतापूर्ण व समावेशी विकास को प्रोत्साहित करने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करता है। सरकार द्वारा देश में स्टार्टअप संस्कृति के विकास के प्रोत्साहन में भी एमएसएमई की वृद्धि व विकास महत्वपूर्ण है। इससे नौजवानों व उभरते उद्यमियों में खोज व रचनात्मकता को बढ़ावा मिलता है।

एमएसएमई द्वारा सामाजिक–आर्थिक विकास में निभाने वाली महत्वपूर्ण भूमिका के बावजूद यह क्षेत्र अपनी पूरी क्षमता तथा उभरते भारतीय उद्यमियों का उपयोग नहीं कर पा रहा है। इस क्षेत्र के समक्ष आने वाली चुनौतियों पर अकादमीशियनों व सरकार ने कई बार विचार किया है। इनमें उपयुक्त कर्ज उपलब्धता की कमी, नियामक मुद्दे, कौशल विकास, तकनीक उच्चीकरण तथा उत्पादों की मार्केटिंग शामिल हैं। इसके साथ ही कच्चे माल की खरीद की समस्या भी है। बड़ी फर्मों द्वारा वस्तुओं एवं सेवाओं के लिए समय पर भुगतान व बकाये की समस्या भी इस क्षेत्र के लिए बड़ी चुनौती है। एक और गंभीर चुनौती एमएसएमई के बारे में विश्वसनीय आंकड़े उपलब्ध न होना है। हालांकि, देश में 70 मिलियन से अधिक एमएसएमई की उपस्थिति की बात कही जाती है, पर सरकारी पोर्टल पर इनमें से केवल 11 मिलियन का ही पंजीकरण है।

सरकार ने पंजीकरण को स्वैच्छिक रखा है। प्रक्रिया के सरलीकरण व आनलाइन व्यवस्था के बावजूद एमएसएमई का पंजीकरण 15 प्रतिशत से कम है। वर्तमान दृष्टिकोण की समीक्षा कर हर एमएसएमई का पंजीकरण अनिवार्य किया जा सकता है। इसके आधार पर कोई सहायता या नीतिगत पहल की जा सकती है और क्षेत्र की चुनौतियों से ज्यादा प्रभावी रूप से निपटा जा सकता है। सौभाग्य से श्रम मंत्रालय के माध्यम से श्रम पंजीकरण व कृषि मंत्रालय के माध्यम से किसानों का पंजीकरण काफी सफल रहा है। पीएम किसान सम्मान निधि योजना की घोषणा के बाद 90 मिलियन से अधिक किसानों ने पंजीकरण कराया है। ये सभी ई–केवाईसी द्वारा अधिकृत हैं तथा भूमि के विवरण भूमि पंजीकरण डेटाबेस से पुष्ट हैं। सरकार द्वारा किसानों की कुछ सरोकारों को संबोधित करने में किसानों का डेटा बहुत लाभदायक सिद्ध हुआ है। यहां तक कि किसान क्रेडिट कार्ड योजना में 50 मिलियन से अधिक किसानों का डेटाबेस है। इसी प्रकार सबको लाभान्वित करने वाली उपयुक्त योजना के लिए एमएसएमई क्षेत्र का विश्वसनीय डेटाबेस जरूरी है जिसके आधार पर सरकार उनकी सहायता व समर्थन कर सकती है। दूसरा उदाहरण श्रम पंजीकरण का है। श्रम मंत्रालय ने पांच लाख कामन सर्विस सेंटरों–सीएससी के नेटवर्क का लाभ उठाया है जिसने श्रमिकों के पंजीकरण की पैरवी तथा उनकी लामबंदी की है। इसके परिणामस्वरूप 283 मिलियन श्रमिकों में से अब तक 170 मिलियन से अधिक का पंजीकरण हो चुका है। यह पंजीकरण एक मिशन की तरह कराया गया और सरकार की हर एजेंसी ने इसके लिए इच्छित समर्थन दिया।

मंत्रालय ने हर सीएससी को प्रत्येक पंजीकरण के लिए 20 रुपये का प्रोत्साहन दिया जिसने पंजीकरण बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की। इसी प्रकार एमएसएमई मंत्रालय को युद्धस्तर पर मिशन मोड में पंजीकरण का अभियान चलाना चाहिए। इसके लिए उयुक्त प्रोत्साहन के साथ सीएससी व डाक विभाग का प्रयोग किया जा सकता है। आमतौर से एमएसएमई में सरकारी विनियमन के प्रति संदेह का भाव है। पंजीकरण के लाभ बताने के लिए एमएसएमई इकाइयों को स्थानीय स्तर पर समर्थन दिया जाना चाहिए। एमएसएमई के मामले में कुछ और प्रोत्साहनों की आवश्यकता हो सकती है ताकि वे सरकारी विनियमन दृष्टिकोण के प्रति व्याप्त भय दूर कर सकें। पीएम फसल बीमा योजना की तरह एक समग्र बीमा योजना एक पहल हो सकती है। इसके साथ ही, प्रत्येक एमएसएमई को किसान क्रेडिट कार्ड की तरह एमएसएमई कार्ड दिया जा सकता है। इसे तीन साल की कैश क्रेडिट लिमिट से जोड़ा जा सकता है जिससे तरलता के मुद्दों को संबोधित करने में भी सहायता मिलेगी। प्रत्येक एमएसएमई के लिए एक फ्री डोमेन नाम की पहचान तथा एक वेबसाइट ऐसी अन्य पहलें हो सकती हैं। एमएसएमई के लिए डिजाइन की गई पेंशन योजना की समीक्षा कर पेंशन को वर्तमान 3,000 रुपये से बढ़ा कर 10,000 रुपये करने की जरूरत है क्योंकि वर्तमान योजना में व्यापारियों ने कोई दिलचस्पी नहीं दिखाई है। ऐसे समग्र पैकेज व मिशन मोड दृष्टिकोण से देश में सभी एमएसएमई का उद्यम पोर्टल पर पंजीकरण कर विभिन्न केन्द्रीय मंत्रालयों व राज्य सरकारों द्वारा डिजाइन व क्रियान्वित योजनाओं से लाभान्वित किया जा सकता है। इससे एक निश्चित समय में काफी पारदर्शिता आएगी। खाते के लिए एपीआई, पैन व ई–केवाईसी से देश में एमएसएमई के लिए विश्वसनीय डेटाबेस का विकास हो सकता है। यह टिकाऊ वृद्धि तथा राष्ट्रनिर्माण में सभी क्षेत्रों की पूरी क्षमता के प्रयोग का माध्यम बन सकता है। एमएसएमई की समस्यायें किसानों के समक्ष आने वाली समस्याओं जैसी हैं।

देश की जीडीपी में एमएसएमई का योगदान महत्वपूर्ण है। एमएसएमई देश की जनसंख्या के बड़े हिस्से को रोजगार दे कर बेरोजगारी के मुद्दे को संबोधित करते हैं। राष्ट्रनिर्माण में एमएसएमई का महत्व कृषि की तुलना में किसी प्रकार कम नहीं है। ऐसे में सवाल है कि किसानों की तरह सरकार एमएसएमई को समग्र रूप से मदद क्यों नहीं देती है? इसका एक कारण यह है कि एमएसएमई की सामूहिक सौदेबाजी की क्षमता गतिविधियों की विविधता एवं उनके विस्तार के कारण किसानों जैसी नहीं है। व्यापारियों के संगठन सीएआईटी को इस क्षेत्र को सरकारी सहायता लेने में सक्षम बनाने में ज्यादा प्रभावी भूमिका निभानी चाहिए।

देश में एमएसएमई की भूमिका को समझने तथा नीतिगत हस्तक्षेप की समीक्षा की जरूरत है। बड़ी कंपनियों या सरकारी एजेंसियों द्वारा एमएसएमई के बकाये का भुगतान न करना या समय पर भुगतान न करना एक बड़ी समस्या है। भारतीय संदर्भ में 'स्माल स्केल एंड एंसीलियरी इंडस्ट्रियल अंडरटेकिंग्स एक्ट, 1998 के अंतर्गत लंबित भुगतान पर ब्याज' के प्राविधानों ने ज्यादा सहायता नहीं की है। ऐसे ही प्राविधान मेस्मेड एक्ट, 2006 में भी थे। यहां तक कि कंपनियों के वार्षिक एकाउंट में एमएसएमई के बकाए के उल्लेख के प्राविधान ने भी एमएसएमई की तरलता समस्यों के समाधान में ज्यादा सहायता नहीं की है। ऐसे में इस कानून पर ध्यान देने तथा क्षेत्र को ऐसे विनियमनों से मुक्त करने की आवश्यकता है जो उसकी वृद्धि में बाधा बने हैं। इससे उन मध्यस्थों की भूमिका भी नहीं विकसित हो पा रही है जो बड़ी सीमा तक एमएसएमई क्षेत्र की तरलता के मुद्दों को संबोधित कर सकते हैं। कर्ज निर्धारण में स्टांप ड्यूटी प्राविधान पर पुनर्विचार की जरूरत है। चीजों को लचीला बनाने तथा एक प्रभावी उपकरण के रूप में विकसित करने से एमएसएमई की तरलता संबंधी समस्याओं का काफी सीमा तक समाधान हो सकता है। यहां तक कि एमएसएमई क्षेत्र को प्राथमिकता क्षेत्र के अंतर्गत कर्ज देने तथा उसकी सीमा निर्धारित करने का इस क्षेत्र की कर्ज समस्याओं के समाधान में बहुत सीमित प्रभाव पड़ता है।

एमएसएमई क्षेत्र को ज्यादा कानूनों व विनियमनों के बजाय भारत की सहायता व समर्थन की जरूरत है। टिकाऊ उद्यम बनाने की भारतीयों की अंतर्निहित क्षमता को व्यापक रूप से स्वीकार किया गया है। नियमनों को इस क्षेत्र में खोज, लचीलेपन व श्रमता में बाधा नहीं बनने चाहिए। इस क्षेत्र में व्यापक संसाधन व संभावनायें हैं जिनमें छोटे व मझोले कस्बों तथा ग्रामीण भारत में काम करने वाले नौजवान शामिल हैं। भारत सरकार द्वारा डिजिटल इंडिया जैसी महत्वपूर्ण पहल के साथ ही अब एमएसएमई क्षेत्र के प्रति केन्द्रीय व राज्यों के स्तर पर दृष्टिकोण को पुन: परिभाषित करने की जरूरत है।

# खेरसन के साथ रूसी अभियान की उल्टी गिनती शुरू

**दीपक सिन्हा**
(लेखक पूर्व सैन्य अधिकारी हैं)

इस वर्ष 30 सितंबर को, अंतरराष्ट्रीय कानून की अवहेलना में, राष्ट्रपति पुतिन ने यूक्रेन के चार कब्जे वाले क्षेत्रों को रूस में समाहित करने वाली संधियों पर बहादुरी से हस्ताक्षर किए, लुहांस्क, डोनेट्स्क, खेरसॉन और ज़ापोरीज़िया। समारोह में अपने भाषण में, लाइव प्रसारण में, उन्होंने कहा कि उन क्षेत्रों के लोग हमेशा के लिए हमारे नागरिक थे।

हालांकि, यह पूरी तरह से इस तरह से नहीं निकला है। केवल चार सप्ताह बाद हमने एक विचित्र घटना देखी, जैसा कि यूक्रेन में रूसी सेना के कमांडर जनरल सर्गेई सुरोविकिन ने खेरसॉन में सेना के जनरल और रक्षा मंत्री, सर्गेई शोइगु को लाइव टीवी पर जमीनी स्थिति की सूचना दी। इसमें उन्होंने कहा, खेरसॉन शहर को आपूर्ति करना असंभव था, और इसकी रक्षा व्यर्थ होगी। उन्होंने निप्रो नदी के विपरीत किनारे पर निकट भविष्य में एक सैन्य वापसी का प्रस्ताव रखा। शोइगु उनके आकलन से सहमत थे और उन्हें सैनिकों की वापसी के साथ शुरू करने और निप्रो नदी के पार कर्मियों, हथियारों और उपकरणों के सुरक्षित हस्तांतरण को सुनिश्चित करने के लिए सभी उपाय करने का आदेश दिया।

बिना किसी संदेह के, इस टीवी कार्यक्रम का मंचन घरेलू दर्शकों के लिए किया गया था, विशेष रूप से जीवन बचाने पर बार–बार जोर देने पर। भरती और बड़ी संख्या में हताहतों की संख्या, एक रिपोर्ट सुझाव है कि एक लाख से अधिक मारे गए और घायल हुए, पुतिन की लोकप्रियता के लिए कुछ खास नहीं कर रहा है। हो सकता है कि यह पुतिन द्वारा खुद को दूर करने और सेना को दोष देने का एक प्रयास भी हो सकता है। यह रैंक और फ़ाइल को रैंक करेगा जो अपने शुरुआती गलत अनुमानों के लिए भारी भुगतान कर रहे हैं।

जो वास्तव में अकथनीय है, और सैन्य रूप से संदिग्ध है, अभिजात वर्ग के एयरबोर्न बलों के एक डिवीजन प्लस के लिए अपने को बिना किसी लड़ाई के पद छोड़ना है । उनके मनोबल पर इसका जो प्रतिकूल प्रभाव पड़ा होगा, उसका अंदाजा लगाना मुश्किल नहीं है। यह सच है कि निप्रो नदी के पश्चिमी तट पर स्थित खेरसॉन, क्रॉसिंग साइटों को व्यापक नुकसान के कारण रूसी आपूर्ति लाइनों से कट गया है, लेकिन उस समस्या के समाधान के तरीके हैं। इसके अलावा, कोई भी व्यक्ति या सरकार अपने नमक के लायक नहीं है, बिना किसी लड़ाई के अपना क्षेत्र छोड़ दें, खासकर अगर यह एक महत्वपूर्ण संचार केंद्र है। सिर्फ इसलिए कि हम ऐसा करते हैं, खासकर जहां चीनी का संबंध है, यह एक सार्वभौमिक मानदंड नहीं बना देता है! निर्मित क्षेत्रों में रक्षा, अगर ठीक से व्यवस्थित और नियोजित है, तो हमलावर के लिए सभी प्रकार की समस्याएं खड़ी हो सकती हैं, जिसमें भारी जनहानि से लेकर योजनाओं में देरी और व्यवधान शामिल हैं, यहां तक कि अपने स्वयं के बलों को पहल करने की अनुमति भी दे सकते हैं। आखिरकार, जर्मन सेना के खिलाफ 900 दिनों तक लेनिनग्राद की रूस की प्रसिद्ध रक्षा ने आखिरकार हिटलर की महत्वाकांक्षाओं के लिए भुगतान किया और नाज़ी जर्मनी की कमर तोड़ दी। हाल ही में, मारियुपोल पर कब्जा करने के लिए रूसियों को अंतत: तीन महीने लगे, उनकी समग्र योजनाओं पर बहुत प्रभाव पड़ा होगा और उनकी महत्वाकांक्षाओं पर अंकुश लगा होगा। इसमें कुछ सुझाव हैं, जो हास्यास्पद रूप से जोड़ सकते हैं, कि युद्ध में उलझे बिना इन सैनिकों को बाहर निकालने से यूक्रेन को जीत का दावा करने की अनुमति नहीं मिली है। अन्य लोगों ने सुझाव दिया है कि डोनेट्स्क क्षेत्र में चल रहे आक्रामक अभियानों को सुदृढ़ करने के लिए उच्च प्रशिक्षित बलों को उपलब्ध कराने के लिए ऐसा किया गया था। उत्तरार्द्ध की संभावना कम लगती है क्योंकि यह रक्षात्मक परिधि को कमजोर करने की कीमत पर होगा, कथित तौर पर नीप्रो नदी के पूर्व में स्थापित किया गया था, जो क्रीमिया में जाने वाले प्रमुख दृष्टिकोणों में से एक की रखवाली करता है। इसमें कोई संदेह नहीं है कि क्रीमिया का नुकसान पुतिन शासन के लिए मौत की घंटी होगी। फिर कुछ का सुझाव है कि जबकि यह वास्तव में एक सामरिक हार रही है, रूस रणनीतिक रूप से जीत रहा है। रूसी गैस और तेल की आपूर्ति बंद होने और इसके खिलाफ प्रतिबंधों के कारण बढ़ती ऊर्जा की कीमतों और मुद्रास्फीति के खिलाफ पश्चिमी यूरोप के भीतर विरोध, नाटो और यूरोपीय संघ के भीतर बढ़ती फूट का परिणाम होगा। यह, बदले में, यूक्रेन पर प्रतिकूल प्रभाव डालेगा क्योंकि इसे प्रदान की जाने वाली सामग्री और वित्तीय सहायता की मात्रा में भारी कमी होगी।



वे दो मायने में गलत हैं। सबसे पहले, द्वितीय विश्व युद्ध के बाद लगभग पचास वर्षों तक पश्चिमी यूरोप सोवियत बंदूकों के बैरल को घूर रहा था। भेद्यता और भय की भावनाएं निश्चित रूप से रातोंरात गायब नहीं हुई हैं और आखिरी चीज जो उन्हें चाहिए वह है रूस को एक बार फिर से अपने दरवाजे पर बैठना। ऐसी संभावना एकता सुनिश्चित करने के लिए पर्याप्त प्रेरणा होगी। दूसरे, पुतिन के रूसी साम्राज्य को पुनर्जीवित करने के महत्वाकांक्षी प्रयास, हालांकि अवास्तविक हो सकते हैं, ने पूर्वी यूरोप के अधिकांश हिस्सों को डरा दिया है जो खुद को अपने क्रॉसहेयर में देखता है और इसे पश्चिम के लिए एक चंचल और अविश्वसनीय पड़ोसी और व्यापारिक भागीदार बना दिया है। एक वह जो भविष्य में विशेष रूप से पुतिन के साथ व्यवहार करने से बचना चाहेगा। रूसी ऊर्जा आपूर्ति से हटना लगभग तय है।

अंत में, कोई मदद नहीं कर सकता है लेकिन यह सवाल पूछता है कि हम एक घटती शक्ति के साथ संबंध बनाए रखने के लिए इतने उत्सुक क्यों हैं जो केवल हमें वापस रोक सकती है। बेशक, संभावना यह है कि विदेश मंत्री की हाल की रूस यात्रा केवल हमारी ऊर्जा आपूर्ति पर चर्चा करने के बारे में नहीं थी बल्कि उन अमेरिकियों के इशारे पर थी जो रूस के साथ बातचीत के लिए पीछे के रास्ते खुले रखने के इच्छुक हैं। और तो और, चूंकि चीनियों के साथ उनका प्रभाव और संबंध काफी निम्न बिंदु पर हैं।

## आप की बात

### भाजपा की परीक्षा

**भारत** में कोई साल ऐसा नहीं गुजरा होगाए जब चुनाव के त्यौहार न मनाए जाते हों।फिर चाहे वो महामारी के दौरान ही क्यों न हो। राजनीतिए विकास और चुनाव सब एक दूसरे के पूरक हैं। हिमाचल चुनाव के बाद दिल्ली एमसीडी और फिर प्रधानमंत्री का गृह राज्य गुजरात भी इसी त्यौहार में हिस्सेदारी निभा रहा। मोरबी हादसे के बाद गुजरात में युवाओं की जटिल समस्या रोजगार आग में घी का काम कर रहा। जहां एक ओर भारत जोड़ों यात्रा को रोककर, कॉंग्रेस नेता राहुल गांधी गुजरात के दौरे पर हैंए वहीं आम आदमी पार्टी भी कोई कसर नहीं छोड़ना चाहती। अब देखना होगा क्या गुजरात की जनता अपने बेटे और देश की कमान सम्भाल रहे प्रधानमंत्री मोदी को एक बार फिर पूर्ण बहुत की सरकार बनाने का आशीर्वाद देगी? हालांकि, कोरोना के बाद व्यापार से लेकर रोजगार, सभी बुरी तरह हताहत हुए थे, लेकिन भाजपा का दावा है कि उसने इस असाधारण व अभूतपूर्व समस्या से निपटने में सफलता पाई है। उत्तर प्रदेश ने भाजपा पर इसके बाद विश्वास प्रकट किया था। देखना होगा कि क्या गुजरात भी भाजपा पर वैसा ही विश्वास प्रकट करेगा, सर्वेक्षण तो यही कह रहे हैं।

**अमन जायसवाल,** दिल्ली

### चुनाव आयुक्त की नियुक्ति

**चुनाव आयुक्त** की नियुक्ति को लेकर दायर याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई पूरी करके अपना फैसला सुरक्षित रखा है! चुनाव आयोग देश के प्रजातांत्रिक मूल्यों की रक्षा का आधार स्तंभ है। और चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति इसका महत्वपूर्ण पक्ष है। ऐसे में चुनाव आयुक्त की नियुक्तियां विश्वसनीय व पारदर्शी होना चाहिए । इसके लिए सरकार और सुप्रीम कोर्ट को मिलकर गाइड लाइन तय करना चाहिए जिसमें अपने कार्यकाल में श्रेष्ठ व निष्पक्ष प्रदर्शन करने वाले अधिकारी का चयन होना चाहिए। यह वैसे इतना आसान भी नहीं है क्योंकि सीबीआई जैसी संस्था तक पर राजनीतिक लाभ उठाने का आरोप लगते रहे हैं और चुनाव आयोग पर तो हर.हारने ने वाला दल अपनी हार का ठीकरा फोड़ता है। सरकार को सुप्रीम कोर्ट के साथ मिलकर एक पैनल बनाना चाहिए जो ऐसे प्रभावशाली अधिकारियों की सूची बना कर देवें और उसमें से चयन किया जाए तो वह अधिक उर्जा पूर्ण ढंग से देशभर के चुनाव की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी को वहन करने में सक्षम होंगे। भारत की जनता को आज भी मुख्य चुनाव आयुक्त टी.एन. शेषन की याद आती है।

**सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

### पूर्व सैनिकों का योगदान

**हमारे** देश में हमेशा ही लगभग हर साल 50 से 60 हजार सैनिक रिटायर होते हैं इन सभी रिटायर कर्मचारी सैनिकों की प्राइवेट एवं निजी क्षेत्रों में तो नियुक्तियां संभव है परंतु शासकीय विभागों में उन्हें प्राथमिकता के आधार पर काम पर नहीं लिया जाता है एवं इनके पद सरेंडर होते रहते हैं इस बात की सूचनाएं भी नहीं दी जाती है कि किस विभाग में किस–किस ने पूर्व सैनिकों की नियुक्तियां हो सकती है तथा कितने पद खाली हैं। अगर पूर्व सैनिकों को शासकीय सेवाओं में फिर से लिया जाए तो यह उनकी कार्य क्षमता के लिए एक उचित बात होगी। पूर्व सैनिक नगर वार्ड और नगर निकायों में सैनिक संबंधी आवश्यकता की पूर्ति कर सकते हैं। पूर्व सैनिकों को विभिन्न सेवाओं में समुचित काम देने से ही स्पष्ट होगा कि अग्निवीरों के रूप में सेना में भर्ती होने वालों का भविष्य कैसा होगा। सरकार इन नौजवानों के समक्ष पूर्व सैनिकों के कामकाज को एक उदाहरण की तरह पेश कर और अधिक नौजवानों को सैनिक सेवाओं की ओर आकर्षित कर सकती है।

**मनमोहन राजावत राज,** शाजापुर

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई–मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया



**स्वामी** विवेकानंद भारतीय नौजवानों की प्रतिभा व क्षमताओं का स्वर्णिम प्रतिनिधित्व करते थे।

– **जगदीप धनखड़**
उप–राष्ट्रपति



**हमें** हमेशा इस बात पर जोर देना चाहिए कि दक्षिण चीन सागर में हम आपके साथ नियमों व मानकों की रक्षा में खड़े हैं।

– **कमला हैरिस**
अमेरिकी उप–राष्ट्रपति



**गुजरात** की जनता अरविंद केजरीवाल से बहुत उम्मीद करती है। इससे आम आदमी पार्टी की राज्य में विजय होगी।

– **गोपाल इटैलिया**
आप गुजरात नेता

# नकली खाद को लेकर छापेमारी, चार दुकानें निलंबित

● बड़ी मात्रा में खाली बोरियां सिलाई मशीन बरामद ● उप कृषि निदेशक जिला कृषि अधिकारी के साथ स्थानीय पुलिस की मौजूदगी में हो रही छापेमारी ● जांच टीम ने प्रत्येक दुकान से लिए जांच के 3-3 नमूने




**मिल्कीपुर अयोध्या।** जिले में नकली डीएपी सुपर फास्फेट और पोटाश खादों के साथ यूरिया की बिक्री की उप कृषि निदेशक डॉ संजय कुमार त्रिपाठी से हुई शिकायत के बाद कृषि विभाग हरकत में आ गये! 24 नवंबर को प्रातः 9.30 बजे अमानीगंज बाजार मैं स्थित पंचवली खाद भंडार पर पहुंची कृषि विभाग की टीम ने छापेमारी शुरू की तो वहां पर मौजूद सिलाई मशीन डीएपी खाद की बड़ी संख्या में खाली बोरियां आदि देख कर अधिकारी दंग रह गयेए छापेमारी की कार्रवाई एक दुकान से दूसरे दुकान पर जब शुरू हुई तो पूरे मिल्कीपुर तहसील की विभिन्न बाजारों कुमारगंज खंडासा कोटिया अमर गंज रामनगर चौराहा डेयोढी बाजार अघियारी अंजरौली आदि मे खाद की दुकान बंद हो गई लोग शटर गिरा कर रफूचक्कर हो आए।

अमानीगंज बाजार नकली खाद बेचने के लिए पूरे जिले में मशहूर है और यहां से पहले भी शिकायत पर जांच हो चुकी है आपको बताते चलें कि अमानीगंज बाजार के पूर्वी नाके पर स्थित पंचवली खाद भंडार अमानीगंज बाजार के पश्चिम नाके के बाद स्थित आशीष खाद भंडार पर जांच के बाद टीम ने गुप्ता खाद भंडार अमानीगंज पर अब छापेमारी शुरू की है दोनों जगह से बड़ी मात्रा में खाली बोरिया सिलाई मशीन और अन्य आवश्यक उपकरण बरामद हुए हैं छापेमारी के दौरान खंडासा पुलिस की लोग भी मौजूद रहे देर शाम तक छापेमारी की कार्रवाई जारी है जिला कृषि अधिकारी ओम प्रकाश मिश्रा ने बताया कि छापे में सैकड़ों बोरी डीएपी सिंगल सुपर फास्फेट पोटाश और यूरिया खाद बरामद की गई है सिलाई मशीन खाली बोरिया और उनको पलटने के लिए बड़े बड़े ड्रम भी मौके से बरामद हुआ है उन्होंने यह भी बताया कि उपरोक्त लोगों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कराया जाएगा और वहीं कठोरतम बिभागीय कारवाई भी सुनिश्चित की जायेगी उन्होने बताया की विभिन्न दुकानों से जांच के लिए 3.3 सैंपल के नमूने लिए गए हैं जिन्हें जांच के लिए भेजा जा रहा है उन्होंने बताया कि उप कृषि निदेशक संजय कुमार त्रिपाठी से इस मामले की शिकायत हुई थी जिसके बाद प्रशासन ने यह कार्रवाई शुरू की जिला कृषि अधिकारी के अनुसार पूरे जिले में जहां.जहां की शिकायत प्राप्त होगी टीम बनाकर छापेमारी की कार्रवाई जारी रहेगी छापेमारी के दौरान थानाध्यक्ष खंडासा संतोष कुमार सिंह और उनकी पूरी टीम मौजूद रही।

# केशव प्रसाद मौर्य ने जमीन पर बैठ कर सुनी वृद्ध महिला की शिकायत

● पार्टी के पदाधिकारियों के साथ डिप्टी केशव प्रसाद मौर्य ने ली चाय की चुस्की


जमीन पर बैठकर वृद्ध महिला की शिकायत सुनते डिप्टी सीएम केशव।

**प्रयागराज।** प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने गुरुवार को सर्किट हाउस में आमजनमानस की समस्याएं सुनीं। कार्यक्रम में शामिल होने के लिए जाने से पूर्व कई फरियादियों से मुलाकात की और अधिकारियों को उचित दिशा निर्देश भी दिए। भाजपा मीडिया प्रभारी राजेश केसरवानी ने बताया कि सर्किट हाउस से निकलते वक्त उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने हंडिया से आई वृद्ध महिला की समस्या को जमीन पर बैठकर सुना। अधिकारियों त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया। चंद्रशेखर आजाद सर्किट हाउस से प्रबुद्ध सम्मेलन परेड ग्राउंड के लिए जाते वक्त अचानक रुक कर उप मुख्यमंत्री ने प्रधान टी स्टॉल सिविल लाइन में पार्टी के पदाधिकारियों के साथ चाय की चुस्की ली। वह भी चाय वाले हैं। चाय दुकानदार विमल को शानदार चाय पिलाने के लिए आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर पार्टी के पदाधिकारी क्षेत्रीय अध्यक्ष महेश चंद्र श्रीवास्तव जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ वी के सिंह क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अवधेश चंद्र गुप्ता भाजपा महानगर अध्यक्ष गणेश केसरवानी राजेश केसरवानी वरुण केसरवानी पूर्व पार्षद राजू शुक्ला रोहित पप्पू पांडेय विजय श्रीवास्तव ने भी चाय का लुत्फ उठाया।

# अवध विश्वविद्यालय में आवासीय शिक्षक संघ का चुनाव आज, तैयारियां हुई पूरी

● शिक्षक संघ चुनाव में पांच पदो के लिए पन्द्रह प्रत्याशी मैदान में

●अवध विश्वविद्यालय में आवासीय शिक्षक संघ चुनाव की तैयारियां पूरी

**अयोध्या।** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय में 25 नवम्बर को होने वाले आवासीय शिक्षक संघ का चुनाव को लेकर तैयारियां पूरी की गई। इस चुनाव में पांच पदो के लिए कुल 15 प्रत्याशी मैदान में है। अध्यक्ष पद के लिए तीनए महामंत्री पद के लिए दोए संयुक्त मंत्री के लिए पांच, उपमंत्री पद के लिए तीनए कोषाध्यक्ष पद के लिए दो प्रत्याशी आमने.सामने है। दूसरी ओर उपाध्यक्ष व मीडिया प्रभारी के पदो के लिए एक ही प्रत्याशी द्वारा नामांकन किया गया है। इनका निर्विरोध चुना जाना तय है।

विश्वविद्यालय आवासीय शिक्षक संघ का चुनाव परिसर के सरदार पटेल प्रशासनिक भवन के प्रथम तल स्थित कुलसचिव सभाकक्ष में पूर्वाह्न 11:30 बजे से चुनाव अधिकारी प्रो0 आरके तिवारी की देखरेख में विभिन्न पदों के लिए मतदान होगा। अपराह्न तीन बजे के बाद प्रत्याशियों के मतो की गिनती व सायं पांच बजे विजयी प्रत्याशियों की घोषणा की जायेगी।

शिक्षक संघ के चुनाव में अध्यक्ष पद के लिए डॉ. दिवाकर त्रिपाठी, प्रो. शैलेन्द्र वर्मा, प्रो. विनोद कुमार श्रीवास्तव, महामंत्री के लिए डॉ. राना रोहित सिंह, प्रो. शैलेन्द्र कुमार, उपमंत्री पद के लिए डॉ. अनुराग पाण्डेय, डॉ. लोकेन्द्र सिंह उमरावए डॉ. वन्दिता पाण्डेय चुनाव में है। वहीं संयुक्तमंत्री के दो पदो के लिए के लिए डॉ. बृजेश भारद्वाज, डॉ. अनूप कुमार श्रीवास्तव, डॉ. अमित सिंह, इंजीनियर दिलीप कुमार, डॉ. मणिकांत त्रिपाठी चुनाव मैदान में है। कोषाध्यक्ष पद के लिए डॉ. डीएन वर्मा व डॉ. विनोद चैधरी के बीच चुनाव होगा। विश्वविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉ. विजयेन्दु चतुर्वेदी ने बताया कि आवासीय शिक्षक संघ के चुनाव की तैयारियां पूरी की जा चुकी है। शुक्रवार को मतदान कक्ष में मतदाता का मोबाइल व कैमरे के साथ प्रवेश पूर्णतः प्रतिबन्धित रहेगा। शिक्षकों को मतदान में हिस्सा लेने के लिए एक पहचान पत्र साथ में लाना अनिवार्य होगा।

# विद्यालयों में नही होने पाएगी फर्नीचर की कमी: विजय किरन

● माध्यमिक शिक्षा में शीघ्र होगा व्यापक स्तर पर बदलाव

●प्रदेश के सभी माध्यमिक विधालयों में तीन वर्ष के भीतर बनेगी मार्डन लैब


विजय किरन आनंद।

**प्रयागराज।** बेसिक शिक्षा में व्यापक स्तर पर बदलाव के बाद अब माध्यमिक शिक्षा में भी बदलाव की तैयारी तेज हो गयी है। प्रदेश के माध्यमिक शिक्षा के नवनियुक्त शिक्षा महानिदेशक विजय किरन आनंद अब माध्यमिक शिक्षा में व्यापक स्तर पर बदलाव की तैयारियों में जोर शोर से लग गए हैं। प्रदेश के सभी माध्यमिक विधालयों में सभी मूलभूत सुविधाएं शीध्र उपलब्ध करायी जाएंगी। अगले तीन वर्षों में प्रदेश के सभी माध्यमिक विद्यालयों में भौतिक विज्ञान जीव विज्ञान और रसायन विज्ञान की मार्डन प्रयोगशाला लैब उपलब्ध हो जाएंगी। जिससे बच्चों को प्रयोगात्मक परीक्षा में किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होगी। इतना ही नहीं विद्यालयों में बच्चों को बैठने के लिए फर्नीचर डेस्क बेंच सहित अन्य जरूरी फर्नीचर से संबंधित सुविधाएं सहित सभी सुविधाएं शीध्र मुहैया करायी जाएंगी। जिससे बच्चों को पढाई के दौरान किसी भी प्रकार की परेशानी न होने पाए। प्रदेश के बेसिक शिक्षा और माध्यमिक शिक्षा के महानिदेशक डीजी विजय किरन आनंद गुरुवार को प्रयागराज में थे। मुख्यमंत्री द्वारा कुंभ 2025 की तैयारियों की समीक्षा बैठक में परेड स्थित ट्रिपल सी सभागार में शामिल हुए। प्रदेश के बेसिक शिक्षा और माध्यमिक शिक्षा के महा निदेशक विजय किरन आनंद ने बताया कि प्रदेश की बेसिक शिक्षा में व्यापक स्तर पर सुधार किया जा चुका। विद्यालयों को मार्डन करते हुए बेहतर शिक्षा बच्चों को दी जा रही है। समय समय पर शिक्षकों को प्रशिक्षित किया जा रहा। बच्चों के बैठने के लिये डेस्क बेंच की सुविधाएं दी गयी हैं। शिक्षकों की सुविधा के लिए आनलाइन अवकाश की सुविधा की व्यवस्था की गयी है। अगले सत्र की किताबों की छपाई का टेण्डर हो गया है जो छपकर जिलों में 15 मार्च 2023 तक पहुंच जाएंगी। प्रदेश के बेसिक शिक्षा एवं माध्यमिक शिक्षा महानिदेशक विजय किरन आनंद ने कहा कि अब माध्यमिक शिक्षा में व्यापक स्तर पर सुधार के लिये जोर दिया जा रहा है। प्रदेश के जिन माध्यमिक विधालयों में बच्चों के बैठने के लिये डेस्क बेंच की सुविधाएं नही हैं वहां पर यह सुविधाएं शीध्र होंगी। प्रदेश के सभी मा. विधालयों में रसायन विज्ञान भौतिक विज्ञान और जीव विज्ञान की मार्डन आधुनिक प्रयोगशालाएं तीन वर्ष के भीतर तैयार होंगी। जिससे बच्चों को प्रयोगशाला के लिए परेशान न होना पड़े। बेसिक शिक्षा एवं माध्यमिक शिक्षा के महानिदेशक विजय किरन आनंद ने कहा कि यूपी बोर्ड के हाई स्कूल और इण्टरमीडिएट की परीक्षा को सकुशल कराना सबसे बडी चुनौती है। पहले चरण में परीक्षा केन्द्रों का सकुशल निर्धारण करना और दूसरे चरण में प्रायोगिक परीक्षाएं संचालित कराना है।

## क्विक न्यूज

### डीएम ने 61 बच्चों के साथ किया संवाद

**अंबेडकर नगर।** मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना एवं पी0एम0 केयर फॉर चिल्ड्रेन योजनान्तर्गत चयनित लाभार्थियों के साथ जिलाधिकारी सैमुअल पॉल एन की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान जिलाधिकारी महोदय ने 61 बच्चों के साथ संवाद की एवं उनके स्वास्थए शिक्षा एवं समस्याओं के बारे में जानकारी ली। उपस्थित लाभार्थियों में से कुछ लाभार्थियों द्वारा अपनी समस्याओं से अवगत कराया गया जिस पर जिलाधिकारी द्वारा जिला प्रोबेशन अधिकारी को निर्देशित किया गया कि लाभार्थियों की जो भी समस्याएं हैं उसका निस्तारण एक सप्ताह के अंदर कराते हुए अवगत कराया जाए। साथ ही साथ यह यह भी निर्देश दिया गया कि मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना एवं पीएम केयर फॉर चिल्ड्रेन योजनान्तर्गत पात्र लाभार्थियों को उनके खाते में समय से धनराशि भेजी जाए। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए।इसके अतिरिक्त सभी बच्चों को जिलाधिकारी द्वारा डिक्सनरी, स्टेशनरी सेट एवं चॉकलेट का वितरण किया गया। बैठक के दौरान जिला प्रोबेशन अधिकारी राकेश कुमारए जिला समाज कल्याण अधिकारी राकेश रमन, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी विकास मौर्य, जिला विद्यालय निरीक्षक प्रतिनिधि सुमित्रा, जिला प्रोवेशन कार्यालय के समस्त स्टाफतथा संबंधित विभाग के अधिकारी/कर्मचारी मौके पर उपस्थित।



### छेड़छाड़ व मारपीट का आरोपी गिरफ्तार

**टाण्डा अम्बेडकरनगर।** टाण्डा कोतवाली के ग्राम जनार्दन पुर में बीते शनिवार की देर शाम को अलाव के पास खड़ी नाबालिग बालिका से छेडख़ानी करने व पिता द्वारा शिकायत करने पर पिता को घर मे घुस कर मारने पीटने वाले छेड़खानी व पास्को एक्ट के अभियुक्त रोहित पुत्र परशुराम निवासी ग्राम जनार्दन पुर को कोतवाली उप निरीक्षक अदील अहंमद ने गिरफ्तार कर न्यायालय चालान भेज दिया जहां से न्यायालय ने अभियुक्त को जेल भेज दिया। घटना क्रम के अनुसार बीते 19 नवम्बर की देर शाम को ग्राम की बालिका घर के बाहर जल रहे अलाव के पास खडी थी कि उसी समय ग्राम का युवक रोहित पुत्र परशुराम ने उसकी शाल खींच कर छेड़खानी करने लगा बॉलिका ने घर मे जाकर बताया तो बालिका के पिता रोहित के घर शिकायत करना गये तो उन्हें रोहित व उसके घर वालों ने गाली धमकी देते हुए मारने हेतु दौड़ा लिया बालिका का पिता अपने घर मे घुस गया तो विपक्षियों ने घर मे घुस कर मारा पीटा था। इस मामले मे पुलिस ने धारा 354, 452, 323, 504, 506 आईपीसी व पास्को एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया था।

### एटीएम में चोरी करते दो लोगों को पकड़ा

**टाण्डा अम्बेडकर नगर।** एटीएम कार्ड से पैसा निकालते समय अंदर घुसे दो लोगों ने एटीएम कार्ड बदलकर रुपया निकालने के मामले में अलीगंज पुलिस ने दो अज्ञात लोगों के विरुद्ध चोरी व धोखाधड़ी के आरोप में मुकदमा दर्ज किया है। वादी दीन दयाल पुत्र सुरेंद्र निवासी ग्राम मखदूम नगर ने बताया कि बीते 7 नवम्बर को एनटीपीसी के पास पंजाब नेशनल बैंक के लगे ऐटीएम मशीन में रुपया निकालने गया तो उसी समय दो लोग और घुस गए और बात चीत करते चोरी से मेरा कार्ड बदल लिया कुछ ही देर बाद 800 रुपये व 6 हजार रुपये निकलने का मैसेज आया तब हमने अपना खाता बन्द कराया। पुलिस ने जांच के बाद दो अज्ञात लोगों के विरुद्ध धारा 420 व 379 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है। इस संदर्भ में अलीगंज थानाध्यक्ष राम नरेश वर्मा ने बताया मामले में मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है जांच की जा रही है।

### लड़की से अश्लील बातें करने व धमकी देने के मामले में तीन पर केस

**टाण्डा अम्बेडकर नगर।** घर का मोबाइल नंबर किसी तरह पाकर लड़की से अश्लील बातें करने व गाली धमकी देने के मामले में इब्राहिमपुर पुलिस ने दो नामजद व एक अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। मामला ग्राम जिगना का है। उक्त ग्राम के व्यक्ति ने आरोप लगाया कि मेरे घर का मोबाइल नंबर लालचन्द्र पुत्र राम सेवक निवासी ग्राम पकड़ी सुलेमपुर पाकर मेरी लडक़ी से अश्लील बातें किया जब मैंने पता किया तो मेरे ग्राम जिगना के निवासी मुकेश पुत्र राम प्रसाद व लाल चन्द्र तथा एक अज्ञात व्यक्ति ने गाली गलौज व जान से मारने की धमकी दी। वहीं लड़की शादी भी लगी है उसमें भी व्यवधान उतपन्न करने की बात कही पुलिस ने धारा 354, 504, 506 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# कार्यक्रम के आयोजन में पुरानी पृष्ठभूमि पर मिली सफलता

**प्रयागराज।** पिछले तीस वर्षों से कार्यक्रमों को नए नए रंग देने में ज़ी टीवी टेलीविजन सबसे आगे रहा है। देश भर के दर्शकों से बड़ी खूबसूरती से जुड़ने वालीं कई कहानियां दिखाने और मनमोहिनी प्यार का पहला नाम राधा मोहन और तेरी मेरी इक्क जिंदड़ी जैसे सफलतम शोज़ देने के बाद ज़ी टीवी और एलएसडी फिल्म्स एक बार फिर दर्शकों के लिए एक नया फिक्शन शो रब से है दुआ लेकर आ रहे हैं। पुरानी दिल्ली की पृष्ठभूमि में रचा गया यह शो दुआ का सफर दिखाता है। जिसकी शादी हैदर से हुई है। दुआ बड़ी सीधी सादी और नेकदिल लड़की है। जो खुद को बहुत खुशनसीब और शुक्रगुजार मानती है। क्योंकि उसे लगता है कि वो एक परफेक्ट शादीशुदा जिंदगी जी रही है। जब तक कि एक दिन हैदर उसके सामने यह कबूल नहीं कर लेता कि उसे किसी दूसरी औरत से इश्क है। वो उस दूसरी औरत से निकाह करने के लिए दुआ की इजाज़त चाहता है।

# निकाय चुनाव को लेकर भाजपा करेगी शक्ति प्रदर्शन




**अयोध्या।** नगर निकाय चुनाव को लेकर भाजपा ने व्यापक रुप से शक्ति प्रदर्शन की तैयारी की है। यह शक्ति प्रदर्शन 27 मार्च को यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की शहर के जीआईसी मैदान में प्रस्तावित जनसभा के दौरान किया जायेगा। नगर निगम क्षेत्र से 25 हजार व नगर पालिका तथा नगर पंचायत से 25 हजार कुल पचास हजार लोगो की भीड़ जुटाने का लक्ष्य रखा गया है। जिसमें टिकट के दावेदारों से भी भीड़ जुटाने के लिए कहा गया है। जनसभा स्थल व अन्य स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाये जायेंगे। जो टिकट के दावेदारों द्वारा ले आयी जाने वाली भीड़ का आकलन करेगा। जो टिकट मिलने का एक आधार भी बनेगा। इसको लेकर पार्टी कार्यालय पर एक तैयारी बैठक आयोजित की गयी।

बैठक को सम्बोधित करते हुए सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि अयोध्या वर्तमान में विश्व की सर्वोत्तम नगरी के रुप में स्थापित होने जा रही है। जिसको लेकर यहां के निवासियों में उत्साह का माहौल है। सरकार के प्रयासों की वजह से अयोध्या विश्व पर्यटन के मानचित्र पर स्थापित हो गयी है। जनसभा का उद्देश्य हर घर तक मुख्यमंत्री का संदेश पहुंचाना है। इसलिए इसकी व्यापक तैयारी हो कि प्रत्येक घर से एक व्यक्ति अवश्य जनसभा में सम्मलित हो। महापौर ऋषिकेश उपाध्याय ने कहा कि पदाधिकारी व कार्यकर्ता अपनी सक्रियता और बढ़ा दें। हर वार्ड में हर परिवार से एक लक्ष्य बनाकर सम्पर्क स्थापित करना प्रारम्भ कर दें। विभिन्न माध्यमों से लोगो को रैली में आने हेतु प्रेरित करें। विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने कहा कि जीआईसी के मैदान में होने वाली रैली ऐतिहासिक होगी। इसका संदेश काफी व्यापक जायेगा। जिला प्रभारी पद्मसेन चौधरी ने कहा कि पार्टी के टिकट के उम्मीदवारों के लिए भी यह जनसभा एक परीक्षा की भांति होगा। खासकर पार्षद व महापौर हेतु जो भी पार्टी से टिकट चाहते है वह अभी से तैयारियों में जुट जाये। महानगर अध्यक्ष अभिषेक मिश्रा ने कहा कि नगर निगम के हर वार्ड में एक प्लान्ड तरीके से हमें जनसम्पर्क की रणनीति बनानी है। जनसम्पर्क युद्ध स्तर पर चलाना होगा। वार्ड के सभी पदाधिकारी इसके लिए प्रभावी कार्ययोजना बना लें।

# नवागत मंडलायुक्त गौरव दयाल को गार्ड आफऑनर दिया गया



**अयोध्या।** नवागत मण्डलायुक्त गौरव दयाल सर्किट हाउस अयोध्या पहुंचे जहां पर उनको गार्ड आफ ऑनर दिया गया। मण्डलायुक्त 2004 बैच के आईएएस है, अलीगढ़ से स्थानान्तरण होकर अयोध्या में नवीन तैनाती हुई है। मण्डलायुक्त द्वारा आज अयोध्या मण्डल का कार्यभार भी ग्रहण कर लिया गया। जहां तक मेरी जानकारी में आया है कि मा. मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार बहुत सारे कार्यो को गति दी जा रही है और उसको आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी जिला प्रशासन और मेरी रहेगी और जो भी मुद्दे हैं उसका समाधान त्वरित किया जायेगा। अयोध्या को एक बड़े धर्मनगरी के रूप में विकसित करने के लिए हम सबका लगातार प्रयास रहेगा और आप सबके सहयोग से चर्चा होगी जो मुद्दे सामने आएंगे उनका समाधान त्वरित किया जाएगा। सर्किट हाउस से निकलकर हनुमानगढ़ी व रामलला का दर्शन किया। मण्डलायुक्त का सर्किट हाउस में डीएम, नगर आयुक्त विशाल सिंह, सीडीओ अनिता यादव, अपर आयुक्त प्रशासन एवं न्यायिक, सिटी मजिस्ट्रेट, संयुक्त विकास आयुक्त, अपर जिलाधिकारीगण, नगर मजिस्ट्रेट, सचिव विकास प्राधिकरण एवं अन्य मण्डलीय अधिकारी, आयुक्त कार्यालय के सहायकगण तथा सूचना विभाग सहित अन्य विभागों के अधिकारी भी उपस्थित थे।

# प्रताप ने एनसीआर के प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक का कार्यभार संभाला

**पायनियर समाचार सेवा।** प्रयागराज


प्रताप सिंह शमी।

**रेल अधिकारी** प्रताप सिंह शमी ने उत्तर मध्य रेलवे के नये प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक कार्यभार ग्रहण कर लिया। उन्होंने सेवानिवृत प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक कमलेश शुक्ल का स्थान ग्रहण किया है। इससे पहले प्रताप सिंह शमी पूर्व रेलवे कोलकाता में प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक पद पर थे। शमी ने बैचलर आफ इंजीनियरिंग की पढ़ाई सिविल इंजीनियरिंग में अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय से की तदोपरा-?त एमटेक आईआईटी दिल्ली से किया। उन्होंने सिक्किम मनीपाल विवि से एमबीए की डिग्री भी 2017 में ऑपरेशन और प्रोडक्शन मैनेजमेन्ट में प्राप्-?त की। उन्होंने अपनी सेवा रेल कोच फैक्ट्री कपूरथला से शुरु की और अपने 33 वर्ष के कार्यकाल के दौरान कई महत्वपूर्ण पदों पर रहकर अपने कार्यो का कुशलता पूर्वक निर्वहन किया। शमी दक्षिण पूर्व रेलवे कोलकाता दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर कार्यकारी निदेशक भंडार आरडीएसओ लखनऊ तथा डीआरएम पालघाट डिवीजन दक्षिण रेलवे के पद पर अप्रैल 2018 से अक्टूबर 2020 तक कुशलतापूर्वक नेतृत्व किया। केरल में वर्ष 2018 व 2019 में आई बाढ़ के दौरान इनके द्वारा किये गये कार्यो की सराहना की गई।

# मांसपेशियां मोटर न्यूरॉन्स को नियंत्रित करने वाली तंत्रिका को करता भी प्रभावित

**प्रयागराज।** बीमारी आम दिनचर्या की गतिविधि करने की क्षमता को कम कर रही है। समय पर इलाज नहीं उपलब्ध होगा तो वह अपनी मांसपेशियों पर नियंत्रण खो सकती है। क्राउड फंडिंग प्लेटफॉर्म इंपैक्टगुरु डॉट कॉम के माध्यम से इलाहाबाद की 26 वर्षीय अराधिता चोपड़ा अपने एसएमए स्पाइनल मस्कुलर एट्रोफी टाइप टू उपचार के लिए राशि जुटा रही हैं। बीमारी के इलाज के लिए लगभग पांच करोड़ रुपए की लागत आएगी। अब तक छह हजार से अधिक दानदाताओं की मदद से नब्बे लाख रुपये से अधिक की रकम जुटाए हैं। दो साल की उम्र में प्ले ग्रुप में खेलने के बजाए वह एसएमए के निदान के बाद समाज में समायोजित करना सीख रही थी। कई स्कूलों द्वारा उन्हें इस बीमारी के कारण एडमिशन नहीं मिल रहा था तभी एक स्कूल ने उन्हें मददगार की तरह स्वीकार किया छात्रा को अपनी बीमारी और बिगड़ते स्वास्थ्य के कारण आठवीं कक्षा में होम स्कूलिंग जाने पर मजबूर कर दिया।

# एनटीपीसी टांडा सीएसआर के तहत बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभारंभ



**टांडा।** एनटीपीसी टांडा नैगम सामाजिक दायित्व के तहत दो दिवसीय जनपद स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभारंभ समारोहपूर्वक एकलव्य स्टेडियम में किया गया। इस बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभारम्भ समारोह के मुख्य अतिथि डा. हरिओम पाण्डेय, सदस्य विधान परिषद, उत्तर प्रदेश एवं विशिष्ट अतिथि बीसीपलेई, मुख्य महाप्रबंधक, एनटीपीसी टांडा द्वारा संयुक्त रुप से ध्वज फहरा कर किया। इस अवसर पर डा. हरिओम पाण्डेयए ने सभी को सम्बोधित करते हुए कहा कि बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए समय पर खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन होते रहना चाहिए। खेल प्रतियोगिताओं में सहभागिता से बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है। उन्होने अपने संबोधन में जिलास्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले बच्चों को शुभकामानाये दी। उन्होनें आशा व्यक्त की कि ये बच्चे मण्डलीय और राज्यस्तरीय खेल प्रतियोगिताओं में भी चयनित होगें।

इस अवसर पर समारोह के विशिष्ट अतिथि मुख्य महाप्रबंधक, बीसीपलेई, ने अपने संबोधन में कहा कि बच्चों की शिक्षा सदैव हमारी प्राथमिकता रही है। सीएसआर के तहत परियोजना के आसपास के परिषदीय विद्यालयों में अध्ययनरत बच्चों को हर संभव सुविधाएं प्रदान की जाती हैं। बच्चों को खेल के प्रति प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से विभिन्न स्तरों पर खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन अत्यंत आवश्यक है। उन्होनें सभी बच्चों का भरपूर उत्साहवर्द्धन करते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की।

इसी क्रम में महाप्रबंधक ;मानव संसाधनद्ध श्री पाणिग्राही ने अपने संबोधन मे कहा कि परिषदीय विद्यालयों के बच्चों को खेल के प्रति आकर्षित एवं प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष जनपदीय एवं मंडलीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिताओं के आयोजन में सीएसआर के तहत सम्यक् योगदान दिया जा रहा है। हमारा उद्देश्य छात्र.छात्राओं को समुचित खेल का अवसर प्रदान करना है ताकि सभी बच्चों का शारीरिक एवं मानसिक विकास स्वाभाविक रूप से हो सके। इसके साथ.साथ खेल के माध्यम से सभी बच्चों में परस्पर सौहार्द एवं भाईचारे की भावना का विकास भी स्वाभाविक रूप से हो सके। इसके पूर्व जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भोलेन्द्र प्रताप सिंह एवं खण्ड शिक्षा अधिकारियों द्वारा मुख्य अतिथि डा. हरिओम पाण्डेय, सदस्य विधान परिषद, विशिष्ट अतिथि बीसीपलेई, एसएन पाणिग्राही, महाप्रबंधक (मा.संसा.) एवं अन्य गणमान्य अतिथियों का बुके प्रदान कर स्वागत किया गया। एनटीपीसी टांडा सी.एस.आर. के सौजन्य से जनपद स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में पुरस्कार स्वरुप प्रथम पुरस्कार में कम्बलए द्वितीय पुरस्कार में बैडमिंटन एवं तृतीय पुरस्कार के रुप में दिवाल घड़ी तथा ट्राफियाँ एवं अन्य आवश्यक पुरस्कार बच्चों को प्रदान किए गए। इन पुरस्कारों को पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे।

# मुस्लिम एजुकेशनल एसोसिएशन के प्रबंधक बने उबैदुर्रहमान

**टाण्डा अम्बेडकर नगर।** दी टाण्डा मुस्लिम एजुकेशनल एशोसियेशन के तहत संचालित टाण्डा नगर के कौमी इंटर कालेज के प्रबंधक उबैदुर्रहमान बनाये गए साथ ही प्रबंध समिति की कुल 30 सदस्यों की सूची की पुष्टि की गई। कौमी इंटर कालेज प्रबंध समिति की बैठक संस्था के अध्यक्ष हाजी मो0 हनीफ की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई जिसमें बीते 14 अगस्त को 22 को प्रबंधक मो0 हाशिम के स्थान पर उबैदुर्रहमान को प्रबंधक बनाया गया वहीं समिति में बनाये गए 15 नए सदस्यों की सूची उप निबंधक फर्म्स सोसाइटी एवं चिट्स अयोध्या मंडल अयोध्या द्वारा बीते 11 नवम्बर 22 को एक सदस्य इम्तियाज अहंमद की आपत्ति निरस्त करने के बाद नई सदस्य सूची स्वीकृत के बाद बैठक में कुल नए पुराने 30 सदस्यों की सूची की पुष्टि की गई। मो. कौशैन, अतीकुर्रहमान, मो. इरफान, नबी अहंमद, अली अहमद, हाजी कफील अंसारी, इकबाल अहंमद, हेलाल अशरफ आदि लोग मौजूद रहे।

अपराधियों के खिलाफसीतापुर पुलिस का जब्तीकरण अभियान जारी

# डीएम के निर्देश पर जब्त की 15 लाख की सम्पत्ति

संवाददाता। सीतापुर

● अभियुक्त जहीर बाबू पुत्र रफीक निवासी मोहल्ला पीलखाना पैंतेपुर की सम्पत्ति हुई कुर्क

●ग्राम पैंतेपुर में 600 वर्ग फिट का पक्का मकान किया गया कुर्क, अभियुक्त जहीर बाबू पर यूपी गैंगस्टर एक्ट की धारा 2/3 के तहत की गयी कार्रवाई

**सीतापुर पुलिस** द्वारा अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत गुरूवार को बड़ी कार्रवाई की गयी। सीतापुर पुलिस द्वारा आपराधिक कृत्यों से अर्जित करीब 15 लाख की सम्पत्ति कुर्क करने की कार्रवाई की गयी तथा सम्बन्धित धाराओं में अभियोग पंजीकृत किए गए। जिलाधिकारी अनुज सिंह के निर्देश पर महमूदाबाद पुलिस द्वारा गोवंशीय पशुओं के अवैध कारोबार से अर्जित करीब 15 लाख की सम्पत्ति जब्त कर गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की गयी। सीतापुर पुलिस द्वारा जारी किए गए प्रेस नोट के मुताबिक थाना महमूदाबाद क्षेत्र निवासी अभियुक्त जहीर बाबू पुत्र रफीक निवासी मोहल्ला पीलखाना, पैंतेपुर पर मुकदमा अपराध संख्या 226/22 धारा /3 यूपी गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की गयी। अभियुक्त जहीर बाबू अपना एक संगठित गिरोह बनाकर व अपने गैंग के सदस्यों के माध्यम से आर्थिक एवं भौतिक लाभ हेतु गोवंशीय पशुओं के अवैध कारोबार जैसे अपराध करने का अभ्यस्थ अपराधी है। अभियुक्त जहीर बाबू के विरूद्ध उक्त अपराध के सम्बन्ध में पूर्व में भी अभियोग पंजीकृत है। अभियुक्त की आय का कोई ज्ञात स्त्रोत नहीं था व इतनी पैतृक सम्पत्ति नहीं है कि जिसकी आमदनी से इतने कम समय में इतनी मूल्यवान सम्पत्ति खरीदी जा सके। अपराध से अर्जित सम्पत्ति का उपयोग अभियुक्त जहीर बाबू व उसके परिवारीजनों द्वारा किया जा रहा है। पुलिस द्वारा प्रेषित रिपोर्ट के आधार पर जिलाधिकारी सीतापुर द्वारा अभियुक्त जहीर बाबू की अपराध से अर्जित सम्पत्ति का आदेश निर्गत किया गया। पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में ग्राम पैंतेपुर में 600 वर्ग फीट का एक पक्का मकान कुर्क किया गया। जिसकी अनुमानित कीमत 15 लाख 10 हजार रूपए है। अभियुक्त जहीर बाबू पर थाना महमूदाबाद में पूर्व में मुकदमा अपराध संख्या 226/20, धारा 2/3 यूपी गैंगस्टर अधिनियम मुकदमा अपराध संख्या 17/15, 5/8, गोवध निवारण अधिनियम व 11 पशु क्रूरता अधिनियम, मुकदमा अपराध संख्या 88/15, धारा 5/8, गोवध निवारण अधिनियम व 11 पशु क्रूरता अधिनियम, मुकदमा अपराध संख्या 188/16, धारा 3/5ए/8 गोवध निवारण अधिनियम मुकदमा अपराध संख्या 332/19 धारा 3/5ए/8 गोवध निवारण अधिनियम व मुकदमा अपराध संख्या 98/18 धारा 3/5ए/8 गोवध निवारण अधिनियम के तहत मुकदमे पंजीकृत हैं।

# जिला विद्यालय निरीक्षक के ताबड़तोड़ निरीक्षण से हड़कम्प

● अवैध रूप से बिना मान्यता के धड़ल्ले से संचालित हो रहे थे करीब डेढ़ दर्जन विद्यालय

●न्यूनतम छात्र संख्या पाये जाने पर स्पष्टीकरण तलब, कई विद्यालयों को जारी की गई कारण बताओ नोटिस

संवाददाता। सीतापुर

**जिला विद्यालय** निरीक्षक सीतापुर द्वारा ताबड़तोड़ किए गए औचक निरीक्षण से कॉलेज संचालकों में हड़कम्प मच गया। निरीक्षण के दौरान कई विद्यालय अवैध रूप से बिना मान्यता के संचालित होना पाए गए जिनके विरूद्ध कारण बताओ नोटिस निर्गत करते हुए, संस्था व व्यक्ति पक्ष प्राप्त कर यथाशीघ्र नियमानुसार प्रथम सूचना रिपोर्ट अथवा प्राविधानुसार कार्यवाही किये जाने सम्बन्धी कार्यवाही गतिमान है। डीआईओएस अनूप कुमार तिवारी ने बताया कि जनता इण्टर कालेज, रंगवा-रौसी, सेण्ट बिला इण्टर कालेज लहरपुर, खेमकरन इण्टर कालेज लहरपुर, चुन्टू लाल राम प्यारी स्कूल मछरेहटा, श्री बाला जी पब्लिक स्कूल मछरेहटा, न्यू रेडियण्ट पब्लिक स्कूल रिछाई, कमला देवी शिक्षा निकेतन इण्टर कालेज, झेरखापुर, विद्या दीप पब्लिक स्कूल झरेखापुर , गुरूनानक इण्टर कालेज जहाँगीराबाद हरगांव, सुन्दर लाल स्मारक इण्टर कालेज हैदरपुर हरगांव एवं महात्मा बुद्ध पब्लिक स्कूल हरिहरपुर निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सीतापुर में कतिपय विद्यालय क्रमशः चुन्टू लाल राम प्यारी स्कूल मछरेहटा, श्री बाला जी पब्लिक स्कूल मछरेहटा, विद्या दीप पब्लिक स्कूल झरेखापुर एवं महात्मा बुद्ध पब्लिक स्कूल हरिहरपुर का बिना मान्यता के विद्यालय के संचालन किया जाना पाया गया। जिनके विरूद्ध कारण बताओ नोटिर्स निर्गत करते हुए संस्था व व्यक्तिपक्ष प्राप्त कर यथाशीघ्र

नियमानुसार प्रथम सूचना रिपोर्ट अथवा प्राविधानुसार कार्रवाई किए जाने सम्बन्धी कार्यवाही गतिमान है। मान्यता प्राप्त विद्यालय क्रमशः जनता इण्टर कालेज, रंगवा-रौसी, सेण्ट बिला इण्टर कालेज लहरपुर, न्यू रेडियण्ट पब्लिक स्कूल रिछाई, कमला देवी शिक्षा निकेतन इण्टर कालेज झेरखापुर, गुरूनानक इण्टर कालेज जहाँगीराबाद हरगांव एवं सुन्दर लाल स्मारक इण्टर कालेज हैदरपुर हरगांव में अति न्यूनतम छात्र संख्या एवं मान्यता सम्बन्धी मानकों की पूर्ति न होने के दृष्टिगत नियमानुसार स्पष्टीकरण उपलब्ध कराने के निर्देश प्रदान करने के साथ 15 दिवस के भीतर मानकों की पूर्ति किये जाने के निर्देश प्रदान किये गये है। अशासकीय विद्यालय खेमकरन इण्टर कालेज लहरपुर की जांच के दौरान अति न्यूनतम छात्र संख्या, शिक्षकों की समस्या, विद्यालय की स्थिति व प्रबन्धन में सुधार लाने हेतु निर्देशित करने के साथ स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश प्रदान किये गये।

## कार्तिक पूर्णिमा मेले में प्रसिद्ध कवियों ने बिखेरा जादू

**सीतापुर।** हरगांव के कार्तिक पूर्णिमा मेले में बुधवार की रात श्रोता जहां वीर रस की रचनाओं को सुनकर जोश से भर गए, वहीं हास्य और व्यंग की फुहारों से लोटपोट होते रहे। मेले में आयोजित अखिल भारतीय कवि सम्मेलन में देश के कई प्रसिद्ध कवियों ने अपनी आवाज का जादू बिखेरा। कवि सम्मेलन का शुभारंभ सरस्वती वंदना से हुआ। मिश्रिख के कवि रोहित विश्वकर्मा ने सरस्वती वंदना करते हुए कहा मां शारदे विनती हर बार है, आपका सुत नहीं मां समझदार है। उसके बाद लखनऊ से आए कवि योगेश चौहान की रचना यदि पटेल भारत माता के आँगन में जिन्दा होता, तो देशद्रोहियों के गर्दन में फँसी का फंद्रा होता ने पूरे पंडाल में जोश भर दिया।

## क्विक न्यूज

### नदी में मिली लापता युवक की लाश, हत्या की आशंका

**बरेली ।** कई दिनों से लापता एक युवक की लाश कल शाम को घर से दूर नदी में पाई गई सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को शिनाख्त के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा मृतक के घर वालों ने हत्या की आशंका जताई। फरीदपुर थाना क्षेत्र के परा मोहल्ला निवासी 35 वर्षीय जगपाल सिंह पुत्र वेद राम की लाश कल शाम को फरीदपुर थाना क्षेत्र में मथुरापुर गांव के पास बहगुल नदी में पाई गई पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के भाई कुंवर पाल ने हत्या की आशंका जताते हुए बताया कि जगपाल 19 नवंबर को रोजाना की तरह सुबह टहलने के लिए घर से निकला था जाते समय उसने कहा कि वह वापस लौटकर दवा लेने जाएगा लेकिन वह वापस नहीं लौटा शाम तक इंतजार करने के बाद घर वालों ने उसे तलाशने की कोशिश शुरू कर दी लेकिन उसका कुछ पता नहीं चला तब अगले ही दिन थाने में उसकी गुमशुदगी दर्ज करा दी गई इधर कल शाम को उसकी लाश बहगुल नदी में पाई गई घटना की जानकारी स्थानीय लोगों ने पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस ने शवको नदी से निकाल कर मृतक के घरवालों को सूचना दी तब मौके पर पहुंचे घर वालों ने हत्या की आशंका जताई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा मृतक के भाई कुवर पाल ने बताया कि उसके भाई की शर्ट और बनियान अभी भी गायब है पुलिस मामले की जांच कर रही है मृतक 5 बच्चों का पिता था उसकी पत्नी का नाम अनीता देवी है

### कक्षा आठ की छात्रा से रेप कर आरोपी फरार

**बरेली ।** कक्षा आठ की छात्रा को बहला-फुसलाकर होटल में ले जाने के बाद दूसरे समुदाय के एक युवक ने नशा देकर रेप किया और जान से मारने की धमकी दी पता चलने पर घटना की शिकायत पुलिस से की गई पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले पिता शुरू करते हुए आरोपी को गिरफ्तार करने की कोशिश शुरू कर दी । इज्जत नगर थाना क्षेत्र के एक गांव में रहने वाली कक्षा आठ की छात्रा के परिजनों के साथ हिंदू जागरण मंच के दुर्गेश गुप्ता व अन्य कार्यकर्ता इज्जत नगर थाने पहुंचे जहां छात्रा के परिजनों ने बताया कि छात्रा कक्षा 8 में पढ़ती है और उसकी जान-पहचान इज्जत नगर थाना क्षेत्र के गांव फरीदापुर चौधरी निवासी फरमान अली से हो गई 22 नवंबर को फरमान अली छात्रा को अपने साथ बहला-फुसलाकर स्टेशन तक ले गया था लेकिन स्टेशन के बजाय वह उसे लेकर होटल पहुंचा और वहीं पर उसको धोखे से नशा देकर रेप किया होश आने पर छात्रा रोने लगे और तब फरमान ने उसे जान से मारने की धमकी देते हुए कहा कि अगर उसने यह बात किसी अन्य को बताई तो वह उसके माता-पिता व परिवार के अन्य लोगों को मार देगा घर लौटने के बाद छात्रा को परेशानी हुई तब उसकी मां ने उससे पूछताछ की तब आज हिंदू जागरण मंच के कार्यकर्ताओं के साथ थाना पहुंचकर फरमान के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार करने की कोशिश शुरू कर दी जो फरार बताया जाता है

### लकड़ी कारोबारी के करीबियों पर शक

**बरेली।** लकड़ी ठेकेदार से लाखों की नकदी लूटने वाले बदमाशों का पुलिस को कोई सुराग नहीं मिला है। शुरुआती जांच में पुलिस का शक ठेकेदार के करीबियों और मिलने जुलने वालों और काम छोडकर जा चुके लोगों पर हैं। पुलिस सभी की कुंडली खंगाल रही है ताकि बदमाशों तक पहुंचा जा सके। ज्ञात हो कि नरियावल के रहने वाले गिरीश कुमार लकड़ी ठेकेदार हैं। वह आए दिन लकड़ी खरीदने और बेचने का काम करते हैं। बुधवार की सुबह वह अपनी गाड़ी से लकड़ी खरीदने जा रहे थे। उन्होने एक बैग में छह लाख और दूसरे बैग में एक लाख रुपए रखे हुए थे। घर से कुछ ही दूरी पर रोहिला इंटरनेशनल स्कूल के सामने बाइक सवार बदमाशों ने उनकी गाड़ी पर लात मारकर गिरा दी थी। हेलमेट लगाए दोनों बदमाशों ने तमंचे के बल पर नकदी से भरा हुआ बैग लूट लिया था। इस दौरान बदमाशों ने तंमचा लहराते हुए ठेकेदार को जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए थे। घटना की जानकारी पर पहुंची पुलिस ने छानबीन की। इस दौरान पुलिस को रोहिला इंटर नेशनल स्कूल में लगे सीसीटीवी कैमरे में फरार हो रहे बदमाशों की फुटेज मिली थी। जिसमें दोनों बदमाश हेलमेट लगाए हुए दिखाई दिए वह बाइक से फरार होते हुए दिखाई दे रहे थे। इसके बावजूद अब तक पुलिस फरार बदमाशों का कई सुराग नहीं जुटा पाई है। पुलिस लुटेरों की तलाश में हर पहलू पर जांच कर रही है।

# संविलियन विद्यालय दुलही में सीसीटीवी कैमरे व झूले का क्षेत्रीय विधायक ने किया लोकार्पण





**निघासन खीरी।** रमिया बेह? ब्लॉक क्षेत्र के उच्च प्राथमिक विद्यालय दुलही 1 से 8 तक में सीसीटीवी कैमरा एवं झूलों का लोकार्पण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में विधायक धौराहरा विनोद शंकर अवस्थी तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में खण्ड शिक्षा अधिकारी रमियाबेहड कार्यक्रम में उपस्थित रहे।कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती पूजन से हुआ। तत्पश्चात सरस्वती वंदना और स्वागत गीत की मनमोहक प्रस्तुति विद्यालय के बच्चों के द्वारा की गई। बच्चों के द्वारा नशा उन्मूलन संबंधित एक नृत्य नाटिका प्रस्तुत की गई, जिसकी सब ने खूब सराहना की। विनोद लोधी, पंकज गिरी, विश्वनाथ मौर्य, खंड शिक्षा अधिकारी रमियाबेहड तथा एआरपी अजय कुमार वर्मा के द्वारा के बच्चों को नगद पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया। इंचार्ज प्रधानाध्यापक ओमप्रकाश ने बताया कि झूलों की व्यवस्था सामुदायिक सहभागिता के द्वारा किया गया। विद्यालय में पहले पहले से स्थापित विद्यालय कोष जिसमे अभिभावक, संभ्रांत लोगो विद्यालय परिवार के सदस्यों द्वारा दान दिया जाता है और सर्वसम्मत से प्रस्तावित कार्यों में से कोई एक कार्य उपलब्ध धन से विद्यालय और बच्चों के हित में कराए जाते है। पूर्व में भी विद्यालय में एलसीडी, प्रोजेक्टर सहित स्मार्ट कक्षा की व्यवस्था की गई है। विद्यालय में सीसीटीवी की व्यवस्था स्वयं इंचार्ज प्रधानाध्यापक ओम प्रकाश ने की। विधायक धौरहरा माननीय विनोद शंकर अवस्थी ने विद्यालय मे किए गए प्रयासों की जमकर सराहना की विद्यालय का कैंपस साफ सफाई और व्यवस्थाओं हेतु इंचार्ज प्रधानाध्यापक ओम प्रकाश की खूब प्रशंसा की और आगंतुक/निरीक्षण पंजिका में लिखा कि मै इस विद्यालय से खुश हूं तथा विद्यालय के हीरोइक प्रदर्शन की कामना करता हूं। भाजपा जिला मंत्री विनोद लोधी ने भी विद्यालय और एडीओ महोदय के द्वारा विद्यालय के इंचार्ज प्रधानाध्यापक ओमप्रकाश व विद्यालय स्टॉफ की प्रशंशा की। सबने आश्वस्त किया कि विद्यालय के हित में हरवक्त सहयोग करने को तैयार है। इस अवसर पर विश्वनाथ मौर्य अध्यक्ष, प्राथमिक शिक्षक शिक्षक संघ के अध्यक्ष शशिकांत वर्मा, मंत्री हरिओम अवस्थी, उच्च प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष उमेश चौरसिया, राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के अध्यक्ष विवेक पटेल, मंत्री दानवीर यादव, पूर्व मंत्री राकेश प्रताप सहित कई वरिष्ठ शिक्षक जिनमें धर्मराज मौर्य, परशुराम, कमलेश अवस्थी डी के राम सहित जगमोहन, तारकेश्वर राय, प्रशांत बाजपई आदि के साथ समस्त एआरपी जिनमें राम मोहन, आशीष श्रीवास्तव, संतोष वर्मा, अनीता मिश्रा, अजय वर्मा व कई संकुल शिक्षक उपस्थित रहे। उपस्थित अतिथियों को स्मृति चिन्ह दिया गया। सारे कार्यक्रम में दुलही के शिक्षकों सखाराम, ब्रह्म प्रकाश, गरिमा गुप्ता केशव राम मौर्य, कपिल मौर्य का सराहनीय योगदान रहा।

## किसानों को समय से खाद दिलाने की समस्या पर कांग्रेस ने भेजा ज्ञापन

**लखीमपुर-खीरी।** जिला कांग्रेस कमेटी ने प्रदेश के आवाहन पर रबी की फसल बुवाई के समय खाद न उपलब्ध होने के कारण किसानों को हो रही समस्याओं को लेकर एक ज्ञापन उप जिलाधिकारी के माध्यम से राज्यपाल को सौंपा। जिला कांग्रेस द्वारा धरना-प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष पहलाद पटेल ने कहा ष्आज रबी की फसल बुआई के समय खाद की कालाबाजारी शुरू हो गई है। खाद के लिए किसान सुबह से शाम तक लाइन में ख?ा रहता है लेकिन खाद नहीं मिल पा रही है। सहकारी समितियों पर ताला प?ा हुआ है गन्ना किसानों को बकाया भुगतान आज तक नहीं हुआ है। गोला के उपचुनाव में प्रदेश के मुख्यमंत्री घोषणा कर के गए थे कि चीनी मिल शुरू होते ही किसानों का भुगतान मिलेगा लेकिन हमेशा की तरह एक बार फिर वो एक जुमला साबित हुआ। जिला अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ रीतू राज ने कहा किखाद न मिलने के कारण फसल बुवाई नहीं हो पा रही है।आज सरकार किसानों को पूरी तरह से समाप्त करने पर तुली है जिसका कांग्रेस पार्टी जोरदार तरीके से विरोध करेगी और किसानों को जब तक खाद नहीं मिलेगी कांग्रेस पार्टी चुप नहीं बैठेगी।

## राष्ट्रीय किसान मोर्चा महासंघ ने ज्ञापन सौंपा

**मोहम्मदी-लखीमपुर।** राष्ट्रीय किसान मोर्चा महासंघ ने समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी के स्टेनो को सौंपा। ज्ञापन मे कहा है कि किसानों की प्रमुख समस्याओं को वरीयता क्रम में रखा जाए। बैंक आदि कर्मचारियों द्वारा मैत्री भाव बनाए रखा जाए व खाद्य आपूर्ति विभाग द्वारा उचित दर विक्रेताओं पर कार्डधारकों को मानक के अनुरूप राशन ना दिए जाने की समस्या का निराकरण किया जाए। प्रशासन द्वारा पत्रकारों पर झूठे मुकदमे ना लिखे जाएं तथा अवैध खनन को लेकर क्षेत्रीय पुलिस प्रशासन द्वारा निगरानी कडाई से की जाए। इसके साथ ही नग रपालिका परिषद के अंतर्गत मार्गों पर जलभराव एवं जल निकासी की समस्या को दूर करने का आग्रह किया गया व ग्रामीण अंचलों में समुचित विकास कार्यों की जांच कराए जाए। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिनेश सिंह सोमवंशी ने मांग की है कि विकास कार्य को पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ कराया जाए। योजनाओं का प्रचार-प्रसार कराया जाए। ताकि वह जनता तक पहुंच सके।

## महिलाओं ने सीखा मोमबत्ती, अगरबत्ती बनाने का हुनर, बनेंगी स्वावलंबी

**लखीमपुर खीरी ।** इंड बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान में मोमबत्ती, अगरबत्ती निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हुआ।समापन कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त स्वतरू रोजगार राजेंद्र श्रीवास ने सभी प्रशिक्षुओं को स्वरोजगार करने, आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। प्रशिक्षण में दिया हुनर महिलाओं को स्वाबलंबी बनाने के साथ आत्मनिर्भर बनाने का मार्ग प्रशस्त करेगा। महिलाएं अगर ठान लें तो क्या कुछ नहीं कर सकती हैं। इंड बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान के निदेशक राकेश कुमार ने सभी प्रशिक्षुओं को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। प्रशिक्षुओं को प्रमाणपत्र वितरित किए।

## पदयात्रा में शामिल दो महिलाओं की हालत बिगड़ी

**सीतापुर।** सीएम योगी से मिलकर अपनी समस्याएं सुनाने जा रहे रोहियाशिवपुर के ग्रामीणों की पदयात्रा गुरूवार की शाम कस्बा रेउसा पहुंची। इस दौरान पदयात्रा में शामिल दो ग्रामीण महिलाओं की बुधवार रात अचानक तबियत खराब हो गई। जिनका स्थानीय चिकित्सकों से इलाज कराया गया। यात्रा का नेतृत्व कर रहे लोगों ने उन्हें घर वापस भेजना चाहा लेकिन वह सीएम से मिलकर अपनी फरियाद सुनाना चाह रही हैं, यह कहकर बीमार हुई महिला 65 वर्षीया सुखदेई और 40 वर्षीया रामबेटी ने घर वापस जाने से मना कर दिया। पदयात्रा में शामिल ग्रामीण दूसरे दिन गुरूवार को रेउसा कस्बा पहुंचे यहां कस्बे के मुख्य चौराहा अटल चौक पर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। करीब 15 मिनट तक ग्रामीणों के प्रदर्शन से चौराहे पर जाम की स्थिति उत्पन्न हो गई। यह देख प्रदर्शनकारियों ने स्वयं प्रदर्शन करना बंद कर दिया और यहां से चलकर कस्बा स्थित हनुमान मंदिर पर डेरा डाला।ब्लाक बेहटा के ग्राम रोहियाशिवपुर के ग्रामीण गांव में 15 नवंबर से धरना दे रहे थे, सुनवाई न होने पर 23 नवंबर को करीब आधा सैकड़ा ग्रामीणों ने सीएम योगी आदित्यनाथ से मिलने के लिए धरना स्थल से पदयात्रा शुरू कर दी। बुधवार को शिवपुर से चलकर यात्रा करते हुए ग्रामीण बेहटा ब्लाक के पढरिया खम्हरिया पहुंचे और यहां स्थित विद्यालय में रात गुजारी। पदयात्रा का नेतृत्व कटान पीड़ित संघर्ष मोर्चा के अशोक मौर्य व कटान रोको संघर्ष मोर्चा के विनीत तिवारी द्वारा किया जा रहा है।

## धमाल मचाएगा ड्रामा

लखनऊ। शेमारू उमंग अपने दमदार ओरिजिनल फैंटेसी ड्रामा श्राज़ महल् के साथ अपने दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए पूरी तरह तैयार है। 28 नवंबर से यह शो चैनल के प्राइम टाइम पर प्रसारित होगा।शो में राजकुमार अधिराज का किरदार निभाने वाले अभिनेता हिमांशु सोनी कहते हैंए ष्मैं श्राज़ महलश् का हिस्सा बनकर बहुत खुश हूँ। इस शो का एक अनूठा आधार है और बेशक दर्शकों को एक डाकिनी और शाही परिवार की कहानी पसंद आएगी। अभिनेत्री नेहा हरसोरा कहती हैंए श्राज़ महल दर्शकों को अपनी अनूठी कहानी और बेहतरीन दृश्यों से दर्शकों का दिल जीत लेगा। मैं इस शो का हिस्सा बनने को लेकर बहुत उत्साहित हूं।

# केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री ने नगर पंचायत जनसंपर्क कार्यालय का किया उद्घाटन





**निघासन-खीरी।** केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री ने नगर पंचायत प्रत्याशी पूर्व प्रधान बद्री प्रसाद मौर्य के जन सम्पर्क कार्यालय झंडी रोड पर फीताकाट कर किया शुभारंभ।सुबह सुंदर कांड के पाठ के साथ कार्यालय का हुआ उद्धघाटन।हजारो की संख्या में प्रत्याशी के नगर पंचायत के विभिन्न वार्डों से आये समर्थक सुबह से जन सम्पर्क कार्यालय बैठकर प्रत्याशी बद्री प्रसाद मौर्य को जीताने के लिये आश्वश्त करते दिखे वही कई वक्ताओ ने मंच से बद्रीप्रसाद मौर्य को नगर पंचायत चुनाव में जीताने की अपील व सहयोग के लिये निवेदन किया वही सभी ने पूरा सहयोग व वोट देने का सकंल्प किया वही जीताने के लिये पूरा आश्वासन दिया। मंच का संचालन संगम लाल मिश्रा ने किया।इस दौरान सासंद प्रतिनिधि निघासन अरविन्द सिंह संजय पलिया सांसद प्रतिनिधि दीपक तलवार सिंगाही चेयरमैन उत्तम मिश्रा,महेश गुप्ता,पूर्व जिला उपाध्यक्ष दयाशंकर मौर्य,सीमा जागरण मंच के जिलाध्यक्ष विनय जायसवाल,विपिन मौर्य,श्यामू पटेल,ध्रुव लोधी सहित हजारो की संख्या में लोग मौजूद रहे।

# इफको ने सिलाई मशीन का किया वितरण नैनो यूरिया का महत्व पर हुई विचार गोष्ठी



**बरेली ।** इफ्को आंवला इकाई एवं कोआपरेटिव रूरल डेवलेपमेन्ट ट्रस्ट आंवला द्वारा आंवला बरेली में सिलाई मशीन वितरण कार्यक्रम एवं फसलों की उन्नत पैदावार में नैनो यूरिया ( तरल) का महत्व एवं उपयोग पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में चौ0 शीशपाल सिंह ( अध्यक्ष कोरडेट) इफ्को ने भाग लिया तथा कार्यक्रम में किसानों को सम्बोधित करते हुए वैज्ञानिक तरीके से खेती करने एवं नेनो फर्टिलाइजर के बारे में सलाह दी उन्होने बताया एक बोतल नेनो यूरिया (500 एम.एल) एक बोरी यूरिया का काम करेगी जिसको ले जाने में बहुत ही आसानी होगी। विशिष्ट अतिथि के रूप में सम्मिलित श्री राकेश पुरी (वरि0 कार्यकारी निदे श क) इफ्को, आंवला ने इफ्को नेनो फर्टिलाइजर के बारे में किसानों को विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि इसके उपयोग से पैदावार में वृद्धि के साथ-साथ फसल की गुणवक्ता एवं उत्पादन में वृद्धि होगी जिसकी जानकारी दी। विशिष्ट अतिथि के रूप में सम्मिलित श्री अभिमन्यु राय (सचिव) इफ्को, कोरडेट ने किसानों को मृदा परीक्षण के महत्व की जानकारी दी एवं अनुरोध किया की मृदा परीक्षण के बाद ही फसलों में उर्वरकों का प्रयोग करना चाहिए। कोआपरेटिव रूरल डेवलेपमेन्ट ट्रस्ट आंवला के प्रभारी बन्टूराम एवं फूलपुर के प्रधानाचार्य श्री राजेन्द्र यादव ने किसानों एवं अतिथियों का स्वागत करते हुए संस्थान द्वारा कृषक हित में चलायी जा रही योजनाओं की जानकारी दी एवं कृषकों को जल विलेय उर्वरकों एवं सागरिका के महत्व एवं उपयोग करने के बारे में जानकारी दी एवं कोरडेट आंवला पर उत्पादित विभिन्न प्रकार के जैव उर्वरकों के बारे में प्रयोग विधि, मात्रा, होने वाले लाभ के बारे में विस्तृत रूप से किसानों को जानकारी दी। इस कार्यक्रम में ग्राम पखुरनी सैंधा, इस्लामाबाद, एवं नितोई की 25 महीलाओं को चौ0 शीशपाल सिंह ( अध्यक्ष, कोरडेट) इफ्को एवं श्री राके श पुरी (वरि0 कार्यकारी निदे श क) इफ्को, आंवला के द्वारा सिलाई मशीन वितरित की गई ।उक्त कार्यक्रम में कोरडेट फूलपुर मृदा परिक्षण विभाग के श्री हरीश चन्द्र जी, श्री अमित कुमार का सहयोग सराहनीय रहा।

# हर माह की 15 तारीख को स्वास्थ्य इकाइयों पर मनाया जाएगा निक्षय दिवस

संवाददाता। लखीमपुर-खीरी

● जिले में 7851 हजार टीबी मरीजों की अधिसूचना का लक्ष्य

●क्षय रोगियों को गुणवत्तापरक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी

●बलगम के नमूने लेने के लिए खुले स्थान पर बनाये जाएंगे कफ कॉर्नर

**क्षय रोगियों को** पूर्ण स्वस्थ बनाने तथा गुणवत्तापरक उपचारसुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए जनपद के सभी जिला अस्पताल, नगरीय एवं ग्रामीण सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (सीएचसी), प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों (पीएचसी) तथा हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर हर माह की 15 तारीख को निक्षय दिवस का आयोजन होगा। इस संबंध में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन- उत्तर प्रदेश की मिशन निदेशक अपर्णा उपाध्याय ने संबंधित अधिकारियों को पत्र जारी कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. संतोष गुप्ता ने बताया कि क्षय रोग (टीबी) एक प्रमुख सामाजिक समस्या है प्रधानमंत्री ने देश से साल 2025 तक क्षय उन्मूलन का लक्ष्य रखा है। जनपद में राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत 9400 क्षय रोगियों की अधिसूचना का लक्ष्य रखा गया है। इसी क्रम में सभी क्षय रोगियों को पूरी तरह से स्वस्थ होने तथा गुणवत्ता परक सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए जनपद के सभी जिला अस्पताल, नगरीय एवं ग्रामीण सामुदायिक स्वस्थ्य केंद्र (सीएचसी) तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) तथा हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर हर माह की 15 तारीख को निक्षय दिवस मनाया जाएगा।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम (एनटीईपी) के तहत स्वास्थ्य केंद्र पर ओपीडी में आने वाले मरीजों की संख्या के सापेक्ष 10 फीसद लक्षण युक्त मरीजों की बलगम की जांच की जाएगी। सभी संभावित क्षय रोगियों की सूची के अनुसार उनकी जांच और उनके बैठने की व्यवस्था खुले स्थान पर की जाएगी। एचआईवी और डायबिटीज की जांच अवश्य



कराई जाएगी। बलगम के नमूने लेने के लिए स्वास्थ्य केंद्र के बाहर खुले स्थान पर कफ कॉर्नर बनाए जाएंगे। इसकेसाथ ही दवाओं का वितरण भी निशुल्क किया जाएगा। संभावित क्षय रोगियों को टीबी के लक्षण, जांच एवं उपचार संबंधी परामर्श दिया जाएगा। निजी चिकित्सकों को टीबी नोटिफिकेशन, कॉन्टेक्ट ट्रेसिंग और फॉलो अप के प्रेरित किया जाएगा।मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि यदि माह की 15 तारीख को रविवार या कोई अन्य अवकाश प?ेगा तो अगले कार्य दिवस पर निक्षय दिवस का आयोजन किया जाएगा। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन(आईएमए) को भी निक्षय दिवस के बारे में जानकारी दी जाएगी और निजी अस्पतालों में भी इसका आयोजन सुनिश्चित किया जाएगा। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ अनिल कुमार गुप्ता ने बताया कि निक्षय दिवस के आयोजन से पहले आशा कार्यकर्ता गृह भ्रमण के दौरान संभावित क्षय रोगियों का चिन्हीकरण करेंगी। वह ऐसे मरीजों की सूची बनायेंगी जिन्हें दो हफ्ते से ज्यादा खांसी या बुखार हो, वजन में लगातार कमी आ रही हो, भूख न लग रही हो और बलगम से खून आ रहा हो और उन्हें निकटतम हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर संदर्भित करेंगी द्य यदि मरीज स्वास्थ्य केंद्र पर जाने में असमर्थ है तो आशा कार्यकर्ता 15 तारीख को हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर या निकटतम स्वास्थ्य केंद्र पर लेकर आएँगी। इसके अलावा वह संभावित क्षय रोगी के परिवार के सदस्यों की सूची भी बनायेंगी और इसे समुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी(सीएचओ) और आशा संगिनी के माध्यम से संबंधित सीनियर ट्रीटमेंट सुपरवाइजर को उपलब्ध कराएंगी। सभी संभावित क्षय रोगियों को निक्षय दिवस से पहले ही आशा कार्यकर्ता द्वारा पहले से ही बलगम कंटेनर उपलब्ध करा दिया जाएगा ताकि मरीज अपने सुबह के बलगम के साथ स्वास्थ्य केंद्र पर आए।सीएचओ एवं आशा कार्यकर्ता द्वारा निक्षय दिवस पर प्रदान की जाने वाली सेवाओं का प्रचार प्रसार किया जाएगा। हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर सीएचओ द्वारा उन मरीजों की उपलब्धता के आधार पर प्रारम्भिक जांच-डायबिटीज, एचआईवी एवं अन्य जाँचें सुनिश्चित की जाएंगी और बलगम का नमूना एकत्र किया जाएगा। सभी संग्रह नमूनों को प्रिसंपटिव आईडी बनाते हुए नजदीकी टीबी जांच केंद्र पर भेजा जाएगा। ऐसे उपकेन्द्र जो हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर में तब्दील नहीं हुए हैं उन्हें पास के हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर से टैग करना होगा।जिला क्षय रोग अधिकारी ने बताया कि सीनियर टीबी लैब सुपरवाइजर (एसटीएलएस) एवं लैब टैक्नीशियन द्वारा एचआईवी एवं डायबिटीज की जांच से छूटे हुए क्षय रोगी की जांच इस दिन सुनिश्चित की जाएगी। निक्षय पोर्टल के उन क्षय रोगियों, जिनकी दवा के प्रति संवेदनशीलता की जांच नहीं हुई है, सभी रोगियों के पहले से एकत्र किए गए बलगम के नमूनों कोउसी दिन जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा जाएगा। इसके अलावा निक्षय पोषण योजना से संबंधित तकनीकी मसलों को भी हल किया जाएगा एवं बीच में इलाज छोड़ चुके मरीजों का फॉलोअप कर पुनः इलाज शुरू कराया जाएगा।

# कांग्रेस ने गांधीवादी मूल्यों का पालन नहीं किया : मोदी

**● भाजपा सरकार ने गुजरात के शिक्षा क्षेत्र में व्यापक बदलाव किए: प्रधानमंत्री**

**भाषा।** अहमदाबाद



**प्रधानमंत्री नरेंद्र** मोदी ने बृहस्पतिवार को कहा कि पिछली कांग्रेस सरकारों ने महात्मा गांधी के मूल्यों का पालन नहीं किया और गुजरात के गांवों की उपेक्षा की।

मोदी गुजरात में अहमदाबाद जिले के बावला गांव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवारों के लिए एक प्रचार रैली में बोल रहे थे। उन्होंने कहा, "महात्मा गांधी कहते थे कि भारत की आत्मा गांवों में बसती है। लेकिन कांग्रेस नेताओं ने ऐसे गांधीवादी मूल्यों का पालन करने की कभी परवाह नहीं की। उन्होंने वास्तव में उस आत्मा को कुचल दिया। गांवों की उपेक्षा की गई और उनकी वास्तविक क्षमता को कभी समझा नहीं गया। प्रधानमंत्री ने कहा कि गांवों और शहरों के बीच की खाई कांग्रेस सरकारों के तहत ही चौड़ी हुई, जिसने दोनों के बीच संघर्ष का लाभ भी लिया। उन्होंने दावा किया, आज हर कोई गुजरात की पंचायती राज व्यवस्था की सराहना करता है। लेकिन कांग्रेस के शासन के दौरान उस विभाग का बजट सिर्फ 100 करोड़ रुपए था। प्रधानमंत्री ने कहा कि सत्ता में आने के बाद भाजपा ने गांवों में बिजली और नल के पानी जैसी सुविधाएं मुहैया कराने पर ध्यान केंद्रित किया ताकि लोगों को ऐसी सुविधाओं के अभाव में शहरों की ओर पलायन न करना पड़े। वहीं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को गांधीनगर जिले के दहेगाम में दिन की तीसरी चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि गुजरात में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार ने शिक्षा क्षेत्र को बदल दिया है और इसे अधिक वैज्ञानिक और आधुनिक बना दिया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि गुजरात में शिक्षा का बजट बढ़कर 33,000 करोड़ हो गया है जो कि कई राज्यों में कुल बजट से भी अधिक है। प्रधानमंत्री की यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल चुनाव प्रचार अभियान के दौरान शिक्षा के दिल्ली मॉडल का जोरशोर से जिक्र कर रहे हैं और वादा कर रहे हैं कि यदि राज्य में उनकी पार्टी की सरकार बनती है तो वह सरकारी विद्यालयों में आमूलचूल परिवर्तन करके दिखाएगी। वर्ष 2001 से 2014 तक लगातार गुजरात के मुख्यमंत्री रहे मोदी ने कहा, करीब 20 से 25 साल पहले गुजरात में शिक्षा के लिए बजट आवंटन महज 1,600 करोड़ रुपए था। आज यह 33,000 करोड़ रुपए हैं जो कि कई राज्यों के कुल बजट से कई गुना अधिक है। हमने ए प्रगति की है। दहेगाम में पांच दिसंबर को विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के तहत मतदान होने हैं। गुजरात में पहले चरण के तहत एक दिसंबर को मतदान होगा। मोदी ने कहा, इस क्षेत्र में हमने जो बदलाव किए हैं उससे पूरे गुजरात के लोगों को फायदा हुआ है। गुजरात में भाजपा ने शिक्षा के क्षेत्र में व्यापक बदलाव किए हैं और इसे अधिक वैज्ञानिक और आधुनिक बनाया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि गांधीनगर अब शिक्षा का एक बड़ा केंद्र बन गया है।

## शिलांग में फिर हुई हिंसा, पुलिस वाहनों में आग लगाई गई, पेट्रोल बम फेंके गए

**भाषा।** शिलांग

**असम से** लगी मेघालय की सीमा पर हिंसा को लेकर बृहस्पतिवार शाम राजधानी शिलांग में एक कैंडल मार्च निकाला गया, जिसके समाप्त होने के बाद पुलिस की एक बस और एक जीप में आग लगा दी गई और पुलिस पर पथराव किया गया तथा पेट्रोल बम फेंके गए। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक (नगर) विवेक सईम ने बताया कि प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच हुई हिंसक झड़प में चार पुलिसकर्मियों समेत सात लोग घायल हो गए। पुलिस की एक बस और जीप पर पेट्रोल बम फेंके गए, उन्हें आग लगा दी गई, जबकि एक ट्रैफिक पुलिस कक्ष को ढहा दिया गया। इसके अलावा बारिक चौक पर पुलिस पर पत्थर और पेट्रोल बम फेंके गए। इससे कुछ मीटर की दूरी पर ही खासी स्टूडेंट्स यूनियन, और फेडरेशन ऑफ खासी जैंतिया एंड गारो पीपल सहित विभिन्न संगठनों द्वारा कैंडल मार्च निकाया गया और हिंसा के विरोध में प्रदर्शन किया गया। पुलिस ने कहा कि स्थिति को नियंत्रण में लाने के लिए उन्हें आंसू गैस के गोले दागने पड़े। पुलिस ने कहा कि हिंसा के लिए जिम्मेदार लोगों की पहचान की जानी बाकी है। गौरतलब है कि असम-मेघालय सीमा के साथ पश्चिम कार्बी आंगलोंग जिले में एक विवादित स्थान पर मंगलवार तड़के हुई हिंसा में एक वन रक्षक सहित छह लोगों की मौत हो गई थी। झड़प उस समय हुई जब अवैध रूप से काटी गई लकड़ियों से लदे एक ट्रक को असम के वनकर्मियों द्वारा रोका गया था। घटना के बाद यात्री कारों पर सिलसिलेवार हमलों के बाद असम सरकार ने वाहनों को मेघालय ले जाने से रोक दिया है। असम से मेघालय के विभिन्न प्रवेश बिंदुओं पर पुलिसकर्मियों ने बैरिकेड्स लगा दिए हैं।

# गुजरात चुनाव के पहले चरण के 21 प्रतिशत उम्मीदवार दागी

**रिपोर्ट**

**भाषा।** अहमदाबाद

**गुजरात विधानसभा** के लिए पहले चरण के तहत 89 सीट पर चुनाव हो रहे हैं और कुल 788 उम्मीदवार मैदान में हैं जिनमें 167 प्रत्याशियों के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज हैं। इनमें से 100 उम्मीदवारों के खिलाफ हत्या एवं बलात्कार जैसे गंभीर आरोप हैं। यह जानकारी बृहस्पतिवार को एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) की एक रिपोर्ट से मिली।

इसके साथ ही 21 प्रतिशत प्रत्याशियों के खिलाफ आपराधिक मामले हैं जबकि 13 प्रतिशत उम्मीदवारों के खिलाफ गंभीर आरोप हैं।

पहले चरण के तहत, आम आदमी पार्टी (आप)कुल 89 में से 88 सीट पर चुनाव लड़ रही है और वह इस सूची में सबसे ऊपर है जिसके 36 प्रतिशत उम्मीदवारों के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज हैं।एडीआर ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि आप के 30 प्रतिशत उम्मीदवार हत्या, बलात्कार, अपहरण जैसे गंभीर आरोपों का सामना कर रहे हैं। आप के 32 उम्मीदवारों के खिलाफ आपराधिक मामले हैं।अरविंद केजरीवाल नीत पार्टी के बाद दूसरे नंबर पर कांग्रेस है जिसके 35 प्रतिशत उम्मीदवारों के खिलाफ आपराधिक मामले हैं। ऐसे 20 प्रतिशत उम्मीदवारों के खिलाफ गंभीर आरोप हैं। रिपोर्ट के अनुसार कांग्रेस पहले चरण में सभी 89 सीट पर चुनाव लड़ रही है और आपराधिक मामलों वाले उसके उम्मीदवारों की संख्या 31 है।

सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) भी पहले चरण के चुनाव में सभी सीट पर चुनाव लड़ रही है। एडीआर की रिपोर्ट के अनुसार भाजपा ने आपराधिक अतीत वाले 14 उम्मीदवारों को मैदान में उतारा है। प्रतिशत के लिहाज से यह संख्या 16 प्रतिशत है।भारतीय ट्राइबल पार्टी (बीटीपी) पहले चरण में 14 सीट पर चुनाव लड़ रही है और उसके चार उम्मीदवारों (29 प्रतिशत) के खिलाफ आपराधिक मामले हैं। उसके सात प्रतिशत उम्मीदवारों के खिलाफ गंभीर आपराधिक मामले हैं।

रिपोर्ट के अनुसार 2017 के विधानसभा चुनावों में, पहले चरण के 15 प्रतिशत उम्मीदवारों के खिलाफ आपराधिक मामले थे, जबकि आठ प्रतिशत उम्मीदवारों के खिलाफ गंभीर आपराधिक मामले थे।

गंभीर आपराधिक मामलों वाले उम्मीदवारों में जनक तलविया (भाजपा), वसंत पटेल (कांग्रेस), अमरदास देसानी (स्वतंत्र) शामिल हैं। आपराधिक रिकॉर्ड वाले अन्य उम्मीदवारों में भाजपा के पुरुषोत्तम सोलंकी, कांग्रेस के गनीबेन ठाकोर और जिग्नेश मेवानी, आप के गोपाल इटालिया और अल्पेश कठेरिया शामिल हैं। वर्ष 2017 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस, भाजपा और बीटीपी ने पहले चरण में क्रमश: 36, 25 और 67 प्रतिशत ऐसे उम्मीदवारों को मैदान में उतारा था जिनके खिलाफ आपराधिक मामले थे।उच्चतम न्यायालय के 25 सितंबर, 2018 के आदेश के अनुपालन में निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार, सभी राजनीतिक दलों के लिए लंबित आपराधिक मामलों और ऐसे उम्मीदवारों के चयन की वजहों की जानकारी अपनी वेबसाइट पर अपलोड करना अनिवार्य है। इसके साथ ही जानकारी को एक स्थानीय और एक राष्ट्रीय दैनिक में प्रकाशित करने एवं आधिकारिक सोशल मीडिया मंच पर अपलोड करने की भी आवश्यकता होती है।

एडीआर के प्रमुख अनिल वर्मा ने वीडियो लिंक के जरिए एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा, "इन निर्देशों का ठीक से पालन नहीं किया जा रहा है... हमने गौर किया है कि स्थानीय समाचार पत्रों में गुजराती में जानकारी प्रकाशित की जाती है, लेकिन घोषणाएं अंग्रेजी में होती हैं। साथ ही, ऐसी जानकारी का फ़ॉन्ट आकार 12 होना चाहिए, लेकिन उन्हें बहुत छोटे फ़ॉन्ट आकार में प्रकाशित किया गया है।

## विधायक की खरीद-फरोख्त की कोशिश: भाजपा नेता संतोष, तीन और व्यक्ति आरोपी के रूप में नामजद

**भाषा।** हैदराबाद

**तेलंगाना राष्ट्र समिति** (टीआरएस) के चार विधायकों की कथित खरीद-फरोख्त की कोशिश के मामले में विशेष जांच दल (एसआईटी) ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता बी.एल. संतोष और तीन अन्य को आरोपी के रूप में नामजद किया है। तेलंगाना उच्च न्यायालय के निर्देशों के बाद मामले की जांच कर रही एसआईटी ने भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) बी.एल. संतोष को दूसरा नोटिस जारी किया है, जो अभी तक एसआईटी के समक्ष पेश नहीं हुए हैं। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि नए नोटिस में संतोष को पूछताछ के लिए 26 या 28 नवंबर को एसआईटी के समक्ष पेश होने को कहा गया है। अब तक हुई जांच के आधार पर,एसआईटी ने यहां एक विशेष भ्रष्टाचार रोधी ब्यूरो (एसीबी) अदालत में दाखिल किए गए एक मेमो में संतोष और केरल से दो व्यक्तियों--जग्गू स्वामी तथा तुषार वेल्लापल्ली--के अलावा बी. श्रीनिवास का नाम मामले में आरोपी के तौर पर जोड़ा है। इससे पहले, रामचंद्र भारती उर्फ सतीश शर्मा, नंद कुमार और सिम्हायजी स्वामी नाम के तीन व्यक्तियों को मामले में आरोपी के तौर पर नामजद किया गया था। टीआरएस विधायक पायलट रोहित रेड्डी सहित चार विधायकों द्वारा एक शिकायत दर्ज कराए जाने के बाद 26 अक्टूबर को यह कदम उठाया गया था। प्राथमिकी की प्रति के मुताबिक, रोहित रेड्डी ने आरोप लगाया है कि आरोपियों ने उन्हें 100 करोड़ रुपए की पेशकश की थी और इसके एवज में विधायक को टीआरएस छोड़ कर अगले विधानसभा चुनाव में भाजपा उम्मीदवार के तौर पर चुनाव लड़ने का प्रस्ताव दिया गया था। तेलंगाना उच्च न्यायालय ने बुधवार को एसआईटी को निर्देश दिया कि वह दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 41ए के तहत दोबारा संतोष को नोटिस जारी करे।

## क्विक न्यूज

### तेलंगाना के मंत्री, आयकर अधिकारी के खिलाफ मामले दर्ज

**हैदराबाद।** आयकर अधिकारियों द्वारा ली गई तलाशी में कथित तौर पर बाधा डालने को लेकर तेलंगाना के श्रम एवं रोजगार मंत्री सी.मल्ला रेड्डी के खिलाफ यहां पुलिस ने बृहस्पतिवार को एक मामला दर्ज किया। वही, मंत्री के बेटे की एक शिकायत के बाद एक आयकर अधिकारी के खिलाफ भी मामला दर्ज किया गया है। शिकायतों के आधार पर, बोवेनपल्ली पुलिस थाने में जीरो एफआईआर (दोनों मामलों के सिलसिले में) दर्ज की गई और अधिकारक्षेत्र के मद्देनजर प्राथमिकी आगे की जांच के लिए डुंडीगल पुलिस थाना को भेजी जाएगी। पुलिस ने बताया कि एक आयकर अधिकारी ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि मल्ला रेड्डी और उनके परिजन ने कार्वाई बाधित की तथा उन्हें बंधक बना लिया। उन्होंने बताया कि इस सिलसिले में मंत्री के खिलाफ एक मामला दर्ज किया गया है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि मंत्री के छोटे बेटे ने भी पुलिस में एक शिकायत दर्ज करा कर कहा है कि उनके बड़े भाई को आयकर अधिकारियों ने कुछ कागजातों पर हस्ताक्षर करने के लिए मजबूर किया। उन्होंने बताया कि दोनो ओर से शिकायतें मिलने के बाद, मामले जीरो एफआईआर के रूप में दर्ज किए गए हैं। रेड्डी ने बुधवार को यहां अपने आवास और शैक्षणिक संस्थानों में तलाशी के दौरान आयकर विभाग अधिकारियों के साथ मौजूद केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के कर्मियों पर उनके बेटे की पिटाई करने का आरोप लगाया था।

### ओडिशा में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में दो माओवादी ढेर

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के बोलांगीर जिले में गंधमर्दन पहाड़ी इलाके में बृहस्पतिवार को सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में दो माओवादी मारे गए। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी।मुठभेड़ खापरखोल पुलिस थाना क्षेत्र के तहत जल महादेव मंदिर से सटे जंगल में हुई। ओडिशा के विशेष अभियान बल (एसओजी) और बोलंगीर जिला स्वयंसेवी बल (डीवीएफ) की यहां संयुक्त तलाशी अभियान के दौरान एक माओवादी शिविर दिखा और इसके बाद मुठभेड़ हुई। वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि माओवादियों ने सुरक्षा बलों पर गोलीबारी की जिसका सीओजी और डीवीएफ के जवानों ने जवाब दिया और इस दौरान दो माओवादी मारे गए। पुलिस अधिकारी ने कहा, दो शव बरामद किए गए है और तलाशी अभियान जारी है। हम शवों को पहाड़ी से नीचे लाने के बाद ही विवरण दे पाएंगे। माओवादी शिविर से कुछ हथियार और गोला-बारूद जब्त किया गया है। गौरतलब है कि कोरापुट जिले में 11 नवंबर को सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में दो माओवादी मारे गए थे।

### कुंबकोणम मठ से चार प्राचीन मूर्तियां, तंजौर चित्रकला जब्त

**चेन्नई।** तमिलनाडु के अपराध जांच विभाग (सीआईडी) की मूर्ति शाखा ने कुंबकोणम में एक धार्मिक संस्थान में छिपाई तंजौर चित्रकारी के अलावा कांसे की चार मूर्तियां बरामद की हैं। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। हिंदू मुन्नानी के राम निरंजन तथा 20 अन्य सदस्यों की शिकायत के बाद तलाशी के दौरान मूर्ति शाखा के कर्मियों ने भगवान नटराज, तिरुवाची के साथ देवी शिवकामी, तिरुवाची के साथ गणेश, बाला धनदयुत्तपानी और 63 नयनमार वाली तंजौर चित्रकारी बरामद की। मूर्ति शाखा ने इंस्पेक्टर इंदिरा की शिकायत पर एक मामला दर्ज किया है। जब्त की गई मूर्तियों को कुंबकोणम के अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया गया। मूर्ति शाखा ने यहां एक विज्ञप्ति में कहा कि यह पता लगाने के लिए जांच की जा रही है कि क्या ए मूर्तियां मंदिरों से चुराई गई थी। हिंदू मुन्नानी के सदस्यों ने अपनी याचिका में आरोप लगाया कि कुंबकोणम में मौनस्वामी मठ ने प्राचीन मूर्तियों को रखा था। विज्ञप्ति में दावा गया गया है कि मठ के प्राधिकारी इन मूर्तियों के मालिकाना हक के संबंध में दस्तावेज नहीं दिखा पाए।

### मुकरोह हिंसा: अमित शाह के साथ सीमा की स्थिति पर चर्चा के लिए मेघालय के मुख्यमंत्री जाएंगे नई दिल्ली

**शिलांग।** मुख्यमंत्री कोनराड के. संगमा के नेतृत्व में मेघालय मंत्रिमंडल का एक प्रतिनिधिमंडल मुकरोह गांव में झड़प के बाद केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के साथ सीमा पर तनावपूर्ण स्थिति की चर्चा करने एवं इस हिंसा की संघीय जांच की मांग करने बृहस्पतिवार को नई दिल्ली जाएगा। यह भेंट बृहस्पतिवार शाम को होगी। उससे एक दिन पहले असम मंत्रिमंडल ने घोषणा की थी कि वह इस हिंसा की जांच सीबीआई को सौंपेगा तथा उसने राज्य पुलिस से नागरिक अशांति से निपटने के दौरान संयम से काम लेने को कहा है। वेस्ट कार्बी आंगलोग जिले में मंगलवार तड़के असम-मेघालय सीमा पर संदिग्ध रूप से अवैध लकड़ी ले जा रहे एक ट्रक को असम पुलिस द्वारा रोके जाने के बाद भड़की हिंसा में एक वन कर्मी एवं मेघालय के पांच ग्रामीणों की मौत हो गई। इस घटना के बाद सीमावर्ती क्षेत्र में तनाव फैल गया तथा असम के एक वन कार्यालय को नाराज ग्रामीणों ने जला दिया। मेघालय के अलग अलग हिस्सों में असम के कुछ वाहनों को फूंक भी दिया गया। इस बीच, यहां कम से कम पांच सामाजिक संगठनों ने इस घटना के लिए जिम्मेदार लोगों के विरूद्ध कार्वाई की मांग करते हुए बृहस्पतिवार को दो दिनों के लिए शांतिपूर्ण प्रदर्शन की घोषणा की। गृहविभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि राज्य सरकार ने इलाके में किसी भी अप्रिय घटना को टालने के लिए सुरक्षा एजेंसियों को चौकस रहने का निर्देश दिया है।



मोरमुगाओ में वाई 12705 जहाज के डेक पर खड़े नौसेना के अधिकारी

# अमेरिकी अधिकारी के पीएम मोदी का अनावश्यक संदर्भ देने से भारत नाराज

**भाषा।** नई दिल्ली

**पत्रकार** जमाल खशोगी की हत्या के आरोपों का सामना कर रहे सऊदी अरब के युवराज मोहम्मद बिन सुल्तान को मिली छूट का बचाव करते हुए अमेरिकी विदेश विभाग के एक अधिकारी द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जिक्र किए जाने से भारत नाराज है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने मामले में अमेरिकी अधिकारी द्वारा मोदी का जिक्र किए जाने के बारे में पूछे गए सवालों के जवाब में कहा, सच कहूं, तो मैं यह समझने में विफल हूं कि प्रधानमंत्री मोदी पर टिप्पणी (अमेरिकी अधिकारी को) कैसे प्रासंगिक या आवश्यक लगी। बागची ने भारत और अमेरिका के द्विपक्षीय संबंधों का जिक्र करते हुए कहा, हमारे दोनों देशों के बीच बहुत ही विशेष संबंध हैं जो और मजबूत हो रहे हैं तथा हम इसे और गहरा करने के लिए अमेरिका के साथ काम करने की आशा करते हैं। पत्रकार जमाल खशोगी की हत्या पर सऊदी युवराज को छूट दिए जाने के बारे में पूछे जाने पर अमेरिकी विदेश विभाग के प्रमुख उप-प्रवक्ता वेदांत पटेल ने पिछले शुक्रवार को एक संवाददाता सम्मेलन में कहा था कि यह पहली बार नहीं है जब अमेरिका ने ऐसा किया है और प्रधानमंत्री मोदी सहित यह पूर्व में कई राष्ट्राध्यक्षों के लिए लागू किया गया है।

बागची ने यह भी कहा कि दिसंबर में प्रधानमंत्री के अमेरिका जाने संबंधी खबरें भी गलत हैं। उन्होंने कहा, हमारी तरफ से दिसंबर में प्रधानमंत्री की अमेरिका यात्रा का कोई प्रस्ताव नहीं है। इस संबंध में मीडिया में आईं खबरें गलत हैं। बागची ने हाल ही में बाली में जी-20 शिखर सम्मेलन से इतर मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति जो. बाइडन के बीच संक्षिप्त द्विपक्षीय बैठक के संबंध में विदेश मंत्री एस जयशंकर और व्हाइट हाउस के प्रवक्ता के हवाले से झूठी टिप्पणियों के बारे में सोशल मीडिया पोस्ट को भी खारिज किया। उन्होंने कहा, हमने कुछ गलत सोशल मीडिया पोस्ट देखे हैं जिनमें झूठे बयानों को विदेश मंत्री से जोड़ा गया है, जिन्होंने प्रेस या सोशल मीडिया पर ऐसी कोई टिप्पणी नहीं की है। इसमें व्हाइट हाउस के प्रेस सचिव का हवाला देते हुए भी गलत बयान दिए गए हैं। इसलिए, मैं आप सभी से अनुरोध करता हूं कि इस तरह की गलत सूचना पर विश्वास न करें।

बागची ने कहा कि प्रधानमंत्री ने बाली शिखर सम्मेलन के दौरान कई मौकों पर बाइडन से मुलाकात की, जिसमें एक संक्षिप्त द्विपक्षीय बैठक और एक त्रिपक्षीय बैठक शामिल थी जिसमें इंडोनेशियाई राष्ट्रपति जोको विडोडो शामिल थे।

# कर्नाटक सरकार ने मेंगलुरु विस्फोट मामले की जांच एनआईए को सौंपने का आदेश जारी किया

बेंगलुरु (भाषा) कर्नाटक सरकार ने मेंगलुरु विस्फोट मामले की जांच राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) को सौंपने के संबंध में बृहस्पतिवार को एक आदेश जारी किया। एक बयान में इसकी जानकारी दी गई है।

प्रदेश के गृह मंत्री अरगा ज्ञानेंद्र ने बयान जारी कर बताया कि प्रदेश सरकार ने गृह मंत्रालय को पत्र लिख कर मामले की जांच राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण को सौंपे जाने के संबंध में सिफारिश की। सरकारी सूत्रों के अनुसार, गृह विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव ने केंद्रीय गृह सचिव को लिखे पत्र में कहा कि राज्य पुलिस ने मामले में गैर कानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम की धारा 16, 38 और 39 लगाई है। मामले की एनआईए से जांच कराने की सिफारिश करते हुए इस पत्र में कहा गया है, चूंकि यह एनआईए अधिनियम 2008 की धारा 6 के तहत एक अनुसूचित अपराध है, इसलिए इसे आगे की आवश्यक कार्वाई के लिए प्रस्तुत किया जा रहा है। कर्नाटक के पुलिस महानिदेशक प्रवीण सूद ने कहा था कि एनआईए एवं अन्य केंद्रीय एजेंसियां पहले दिन से प्रदेश पुलिस के साथ मामले की जांच करने के लिए काम कर रही है। इस महीने की 19 तारीख को मेंगलुरू में एक ऑटोरिक्शा में धमाका हुआ था जिसमें यात्री और चालक घायल हो गए थे। पुलिस ने इसे आतंकी कार्वाई करार दिया और यात्री को इस घटना के लिए आरोपित किया है जिसकी पहचान मोहम्मद शारिक के रूप में की गई है।

## इस्लामिक रेजिस्टेंस काउंसिल नामक संगठन ने धमाके की जिम्मेदारी ली

**बेंगलुरु।** एक अनजान से संगठन इस्लामिक रेजिस्टेंस काउंसिल (आईआरसी) ने कर्नाटक के मंगलुरु में 19 नवंबर को हुए धमाके को कथित तौर पर अंजाम देने का दावा किया है। आईआरसी ने कहा है कि उसके मुजाहिद भाई मोहम्मद शारिक ने कादरी में एक हिंदू मंदिर पर हमले की कोशिश की थी। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (कानून एवं व्यवस्था) आलोक कुमार ने कहा कि पुलिस संगठन की प्रामाणिकता का सत्यापन कर रही है। सोशल मीडिया पर प्रसारित संदेश में कहा गया है, हम इस्लामिक रेजिस्टेंस काउंसिल (आईआरसी) यह संदेश देना चाहेंगे- मंगलुरु में भगवा आतंकियों के गढ़ (दक्षिण कन्नड़ जिले में) कादरी स्थित हिंदू मंदिर पर हमारे एक मुजाहिद भाई मोहम्मद शारिक ने हमला करने की कोशिश की। यह संदेश सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसमें आगे कहा गया है, हालांकि यह अभियान सफल नहीं हुआ, फिर भी हम इसे रणनीतिक नजरिए से सफल मानते हैं, क्योंकि राज्य और केंद्रीय खुफिया एजेंसियों द्वारा वांछित होने के बावजूद, भाई (शारिक) उनसे बचने में सफल रहा और हमले की तैयारी की तथा उसे अंजाम भी दिया। समय से पहले विस्फोट के बारे में संगठन ने कहा कि ऐसी आशंकाएं सभी सैन्य और विध्वंसक अभियानों में मौजूद होती हैं। समय से पहले विस्फोट के कारण ही शारिक की गिरफ्तारी हो सकी है।

# शिवाजी पर टिप्पणी: भाजपा सांसद उदयनराजे भोसले ने कोश्यारी, त्रिवेदी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की

**भाषा।** पुणे(महाराष्ट्र)

**भारतीय जनता पार्टी** (भाजपा) के सांसद एवं छत्रपति शिवाजी महाराज के वंशज उदयनराजे भोसले ने 17वीं सदी के मराठा शासक के बारे में कथित तौर पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने को लेकर बृहस्पतिवार को महाराष्ट्र के राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी और अपनी पार्टी के सहकर्मी सुधांशु त्रिवेदी की आलोचना की। कोश्यारी मराठा साम्राज्य के संस्थापक को पुराने समय का आदर्श बताने को लेकर आलोचना का सामना कर रहे हैं, जबकि त्रिवेदी ने कथित तौर पर कहा था कि शिवाजी महाराज ने मुगल बादशाह औरंगजेब से माफी मांगी थी।भोसले ने मंगलवार को महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को एक पत्र लिख कर कोश्यारी और त्रिवेदी के खिलाफ कार्वाई की मांग की थी। उन्होंने यहां संवाददाताओं से कहा कि केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के प्रमुख शरद पवार उस समय मंच पर थे, जब राज्यपाल ने शिवाजी महाराज के बारे में बोला था। राज्यसभा सदस्य ने कहा कि 20 नवंबर को औरंगाबाद में एक कार्यक्रम के दौरान गडकरी और पवार को कोश्यारी की टिप्पणी पर आपत्ति जतानी चाहिए थी। भोसले ने कहा, जब मैंने छत्रपति शिवाजी महाराज के बारे में राज्यपाल का बयान सुना, मैं समझ नहीं पाया कि इस तरह के बयान का क्या आधार है। उन्होंने कहा कि शिवाजी ने उस समय न्याय के लिए और दासता से लोगों को मुक्त कराने के लिए लड़ाई लड़ी थी, जब अन्य सभी शासकों ने मुगलों का अधिपत्य स्वीकार कर लिया था।

उन्होंने कहा, आधुनिक भारत की अवधारणा छत्रपति शिवाजी महाराज ने रखी थी। वह भगत सिंह, नाना पाटिल, नेताजी सुभाष चंद्र बोस, छत्रपति साहू महाराज, महात्मा ज्योतिबा फुले और डॉ भीम राव आंबेडकर जैसे स्वतंत्रता सेनानियों के प्रेरणा स्रोत थे। उन्होंने कहा, अब ए लोग कह रहे हैं कि शिवाजी महाराज के विचार पुराने पड़ गए हैं। भोसले ने त्रिवेदी की आलोचना करते हुए कहा कि जब देश में हर किसी ने मुगल शासन के समक्ष घुटने टेक दिए थे, केवल शिवाजी महाराज ही उसके खिलाफ खड़े हुए थे। उन्होंने कहा, जब इस तरह के बयान दिए जाते हैं, तो क्या उन्हें खुद पर शर्म नहीं आती? किस आधार पर वे इस तरह के बयान दे रहे हैं? इस तरह के बयान हमें आक्रोशित करते हैं। उन्होंने कहा, यदि शिवाजी की विचारधारा को भूला दिया गया तो देश के टुकड़े होने में कितना वक्त लगेगा? हमने भगवान को कभी नहीं देखा है, लेकिन छत्रपति शिवाजी महाराज भगवान के अवतार थे।

## महाराष्ट्र के राज्यपाल ने सारी हदें पार कर दी हैं: शरद पवार

**मुंबई।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के प्रमुख शरद पवार ने छत्रपति शिवाजी महाराज पर हालिया बयान को लेकर महाराष्ट्र के राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी की बृहस्पतिवार को आलोचना की और कहा कि उन्होने सारी हदें पार कर दी है। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने यह भी कहा कि ऐसे लोगों को महत्वपूर्ण पद नहीं दिए जाने चाहिए। पवार ने यहां संवाददाताओं से कहा, जब मैंने छत्रपति शिवाजी महाराज के बारे में उनकी टिप्पणी सुनी...अब उन्होने सारी हदें पार कर दी है। उन्होने कल शिवाजी महाराज की प्रशंसा की थी, लेकिन यह देर से समझ में आया। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को (कोश्यारी के बारे में) फैसला लेना चाहिए। ऐसे लोगों को महत्वपूर्ण पद नहीं दिए जाने चाहिए। राकांपा प्रमुख ने कहा, राज्यपाल का पद एक संस्था का प्रतिनिधित्व करता है और उस पद की गरिमा बनाए रखने के लिए हमने कोश्यारी के खिलाफ पहले कोई टिप्पणी नहीं की।

# सुधारवादी नेता अनवर बने मलेशिया के नए पीएम

● सुल्तान अब्दुल्ला सुल्तान अहमद शाह ने की नाम की घोषणा

**भाषा।** कुआलालंपुर



**मलेशिया** के सुल्तान अब्दुल्ला सुल्तान अहमद शाह ने सुधारवादी विपक्षी नेता अनवर इब्राहिम को बृहस्पतिवार को देश का नया प्रधानमंत्री घोषित किया। इससे मलेशिया में खंडित जनादेश वाले आम चुनावों के बाद कई दिनों से जारी राजनीतिक अनिश्चितता का अंत हो गया। सुल्तान ने कहा कि अनवर को बृहस्पतिवार शाम पांच बजे शाही महल में मलेशिया के दसवें प्रधानमंत्री के रूप में शपथ दिलाई जाएगी। आम चुनाव में अनवर के नेतृत्व वाले गठबंधन पाकतन हरपन (उम्मीदों के गठबंधन) को सर्वाधिक 82 सीटों पर जीत हासिल हुई थी। हालांकि, यह गठबंधन सरकार गठन के लिए जरूरी 112 सीटों के आंकड़े से काफी पीछे रह गया था। चुनाव में मलय समुदाय से मिले अप्रत्याशित समर्थन के कारण पूर्व प्रधानमंत्री मुहीद्दीन का मलय-केंद्रित पेरिक्टन नेशनल (राष्ट्रीय गठबंधन) 72 सीटों पर जीत दर्ज करने में कामयाब रहा था। पैन-मलेशियन इस्लामिक पार्टी 49 सीटों पर जीत के साथ इस गठबंधन का सबसे बड़ा दल बनकर उभरी थी। गतिरोध का समाधान उस समय हो गया, जब चुनाव में 30 सीटें जीतने वाले यूनाइटेड मलय नेशनल ऑर्गेनाइजेशन (यूएमएनओ) के नेतृत्व वाले गठबंधन ने एक ऐसी एकता सरकार का समर्थन करने की सहमति जता दी, जिसका नेतृत्व अनवर के हाथों में होगा। दोनों खेमों के बीच लंबे समय से जारी राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता के चलते मलेशिया की राजनीति में कुछ समय पहले तक इस तरह के गठबंधन की कल्पना करना भी मुश्किल था।

बोर्नियो द्वीप में अच्छा-खासा प्रभाव रखने वाले कई छोटे राजनीतिक दलों ने भी अनवर के नेतृत्व में एकता सरकार के गठन के सुल्तान के फैसले का समर्थन करने की घोषणा की है। शाही महल की ओर से एक बयान जारी कर कहा गया है, सुल्तान सभी दलों को याद दिलाते हैं कि जीतने वाले सब कुछ नहीं जीतते और हारने वाले सब कुछ नहीं खोते। सुल्तान ने अनवर और उनके नेतृत्व वाली नई सरकार से विनम्र रहने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि सभी विरोधी दलों को एक स्थिर सरकार सुनिश्चित करने और मलेशिया की राजनीतिक उथल-पुथल को समाप्त करने के लिए सामंजस्य स्थापित करना चाहिए, जिसके कारण 2018 के चुनावों के बाद से देश के तीन प्रधानमंत्री बनाए जा चुके हैं। शाही महल ने बयान में कहा है कि सुल्तान इस बात को लेकर आश्वस्त हैं कि अनवर वह उम्मीदवार हैं, जो बहुमत साबित करने में सफल रहेंगे। हालांकि, बयान में नई सरकार के स्वरूप के बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई है। अनवर नीत बहुदलीय गठबंधन के सत्ता में आने पर मलेशिया में बड़े पैमाने पर हिंसा भड़कने की आशंका जताए जाने के बाद पुलिस ने देशभर में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी है।

## चीन में कोरोना संक्रमण के बढ़ते मामलों के मद्देनजर लॉकडाउन की अवधि बढ़ाई गई

**बीजिंग।** चीन में कोरोना वायरस संक्रमण के बढ़ते मामलों के मद्देनजर लॉकडाउन की अवधि को बढ़ा दिया गया है। झोंगझोउ के आठ जिलों की कुल आबादी करीब 66 लाख है और वहां लोगों को बृहस्पतिवार से लेकर पांच दिन तक अपने-अपने घरों में रहने को कहा गया है। शहर की सरकार ने संक्रमण से निपटने की कार्वाई के तहत वहां व्यापक स्तर पर जांच के आदेश दिए हैं। गौरतलब है कि झोंगझोउ इन दिनों खबरों में बना हुआ है, जहां स्थित एप्पल के आईफोन के दुनिया के सबसे बड़े कारखाने में कर्मचारियों को कथित तौर पर पुलिस ने संविदा संबंधी विवाद के चलते पीटा और हिरासत में रखा। राष्ट्रीय स्वास्थ्य आयोग ने बृहस्पतिवार को बताया कि चीन में पिछले 24 घंटे में कोरोना वायरस संक्रमण के 31,444 नए मामले सामने आए। चीन के वुहान शहर में 2019 में सामने आए संक्रमण के पहले मामले के बाद देश में सामने आए ए सबसे अधिक दैनिक मामले हैं।



चीन में कोविड के बढ़ते हुए प्रकोप को लेकर सुरक्षा मानक बढ़ाए गए।

## भारत ने हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति सुरक्षा व समृद्धि का आह्वान किया

**भाषा।** ढाका

**भारत** ने हिंद महासागर क्षेत्र और व्यापक हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति, सुरक्षा और समृद्धि को बढ़ावा देने के लिए हिंद महासागर परिधि संघ (आईओआरए) को मजबूत करने की अपनी दृढ़ प्रतिबद्धता को बृहस्पतिवार को दोहराया। विदेश राज्य मंत्री डॉ. राजकुमार रंजन सिंह ने यहां आयोजित आईओआरए की मंत्रिपरिषद (सीओएम) की 22वीं बैठक में भाग लेते हुए यह बात कही। आईओआरए हिंद महासागर क्षेत्र में 23 सदस्यों और 10 संवाद भागीदारों के साथ सबसे बड़ा और पूर्व-प्रतिष्ठित संगठन है। विदेश मंत्रालय की ओर से जारी एक बयान के मुताबिक विदेश राज्य मंत्री डॉ. राजकुमार रंजन सिंह ने आईओआरए में एक भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया। उन्होंने आईओआर के साथ-साथ व्यापक भारत-प्रशांत क्षेत्र में शांति, सुरक्षा और समृद्धि को बढ़ावा देने के लिए आईओआरए को मजबूत करने के लिए भारत की दृढ़ प्रतिबद्धता की पुष्टि की।

मंत्री ने आपदा जोखिम प्रबंधन (डीआरएम) के आईओआरए प्राथमिकता वाले क्षेत्रों के समन्वयक के रूप में भारत के योगदान और आईओआरए सचिवालय की क्षमता निर्माण और मजबूती के लिए विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार पर भी प्रकाश डाला। विदेश मंत्रालय की ओर से जारी एक बयान में कहा गया, हमारी जलवायु, खाद्य और ऊर्जा सुरक्षा के लिए मौजूदा वैश्विक चुनौतियों का सामना करते हुए, मंत्री ने लाइफ - पर्यावरण के लिए जीवन शैली और 2023 में बाजरा के अंतरराष्ट्रीय वर्ष की हमारी पहल पर प्रकाश डाला।

## यूक्रेन की सेना ने बनाई नई योजना

**खेरसॉन।** यूक्रेनी निशानेबाज ने अपने दायरे को समायोजित करते हुए नाइपर नदी के पार एक रूसी सैनिक पर 0.50 कैलिबर की गोली से निशाना साधा। इससे पहले, दूसरे यूक्रेनी सैनिक ने रूसी सेना की टोह लेने के लिए ड्रोन का इस्तेमाल किया। कुल मिलाकर खेरसॉन से बाहर निकलने के दो सप्ताह बाद रूस तोप से यूक्रेन के इस दक्षिणी शहर पर गोले बरसा रहा है, जबकि यूक्रेन अपने लंबी दूरी तक निशाना साधने वाले हथियारों से पलटवार कर रहा है। यूक्रेनी अधिकारियों का कहना है कि उनकी सेना अपनी गति को बनाए रखना चाहती है। यूक्रेन के साथ जारी नौ महीने के युद्ध में कब्जाई गई एकमात्र प्रांतीय राजधानी से भी रूस की वापसी उसकी सबसे करारी हार थी। यूक्रेनी सेना के एक प्रवक्ता ने कहा कि अब जब उसके सैनिकों ने नई स्थिति हासिल की है तो सेना नई योजना बना रही है। यूक्रेनी सेना अब रूस-नियंत्रित क्षेत्रों में अंदरुनी सीमा तक हमले कर सकती है और संभवत: क्रीमिया के करीब अपनी जवाबी कार्वाई कर सकती है, जिस पर रूस ने 2014 में अवैध रूप से कब्जा कर लिया था।



रूसी सैनिकों ने क्रीमिया सीमा के पास और पूरब में दोनेत्स्क तथा लुहांस्क क्षेत्रों के बीच के कुछ इलाकों में ट्रेंच सिस्टम (खाई बनाना) सहित किलेबंदी कर रखी है। ब्रिटिश रक्षा मंत्रालय के अनुसार, कुछ ठिकानों पर रूस की नई किलेबंदी मौजूदा अग्रिम मोर्चे से करीब 60 किमी पीछे तक है और इस बात के संकेत मिल रहे हैं कि रूस एक बार फिर से यूक्रेन पर महत्वपूर्ण सफलता हासिल करने की फिराक में है। सैन्य रणनीतिकार और सेवानिवृत्त ऑस्ट्रेलियाई सेना प्रमुख जनरल मिक रयान ने कहा, उनके पास गति है। इसे वह किसी भी रूप में बर्बाद करना नहीं चाहते। नदी पार करने और रूसियों को और पीछे धकेलने के लिए यूक्रेन को जटिल तार्किक योजना की आवश्यकता होगी। दोनों पक्षों ने नाइपर पर बने पुलों को उड़ा दिया है।

## निर्वाचन एजेंसी ने मतों को रद्द किए जाने की मांग ठुकराई

**भाषा।** रियो डी जिनेरियो

**ब्राजील** के निर्वाचन प्राधिकरण के प्रमुख ने हाल में हुए आम चुनाव में अधिकतर इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) के जरिए डाले गए मतों को रद्द घोषित किए जाने के देश के राष्ट्रपति जेयर बोलसोनारो और उनके राजनीतिक दल के अनुरोध को बुधवार को खारिज कर दिया। ब्राजील के निवर्तमान राष्ट्रपति जेयर बोलसोनारो ने चुनाव में मिली हार के तीन सप्ताह से अधिक समय बाद मंगलवार को सॉफ्टवेयर संबंधी किसी दिक्कत (बग) का हवाला देते हुए चुनाव परिणाम पर सवाल उठाए थे। उन्होंने निर्वाचन प्राधिकारियों से देश की अधिकतर इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) के जरिए डाले गए मतों को रद्द करने की मांग की थी। बहरहाल, विशेषज्ञों का कहना है कि इस बग से परिणाम की विश्वसनीयता पर कोई असर नहीं पड़ा। बोलसोनारो और उनकी लिबरल पार्टी की ओर से 33 पन्नों की अपील दायर करने वाले वकील मार्सेलो डी बेसा ने कहा था कि मतों को रद्द किए जाने के बाद बोलसोनारो के पास 51 प्रतिशत वैध मत रहेंगे और वह चुनाव में पुन: जीत जाएंगे। देश की सुपीरियर इलेक्टोरल कोर्ट के न्यायाधीश एलेक्जेंडर डी मोरेस ने लिबरल पार्टी और बोलसोनारो की अपील को खारिज कर दिया। उन्होंने पार्टी पर यह मुकदमा दायर करने के लिए 43 लाख डॉलर का जुर्माना भी लगाया। निर्वाचन प्राधिकारी पूर्व राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला डा सिल्वा को पहले ही विजई घोषित कर चुके हैं और बोलसोनारो के कई सहयोगियों ने भी नतीजों को स्वीकार कर लिया है। हालांकि, बोलसोनारो के हार नहीं मानने के कारण कई शहरों में लोगों ने प्रदर्शन किए।

## ट्रंप के खिलाफ बलात्कार का आरोप लगाने वाली लेखिका ने नया मुकदमा दायर किया

**न्यूयॉर्क (एपी)।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर 1990 में बलात्कार का आरोप लगाने वाली एक लेखिका ने बृहस्पतिवार को यहां उनके खिलाफ नया मुकदमा दायर किया। राज्य में लागू हुए एक नए कानून के तहत यौन हिंसा पीड़ितों को दशकों पहले हुए अपराधों के खिलाफ भी मामला दायर कराने की अनुमति दी गई है। इस कानून के लागू होने के कुछ ही मिनट बाद लेखिका ई. जीन कैरोल ने मुकदमा दायर किया। कैरोल के वकील ने एडल्ड सर्वाइवल्स एक्ट के तहत यौन उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज करने संबंधी समयसीमा अस्थाई रूप से हटाए जाने के बीच इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से कानूनी दस्तावेज दायर किए। कैरोल ने उन्हें हुए दर्द और पीड़ा, मानसिक क्षति, गरिमा को पहुंची ठेस और प्रतिष्ठा को हुए नुकसान के लिए मुआवजा दिए जाने और आरोपी को दंड दिए जाने का अनुरोध किया है।

## फॉक्सकॉन ने चीन की फैक्टरी में वेतन विवाद पर माफी मांगी

**बीजिंग।** एप्पल के आईफोन को असेंबल करने वाली कंपनी फॉक्सकॉन ने वेतन के विवाद के लिए बृहस्पतिवार को माफी मांग ली। इस विवाद के कारण कंपनी की फैक्टरी में कर्मचारियों ने प्रदर्शन कर दिया था। कर्मचारियों ने शिकायत की थी कि फॉक्सकॉन टेक्नोलॉजी ग्रुप ने मध्य झेंगझोऊशहर में फैक्टरी बुलाने के लिए उन्हें दिए जाने वाले वेतन की शर्तों में बदलाव कर दिया है। कर्मचारियों ने फैक्टरी में असुरक्षित स्थितियां होने की शिकायतों को लेकर पिछले महीने काम पर आना बंद कर दिया था जिसके बाद फॉक्सकॉन कर्मचारियों को वापस बुलाने की कोशिश कर रहा है। सोशल मीडिया पर आई वीडियो में मंगलवार को शुरू हुए प्रदर्शन के दौरान पुलिस और कर्मचारियों के बीच झड़प देखी गई। फॉक्सकॉन ने नए कर्मचारियों को जोड़ने की प्रक्रिया में तकनीकी खामी को जिम्मेदार ठहराया और कहा कि उन्हें वही वेतन दिया जाएगा जिसका उनसे वादा किया गया था।

# सेंसेक्स 62,273 अंक के रिकॉर्ड स्तर पर, निफ्टी भी 217 अंक मजबूत

**मुंबई।** स्थानीय शेयर बाजारों में बृहस्पतिवार को लगातार तीसरे कारोबारी सत्र में तेजी का सिलसिला जारी रहा और बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 62,272.68 अंक के अपने सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया। अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व की बैठक के ब्यौरे में ब्याज दरों में वृद्धि के नरम रुख से निवेशकों की धारणा को बल मिला। साथ ही वैश्विक बाजारों में मजबूती और सूचना प्रौद्योगिकी, बैंकिंग और पेट्रोलियम कंपनियों के शेयरों में बढ़त से बाजार में तेजी आई। बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 762.10 अंक यानी 1.24 प्रतिशत उछलकर 62,272.68 अंक के रिकॉर्ड उच्चस्तर पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 62,412.33 अंक के अपने सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 216.85 अंक यानी 1.19 प्रतिशत की बढ़त के साथ 18,484.10 अंक पर बंद हुआ। कारोबार में दौरान यह अपने 52 सप्ताह के उच्चस्तर 18,529.70 तक गया था। शेयर बाजार में तीन दिन से जारी तेजी से निफ्टी में दो प्रतिशत या 324 अंक तथा सेंसेक्स में ।,167 अंक या दो प्रतिशत की वृद्धि हुई है। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वी के विजयकुमार ने कहा, दो चीजों से सेंसेक्स रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। अमेरिका बाजार में तेजी, बॉन्ड पर प्रतिफल घटने और डॉलर की विनियम दर में गिरावट से बाजार की धारणा को बल मिला है। उन्होंने कहा, दूसरा, भारत में वृहत आर्थिक ऋण वृद्धि और पूंजीगत व्यय में लगातार वृद्धि के मजबूत आर्थिक संकेतों से भी बाजार को मजबूती मिली। कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट से भी बाजार को समर्थन मिला।

सेंसेक्स की कंपनियों में इन्फोसिस के शेयर में सबसे अधिक 2.93 प्रतिशत की तेजी आई। एचसीएल टेक्नोलॉजीज, विप्रो, पावर ग्रिड, टेक महिंद्रा, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, हिंदुस्तान यूनिलीवर, एचडीएफसी, एचडीएफसी बैंक और महिंद्रा एंड महिंद्रा लाभ में रहे। दूसरी तरफ बजाज फिनसर्व, टाटा स्टील, बजाज फाइनेंस और कोटक महिंद्रा बैंक के शेयर गिरावट में रहे। व्यापक बाजार में बीएसई का मिडकैप 0.52 प्रतिशत और स्मॉलकैप 0.42 प्रतिशत चढ़ गया। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की और हांगकांग का हैंगसेंग लाभ में रहा जबकि चीन के शंघाई कम्पोजिट में नुकसान रहा। यूरोप के बाजारों में दोपहर के कारोबार में तेजी थी। अमेरिकी बाजार वॉल स्ट्रीट में बुधवार को तेजी दर्ज की गई। अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.46 प्रतिशत की गिरावट लेकर 85.02 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया।

## आंकड़ों में देरी, बार-बार समीक्षा से मौद्रिक नीति का काम चुनौतीपूर्ण बना: डिप्टी गवर्नर पात्रा

**मुंबई।** आरबीआई के डिप्टी गवर्नर माइकल पात्रा ने बृहस्पतिवार को कहा कि वर्तमान में मौद्रिक नीति तैयार करना बेहद चूनौतीपूर्ण हो गया है। उन्होंने कहा कि आजकल के अस्थिर माहौल, आंकड़ों में देरी और उनकी बार-बार समीक्षा ने इस काम को चुनौतीपूर्ण बना दिया है। पात्रा ने कहा कि दिसंबर के पहले सप्ताह में घोषित की जाने वाली अगली मौद्रिक नीति समीक्षा के लिए विचार-विमर्श शुरू होगा। अक्टूबर के मुद्रास्फीति के आंकड़ों और 30 नवंबर को आने वाले जुलाई-सितंबर के वृद्धि आंकड़ों पर निर्भर रहना होगा।

वार्षिक एसबीआई सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा, मौद्रिक नीति को दूरदर्शी होना चाहिए। ऐसा इसलिए है, क्योंकि जब नीति दर में बदलाव किया जाता है, तो इसका असर ऋण दरों और अर्थव्यवस्था में कुल मांग तक पहुंचने में काफी समय लगता है। ऐसे में हम सिर्फ भविष्य की मुद्रास्फीति को लक्षित कर सकते हैं, कल की नहीं। पात्रा ने कहा, एक महीने और तीन माह पुराने आंकड़ों के आधार पर, मुझे यह आकलन करना होगा कि मुद्रास्फीति कितनी है और वृद्धि की रफ्तार कैसी रहने वाली है। पात्रा केंद्रीय बैंक में मौद्रिक नीति कार्य की देखरेख करते हैं। उन्होंने कहा कि यूक्रेन में युद्ध और तेल तथा खाद्य कीमतों में उछाल, ऐसे झटके हैं, जिनका सामना आधिकारिक डेटा जारी होने के बाद मौद्रिक नीति को करना पड़ता है।

पात्रा ने कहा कि इसके अलावा बार-बार समीक्षा का जोखिम भी है और कभी-कभी आंकड़ों में बहुत अधिक बदलाव हो जाता है। उन्होंने हंसते हुए कहा, अगर एनएसएसओ के पास आंकड़ों को संशोधित करने का अधिकार है, अगर कंपनियां कमाई के आंकड़े बदल सकती हैं, तो मुझे भी सितंबर (अंतिम नीति) की ब्याज दर में बदलाव करने में सक्षम होना चाहिए। उन्होंने कहा कि आरबीआई ने हाल में कृत्रिम मेधा (एआई) और मशीन लर्निंग आधारित विश्लेषण शुरू किए हैं, जिसके नतीजे काफी दिलचस्प हैं।

# भारतीय अर्थव्यवस्था मध्यम-तेज रफ्तार से बढ़ेगी, महंगाई नीचे आएगी : वित्त मंत्रालय

**भाषा।** नई दिल्ली

**वैश्विक स्तर** पर मौद्रिक नीति में आक्रामक रुख के बावजूद व्यापक आर्थिक स्थिरता के चलते भारतीय अर्थव्यवस्था आने वाले वर्षों में मध्यम-तेज रफ्तार से बढ़ने के लिए अच्छी स्थिति में है। वित्त मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को जारी रिपोर्ट में कहा कि खरीफ की फसल की आवक के साथ आने वाले महीनों में मुद्रास्फीतिक दबाव कम होगा और साथ ही कारोबार की संभावनाओं में सुधार के साथ रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। मंत्रालय की अक्टूबर 2022 के लिए मासिक आर्थिक समीक्षा रिपोर्ट में साथ ही आगाह किया गया है कि अमेरिका की सख्त मौद्रिक नीति भविष्य का एक जोखिम है। इससे शेयर बाजार में गिरावट, मुद्राओं की विनियम दर में कमजोरी और बॉन्ड पर प्रतिफल उंन्चा हो सकता है। रिपोर्ट में कहा गया कि वैश्विक स्तर आर्थिक वृद्धि के अनुमान में तेजी से गिरावट, उच्च मुद्रास्फीति और बिगड़ती वित्तीय स्थिति ने वैश्विक मंदी की आशंका को बढ़ाया है। साथ ही वैश्विक स्तर मंदी का भारत के निर्यात कारोबार पर अप्रत्यक्ष प्रभाव भी पड़ सकता है। हालांकि, लचीली घरेलू मांग, मजबूत वित्तीय प्रणाली और पुन: सक्रिय निवेश चक्र के साथ संरचनात्मक सुधार आर्थिक वृद्धि को आगे बढ़ाने में मदद करेंगे। रिपोर्ट में कहा गया, एक तरफ जहां दुनिया में सख्त मौद्रिक नीति ने आर्थिक वृद्धि के अनुमान को कमजोर किया है, दूसरी तरफ व्यापक आर्थिक स्थिरता से भारतीय अर्थव्यवस्था आने वाले वर्षों में मध्यम गति से बढ़ने के लिए अच्छी स्थिति में दिखाई दे रही है।

मंत्रालय ने कहा कि चालू वित्त वर्ष में अबतक सरकार ने देश की खाद्य सुरक्षा चिंताओं को दूर कर किया है और इसपर सरकार प्राथमिकता से ध्यान दे रही है। रिपोर्ट के अनुसार, अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर जिंस कीमतों में कमी और नई खरीफ फसल की आवक भी आने वाले महीनों में मुद्रास्फीति के दबाव को कम करने में मदद करेगी। इस साल फरवरी में रूस-यूक्रेन युद्ध के बाद आपूर्ति श्रृंखला में मुख्य रूप से व्यवधान के कारण देश में थोक और खुदरा मुद्रास्फीति साल के ज्यादातर समय में उच्चस्तर पर बनी रही। हालांकि, इसमें अक्टूबर में कमी आई है। उल्लेखनीय है कि रूस और यूक्रेन आवश्यक कृषि वस्तुओं के सबसे महत्वपूर्ण उत्पादकों में से हैं। इसमें गेहूं, मक्का, सूरजमुखी के बीज और उर्वरक जैसा कच्चा माल भी शामिल है।

# एशिया-प्रशांत क्षेत्र में 2023 में मंदी की आशंका नहीं: मूडीज

**नई दिल्ली।** आने वाले वर्ष के दौरान एशिया-प्रशांत (एपीएसी) क्षेत्र में मंदी की आशंका नहीं है। हालांकि, क्षेत्र पर उंन्ची ब्याज दरों और वैश्विक व्यापार वृद्धि धीमी रहने का असर जरूर पड़ेगा। मूडीज एनालिटिक्स ने बृहस्पतिवार को यह कहा। एपीएसी परिदृश्य: भविष्य में नीचे की ओर शीर्षक वाले अपने विश्लेषण में मूडीज ने कहा है कि अगले वर्ष भारत धीमी वृद्धि की दिशा में बढ़ रहा है जो इसकी दीर्घकालिक संभावना के अनुरूप है। सकारात्मक पक्ष को देखें तो निवेश का प्रवाह और प्रौद्योगिकी तथा कृषि में उत्पादन लाभ से वृद्धि को गति मिलेगी। अगर मुद्रास्फीति उंन्चे स्तर पर बनी रहती है तो भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) को प्रमुख नीतिगत दर रेपो को छह प्रतिशत के उंन्पर रखना होगा जिससे सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि मंद पड़ जाएगी। मूडीज ने अगस्त में अनुमान जताया था कि 2022 में भारत की वृद्धि धीमी पड़कर प्रतिशत रहेगी, 2023 में यह और धीमी होकर पांच प्रतिशत पर आ जाएगी। 2021 में यह 8.5 प्रतिशत रही थी। अपने विश्लेषण में मूडीज ने कहा कि एशिया-प्रशांत क्षेत्र की अर्थव्यवस्था की गति धीमी पड़ रही है और व्यापार पर निर्भर यह क्षेत्र वैश्विक व्यापार में सुस्ती के असर को झेल रहा है। मूडीज एनालिटिक्स में प्रमुख अर्थशास्त्री स्टीव कोचरेन ने कहा, वैश्विक अर्थव्यवस्था में केवल चीन ही कमजोर कड़ी नहीं है बल्कि भारत समेत एशिया की अन्य बड़ी अर्थव्यवस्थाओं का निर्यात मूल्य अक्टूबर में सालाना आधार पर गिरा है। हालांकि, भारत की निर्यात पर निर्भरता कुछ कम है। क्षेत्रीय परिदृश्य के बारे में मूडीज ने कहा कि भारत समेत एपीएसी क्षेत्र की प्रमुख अर्थव्यवस्थाएं भले ही महामारी संबंधी पाबंदियों को हटाने में देरी करने के बाद विस्तार कर रही है, यूरोप तथा उत्तर अमेरिका में मंदी की आशंका के कारण 2022 की तुलना में 2023 आर्थिक वृद्धि के लिहाज से सुस्त रहने वाला है।

## भारत की अध्यक्षता में होने जा रही जी 20 की बैठक के लिए तैयार अंडमान

**पोर्ट ब्लेयर।** भारत की अध्यक्षता में होने जा रही जी20 की बहुप्रतीक्षित बैठकों में से एक के लिए तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। यह बैठक अंडमान निकोबार द्वीपसमूह में 26 नवंबर को होगी। आयोजन हैवलॉक द्वीप के नाम से मशहूर स्वराज द्वीप में किया जाएगा। यह स्थान पोर्ट ब्लेयर से समुद्र के रास्ते लगभग ढाई घंटे की दूरी पर है और यहां सरकारी जहाजों और निजी पोत के जरिए पहुंचा जा सकता है। सूत्रों ने कहा कि प्रतिनिधि 25 नवंबर को एक चार्टर्ड विमान से पोर्ट ब्लेयर पहुंचेंगे और बैठक अगले दिन होगी। उनके 27 नवंबर को प्रस्थान करने की संभावना है। सूत्रों ने कहा कि नई दिल्ली में जी20 सचिवालय ने स्वराज द्वीप की लोकप्रियता और प्राकृतिक सुंदरता को देखते हुए एक बैठक यहां आयोजित करने का फैसला किया है। पारंपरिक नृत्य और संगीत से युक्त सांस्कृतिक कार्यक्रमों की एक श्रृंखला मेहमानों के लिए तैयार की गई है।

## क्विक न्यूज

### जीएसटी मुनाफाखोरी की शिकायतों की जांच एक दिसंबर से प्रतिस्पर्धा आयोग करेगा

**नई दिल्ली।** जीएसटी मुनाफाखोरी से जुड़ी सभी शिकायतों की जांच एक दिसंबर से भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) करेगा। इससे पहले इस प्रकार की शिकायतों से राष्ट्रीय मुनाफाखोरी-रोधी प्राधिकरण (एनएए) निपटता था। केंद्र सरकार ने इस बाबत एक अधिसूचना जारी की है। वर्तमान में कंपनियों द्वारा जीएसटी दर में कटौती का लाभ नही देने संबंधी उपभोक्ताओ की शिकायतो की जांच मुनाफाखोरी-रोधी महानिदेशालय (डीजीएपी) करता है और फिर यह अपनी रिपोर्ट एनएए को देता है। जिसके बाद एनएए इन शिकायतो पर अंतिम निर्णय लेता है। एनएए का कार्यकाल इस महीने समाप्त होने वाला है इसलिए इसके कामकाज को एक दिसंबर से सीसीआई संभालेगा। डीजीएपी अपनी सभी रिपोर्ट सीसीआई को देगा, जो उन पर फैसला सुनाएगा। केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमाशुल्क बोर्ड ने 23 नवबर को एक अधिसूचना में यह कहा है। एनएए की स्थापना माल एवं सेवा कर (जीएसटी) कानून की धारा 171ए के तहत नवंबर 2017 में दो साल के लिए (2019 तक) की गई थी। बाद में इसका कार्यकाल नवंबर 2021 तक दो साल के लिए बढ़ाया गया। फिर, जीएसटी परिषद ने पिछले वर्ष सितंबर में एनएए का कार्यकाल और एक साल के लिए बढ़ाकर 30 नवंबर 2022 कर दिया जिसके बाद इसका सारा कामकाज सीसीआई को सौपने का निर्णय लिया। अधिकारियो ने बताया कि जीएसटी मुनाफाखोरी से संबंधित शिकायतों से निपटने के लिए सीसीआई में एक अलग खंड की स्थापना की जा सकती है।

### जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए चक्रीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देना जरूरी: कांत

**नई दिल्ली।** जी20 में भारत के शेरपा अमिताभ कांत ने बृहस्पतिवार को कहा कि जलवायु परिवर्तन से संबंधित मुद्दो से निपटने के लिए चक्रीय अर्थव्यवस्था (सर्कुलर इकनॉमी) को बढ़ावा देने की जरूरत है। चक्रीय अर्थव्यवस्था में एक टिकाऊव्यवस्था की अवधारणा पर काम किया जाता है, जहां इस्तेमाल की गई वस्तुओं का पुनर्चक्रण किया जाता है, जिससे नए संसाधनों का इस्तेमाल कम से कम हो। कांत ने एक कार्यक्रम को वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए संबोधित करते हुए कहा कि विभिन्न मंत्रालय और राज्य सरकारें चक्रीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए पहल कर रही है। उन्होंने कहा कि सीओपी-27 में भारत ने अपनी दीर्घकालिक निम्न कार्बन उत्सर्जन रणनीति का उल्लेख किया है। उन्होंने कहा कि एक दिसंबर से भारत द्वारा जी20 की अध्यक्षता करने के साथ ही चक्रिय अर्थव्यवस्था को अपनाने का एक अवसर मिला है। कांत ने कहा कि चक्रीय अर्थव्यवस्था के लिए कारोबारी माहौल बनाने की जरूरत है और हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि इसके लिए बनाए गए नियम बोझिल न हों।

### अद्यतन आईटीआर के जरिए हुआ 400 करोड़ का कर जमा

**नई दिल्ली।** करदाताओं के लिए उनके कर रिटर्न को अद्यतन करने की सुविधा देने वाले हाल में लागू प्रावधान के बाद अब तक करीब पांच लाख पुनः फाइलिंग हुई हैं और करीब 400 करोड़ रुपए अतिरिक्त कर प्राप्त हुआ है। एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। वित्त अधिनियम 2022 में कर रिटर्न को अद्यतन करने की नई अवधारणा जोड़ी गई है जिसके तहत करदाता फाइलिंग के दो साल के भीतर अपने आयकर रिटर्न (आईटीआर) को अद्यतन कर सकते है। अद्यतन आयकर रिटर्न भरने के लिए इस साल मई में नया फॉर्म लाया गया था। अधिकारी ने बताया, अब तक पांच लाख अद्यतन आईटीआर जमा किए जा चुके हैं और कर के रूप में करीब 400 करोड़ रुपए का भुगतान किया गया है। उन्होंने कहा कि कंपनियां भी अद्यतन आईटीआर फाइल कर रही हैं। अधिकारी ने आंकड़ों के हवाले से बताया कि एक कंपनी ने अद्यतन रिटर्न दाखिल किया और एक करोड़ रुपए का कर जमा करवाया है।

### निर्यात शुल्क हटने से घरेलू इस्पात उद्योग की कारोबारी धारणा को मजबूत मिलेगी: कुलस्ते

**नई दिल्ली।** केंद्रीय इस्पात राज्यमंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते ने बृहस्पतिवार को कहा कि सरकार द्वारा शुल्क संबंधी उपायों से घरेलू इस्पात उद्योग की कारोबारी धारणा को मजबूती मिलेगी। सरकार ने 21 मई को निर्यात शुल्क लगाए जाने के छह महीने बाद 19 नवंबर, 2022 से इस्पात वस्तुओं पर कर को शून्य कर दिया है। कुलस्ते ने कहा, इस कदम से इस्पात विनिर्माताओं की कारोबारी धारणा मजबूत होगी। यह क्षेत्र में मांग और निवेश को भी बढ़ावा देगा। उन्होंने कहा कि कंपनियां अब अपने पूंजीगत व्यय का उपयोग अब बिना किसी डर के करे सकेंगी....क्योंकि उनके पास स्थानीय और वैश्विक बाजारों में अवसर हैं।

# श्री राम जानकी विवाह के उल्लास में डूबी अयोध्या नगरी

## जानकी महल सहित अयोध्या के सभी मंदिरों में विवाह उत्सव आज से, 28 नवंबर को निकलेगी बारात

**अयोध्या।** भगवान श्री राम की जन्म और कर्मस्थली अयोध्या में श्री रामलला के मंदिर निर्माण के साथ प्रतिदिन उत्साह और आनंद का माहौल है लेकिन यह उल्लास कई गुना बढ़ जाता है। जब प्रभु श्री राम के जन्मोत्सव के बाद उनके विवाहोत्सव का पर्व की तैयारी प्रारंभ होती है। माता जानकी और प्रभु श्री राम का विवाह अगहन मास के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को मनाया जाता है।रामनगरी के जिन चुनिंदा मंदिरों में राम विवाहोत्सव पूरे भाव से मनाया जाता हैए सबसे प्रमुख मंदिर जानकी महल है जिसे माता जानकी जी का मायका भी कहा जाता है। उसके बाद पुण्यसलिला सरयू के तट पर स्थित लक्ष्मणकिला स्वर्गद्वारी स्थित बिहुती भवनए दशरथ जी राजमहल बड़ी जगह ए रंग महलए कनक भवन जैसे प्रमुख रूप से शामिल है वैसे तो अयोध्या के सभी मंदिरों में विवाह महोत्सव बड़ी ही शिद्दत के साथ मनाया जाता है।सभी मंदिरों में विवाह महोत्सव मनाने की तैयारी प्रारंभ हो गई है और यह उत्सव 28 नवंबर को विवाह पंचमी के रूप में मनाया जाएगा जिसमें अयोध्या के प्रमुख मंदिरों से ठाकुर जी की भव्य बारात निकाली जाएगी। इसके पूर्व तिलक उत्सव का कार्यक्रम होगा और प्रभु श्री राम और माता जानकी का विवाह हर्षोल्लास पूर्वक मनाया जाएगा। श्रीराम विवाहोत्सव का प्रमुख केंद्र जानकी महल ट्रस्ट भी है जो तैयारियों के साथ ही उत्सव के आगोश में डूबता



जा रहा है।जानकी महल में राम विवाहोत्सव किस प्रामाणिकता से मनायी जाती है यह बिनौरी नेगए न्यौछावरी नेगए घुड़चढ़ीए बरात प्रस्थानए वैवाहिक कार्यक्रम और विवाहोत्सव के अगले दिन छप्पन भोग तथा कुंवर कलेवा के आयोजनों से समझा जा सकता है। जानकीमहल के ट्रस्टी आदित्य सुल्तानिया के अनुसार सीता.राम विवाह हमारे लिए अतीत का घटनाक्रम ही नहींए बल्कि जीवन में प्रतिपल प्रेरित होने का दिव्य सूत्र है और इस आयोजन में हम कोई कसर नहीं छोड़े रखना चाहते।राम विवाहोत्सव 25 नवंबर 9 बजे रामर्चा पूजन से प्रारंभ होगा। शाम 6 बजे रामलीला और रात्रि 8 बजे गणेश पूजन होगा। 27 नवंबर को प्रातः 10 हल्दीए तिलकए मेहंदी शाम 6 बजे रामलीला और रात्रि 8 बजे बिनौरी नेग। 28 नवंबर को प्रातः 9 न्यौछावरी नेगए10 बजे मुकलावा नेगए सांय 5 बजे घुड़चढ़ी बारात प्रस्थान रात्रि 10 विवाह। 29 नवंबर को रात्रि 8 बजे छप्पन भोग दर्शन और कुंवर कलेवा के साथ विवाह महोत्सव का समापन होगा। उन्होंने बताया की विवाह के लिए अतिथियों का आना प्रारंभ हो गया है और तैयारी पूरी कर ली गई है।

## अभिमान का परित्याग करना ही सर्वोत्तम भक्तिः स्वामी रामदिनेशाचार्य

**अयोध्या।** वैष्णो नगरी अयोध्या के गहोई मंदिर मंदिर में चल रहे श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ के समापन अवसर पर व्यासपीठ से जगद्गुरु रामानंदाचार्य स्वामी रामदिनेशाचार्य महाराज ने बताया कि भगवान की बाल लीला प्राप्त होती है जिन भक्तों संतो की भक्ति पूर्ण हो जाती है। वही ब्रजमंडल में गोपी और ग्वाल बनकर आते है।माखन परमात्मा को अत्यंत प्रिय है क्योंकि वह थोड़ा सा ताप पाकर पिघल जाता है ऐसे ही जो दूसरे के दुख को देखकर पिघल जाया करें जिनका हृदय वही माखन स्वरूप है और ऐसे हृदय को परमात्मा चुराने के लिए तत्पर रहते है। गोवर्धन पूजा कराकर इंद्र के अभिमान का दमन करा दिया और भगवान ने कहा हमें अभिमान बिल्कुल पसंद नहीं है परमात्मा की कृपा हो जाए तो पहाड़ भी पूजित हो जाता है और देवता हो जाता है इसलिए अभिमान का परित्याग करना ही सर्वोत्तम भक्ति है और यही परमात्मा की शरणागति है। मनुष्य के अंदर आने को दुर्गुणों व्याप्त हैं उसमें से सबसे बड़ा अभिमान है क्योंकि व्यक्ति के अंदर अभिमान व्याप्त होने पर बुद्धि और भक्ति दोनों नष्ट हो जाती हैं इसीलिए परमात्मा उस अभिमान का मर्दन करके व्यक्ति को अपने निकट लाते है। कथा के समापन सत्र में यजमान द्वारा व्यासपीठ की आरती उतारी गई और आए हुए सभी श्रोता गणों में प्रसाद वितरण किया गया। जगत गुरु महाराज ने सभी भक्तों को आशीर्वाद दिया।



# आजम ने मुस्लिम समाज का इस्तेमाल कर पूरा किया व्यक्तिगत स्वार्थ : दानिश

**बलिया।** उत्तर प्रदेश के इकलौते मुस्लिम मंत्री दानिश आजाद अंसारी ने बृहस्पतिवार को समाजवादी पार्टी (सपा) के नेता आजम खां पर निशाना साधते हुए उन पर मुस्लिम समाज का मसीहा बनने की आड़ में व्यक्तिगत राजनीतिक स्वार्थ की पूर्ति करने का आरोप लगाया।

अल्पसंख्यक कल्याण राज्य मंत्री अंसारी ने यहां संवाददाताओं से बातचीत में रामपुर विधानसभा सीट के उपचुनाव में भाजपा की जीत का विश्वास व्यक्त करते हुए आजम खां पर निशाना साधा। उन्होंने उनपर मुस्लिम समाज के उत्थान के लिए कोई कार्य नहीं करने का आरोप लगाते हुए दावा किया कि उन्होंने मुसलमानों का मसीहा बनने की कोशिश की लेकिन उसकी आड़ में अपना व्यक्तिगत राजनीतिक स्वार्थ पूरा किया है। उन्होंने कहा कि मगर जनता अब सब कुछ समझती है और पांच दिसंबर के उपचुनाव के बाद सब कुछ साफ हो जाएगा। अंसारी ने दावा किया कि मुस्लिम समुदाय में पिछड़ा हुआ पसमांदा समाज तेजी से भाजपा से जुड़ रहा है तथा इसी साल जून में हुए आजमगढ़ और रामपुर लोकसभा के उपचुनावों के नतीजों से यह



साबित भी हो गया है। राज्य मंत्री ने कहा , मुस्लिम समाज विपक्षी दलों के भ्रम का शिकार होकर भाजपा को अपना दुश्मन समझ रहा था। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार में जिस तरह से बगैर किसी भेदभाव के विकास की सभी योजनाओं का लाभ मुस्लिम समाज को मिल रहा है, उससे भाजपा के प्रति उसकी आम सोच में बदलाव आया है। उन्होंने एक अन्य सवाल पर कहा कि भाजपा सरकार ने उत्तर प्रदेश के मदरसों में जांच नहीं, बल्कि सर्वे कराया है और उसके आधार पर आने वाले समय में मदरसों में बेहतर प्रबंध की दिशा में कदम उठाया जाएगा।

# बुंदेलखण्ड की तस्वीर बदलने में काफी हद तक रहे कामयाब

भाषा। झांसी

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने पिछली सरकारों पर अपनी बदनीयती और भ्रष्ट नीति के चलते बुंदेलखण्ड को बदहाल रखने का आरोप लगाते हुए बृहस्पतिवार को दावा किया कि उनकी सरकार इस क्षेत्र की तस्वीर को बदलने में काफी हद तक कामयाब रही है। मुख्यमंत्री ने झांसी के ऐतिहासिक दुर्ग की प्राचीर तले आयोजित प्रबुद्ध जन सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा, पिछली सरकारों की बदनियती और भ्रष्ट नीति के चलते बुंदेलखंड की बदहाल स्थिति रही थी। मगर, हमारी सरकार ऐसा नहीं रहने देगी और वह बुंदेलखंड को लगातार विकास की ओर आगे बढ़ा रही है। बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे सहित डिफेंस कॉरिडोर जैसी अनेक योजनाओं की मदद से जनता को स्वाबलंबी बनाने से बुंदेलखंड की तरक्की हो रही है। उन्होंने कहा, इससे पहले बुंदेलखंड सूखा, गरीबी और भ्रष्ट नेताओं की लूट-खसोट के लिए जाना जाता था और स्वार्थी तत्वों द्वारा बुंदेलखंड की बहुत ही खराब तस्वीर बताई जाती थी। बुंदेलखंड के बारे में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने खुद कहा था कि चुनाव की शुरुआत बुंदेलखंड से करके बुंदेलखंड की तस्वीर बदलने का



**प्रबुद्ध जन सम्मेलन में बोले सीएम योगी, पिछले पांच सालों में सुरक्षा का माहौल देखकर देशविदेश के उद्योगपति उत्तर प्रदेश में अब निवेश करने को तैयार हैं**

प्रयास किया जाए और उसमें हम बहुत हद तक सफल भी हुए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले पांच सालों में सुरक्षा का माहौल देखकर देशविदेश के उद्योगपति उत्तर प्रदेश में अब निवेश करने को तैयार हैं और इसी क्रम में अगले साल 10 से 12 फरवरी तक लखनऊमें ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का आयोजन किया जा रहा है। इसमें निवेश की व्यापक संभावना है। उनका कहना था कि इस सम्मेलन से पहले ही 125 लाख करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव भी आ चुके हैं जिनमें सबसे अधिक निवेश बुंदेलखंड में ही किया जाएगा। आदित्यनाथ ने इस दौरान 328 करोड़ रुपए से अधिक की 100 से अधिक विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि बुंदेलखंड का पूरा क्षेत्र पेयजल के लिए तरसता था लेकिन सरकार अब हर घर जल योजना के तहत लगभग पूरे बुंदेलखंड के हर घर में आर.ओ. का शुद्ध जल पहुंचाने के बहुत करीब पहुंच गई है। उनके अनुसार डिफेंस कॉरिडोर की दो बेहद महत्वपूर्ण इकाइयों का विकास बुंदेलखंड क्षेत्र में ही किया जा रहा है। उन्होंने कानून व्यवस्था के मोर्चे पर सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि पहले यह क्षेत्र डकैतों से घिरा रहता था, आम जनता माफियाओं के कब्जे में रहती थी मगर वर्ष 2017 में भाजपा की सरकार आने के बाद अब डकैतों का खात्मा ही नहीं हुआ है, बल्कि माफियाओं के खिलाफ सख्त कार्वाई करते हुए उनकी अवैध सम्पत्ति जब्त की जा रही है। इससे पहले, मुख्य मंत्री ने विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाणपत्र वितरित किए।



समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने अपनी पत्नी और मैनपुरी उपचुनाव के लिए सपा उम्मीदवार डिंपल यादव के लिए बृहस्पतिवार को प्रचार किया

## दो पक्षों के बीच खूनी संघर्ष : एक व्यक्ति की मौत, 14 जख्मी

**मुजफ्फरनगर।** बुढ़ाना क्षेत्र में बृहस्पतिवार को जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच हिंसक झड़प होने से एक व्यक्ति की मौत हो गई तथा 14 अन्य जख्मी हो गए। पुलिस उपाधीक्षक विनय गौतम ने बताया कि रामस्वरूप और ब्रह्मपाल के बीच खेत की जमीन को लेकर विवाद था और जब ब्रह्मपाल खेत में गेहूं बोने गया था तब रामस्वरूप ने आपत्ति की। गौतम के अनुसार दोनों के बीच कहासुनी ने देखते ही देखते बड़ा रूप ले लिया और दोनों पक्ष लाठी-डंडे लेकर एक-दूसरे पर टूट पड़े। उनके मुताबिक इस दौरान गम्भीर चोट लगने से अमित कुमार (25) की मौत हो गई।

# ऐतिहासिक धनुष यज्ञ मेला शुरू

**शिवगढ़,**रायबरेली। शिवगढ़ क्षेत्र के पहाड़पुर गांव में लगने वाला कुडवावीर बाबा का चार दिवसीय एतिहासिक धनुष यज्ञ मेला गुरुवार से शुरू हो गया है। हर साल की तरह मेले से पूर्व 23 नवम्बर को श्री रामचरितमानस पाठ का शुभारम्भ किया गया। जिसके समापन पर गुरुवार को हवन पूजन के साथ चार दिवसीय धनुष यज्ञ मेले का शुभारम्भ किया गया। मेला कमेटी के संरक्षक पंडित गिरजा शंकर मिश्रा ने मेले में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए बताया कि मेले के पहले दिन 24 नवम्बर को दिन में 2 बजे से 5 बजे तक रामलीला का आयोजन किया गया। वहीं रात में नाटक मंचन किया जाएगा। 25 नवम्बर को दिन में 2 बजे से 5 बजे तक रामलीला, रात में 8 से जवाबी कीर्तन का आयोजन किया जाएगा। 26 नवम्बर को 1 बजे से शाम 4 तक प्रांतीय स्तर के विराट दंगल का आयोजन किया जाएगा जिसमें एक से एक नामी गिरामी पहलवान आकर अपने दांव-पेज दिखायेंगे। जिसके बाद रात 8 बजे से नौटंकी का आयोजन किया जाएगा। वहीं मेले के अंतिम दिन हर साल की तरह दोपहर 1 से गाजे-बाजे के साथ हाथी घोड़ों एवं रथो से भगवान रामचंद्र की भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। रात्रि में 8 बजे से नौटंकी का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि मेले में दुकानदारों से किसी प्रकार का शुल्क नहीं लिया जाएगा। मेले में सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम है। उन्होंने बताया कि मेला कमेटी मेले में आने वाले दुकानदारों की सामान्य सहायता भी करेगी। श्री मिश्रा ने बताया कि 75 वर्ष पहले धनुष यज्ञ मेला शुरू हुआ था। बाबा के प्रति श्रद्धालुओं की अटूट आस्था है। जिनकी कृपा करें भक्तों के हर बिगड़े काम बन जाते हैं।

**जहरीला फल खाने से चार बच्चे गंभीर रूप से बीमारः** बाराबंकी। जिले के जैदपुर इलाके में जहरीला फल खाने से चार बच्चे गंभीर रूप से बीमार हो गए। पुलिस सूत्रों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जैदपुर थाना क्षेत्र के चंदौली का पुरवा गांव में बुधवार को साग तोड़ने गए बच्चों ने जंगल में लगा जेट्रोफा का फल खा लिया और उसे अपने साथ घर भी ले आए। सूत्रों के मुताबिक, स्वाद अच्छा लगने पर घर में मौजूद महिलाओं समेत कई लोगों ने जेट्रोफा का सेवन कर लिया, जिसके बाद उन सभी की तबीयत अचानक बिगड़ गई।

## मेडिकॉल का आयोजन 9 से

**लखनऊ।**मेडएक्सपर्ट बिजनेस कंसल्टेंट्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा चिकित्सा उपकरणों के लिए सबसे बड़े व्यापार मेले मेडिकॉल का आयोजन 9 से 11 दिसंबर के दौरान कोलकाता के विश्व बांग्ला मेला प्रांगण में किया जाएगा। मेडिकॉल के 31वें संस्करण में अस्पताल की सभी जरूरतों पर ध्यान केंद्रित किया जाएगाए जिसमें सर्जिकल कॉटन से लेकर नवीनतम इमेजिंग उपकरण और सर्जिकल उपकरण जैसी सभी चीजें शामिल होंगी। वर्ष 2006 से चेन्नई, मुंबईए दिल्ली, अहमदाबाद, कोलकाताए हैदराबाद और कोलंबो में मेडिकॉल शो का आयोजन किया जाता है। मेडिकॉल द्वारा अब तक 30 सफल संस्करणों का आयोजन किया जा चुका है।

# टीटीई के धक्के से ट्रेन से गिरे फौजी की इलाज के दौरान मौत

**बरेली।** जिले मे टीटीई के धक्के से ट्रेन से गिरकर गंभीर रूप से घायल हुए फौजी की इलाज के दौरान मौत हो गई है। पुलिस सूत्रों ने बृहस्पतिवार को बताया कि जयपुर मे राजपूत बटालियन मे तैनात 31 वर्षीय जवान सोनू सिंह 17 नवंबर को टीटीई सुपन बोरे द्वारा कहासुनी के बाद धक्का दिए जाने के कारण ट्रेन से नीचे गिर गया था। उन्होंने बताया कि ट्रेन की चपेट मे आने से फौजी का एक पैर कट गया था, जबकि दूसरा पैर बुरी तरह से कुचल गया था। सूत्रों के मुताबिक, सैन्य अस्पताल मे डॉक्टरों ने सोनू की तीन बार सर्जरी की, मगर सोमवार को उसका दूसरा पैर भी काटना पड़ा था। इस दौरान वह बेहोश ही रहा और बुधवार शाम उसने दम तोड़ दिया। सूत्रों के अनुसार, लगातार बेहोशी मे होने के कारण उसका बयान भी दर्ज नही किया जा सका। उन्होंने बताया कि जवान की मौत हो जाने के बाद बृहस्पतिवार को आरोपी टीटीई के खिलाफ दर्ज मुकदमे मे गैर-इरादतन हत्या की धारा भी शामिल कर दी गई। सूत्रों के मुताबिक, पुलिस ने बोरे की तलाश तेज कर दी है। उन्होंने बताया कि फौजी सोनू सिंह के शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद उसे परिजनो को सौप दिया गया है। सेना के स्थानीय सूबेदार हरेंद्र कुमार सिंह द्वारा इस घटना के संबंध मे दर्ज कराए गए मुकदमे के मुताबिक, बलिया का रहने वाला जवान सोनू ट्रेन से दिल्ली जा रहा था। बरेली स्टेशन पर 17 नवंबर को सुबह करीब सवा नौ बजे प्लेटफॉर्म नंबर दो पर उसकी ट्रेन रुकी थी। फौजी पानी की बोतल लेने के लिए स्टेशन पर उतरा था। मुकदमे के अनुसार, वह (सोनू) जब ट्रेन पर चढ़ने लगा तो टीटीई बोरे ने उसे कथित रूप से धक्का दे दिया, जिससे सोनू नीचे गिर गया और ट्रेन की चपेट मे आने से उसका एक पैर कट गया और दूसरा बुरी तरह से कुचल गया।

## मुठभेड़ में बिहार के दो अपराधी गिरफ्तार

**बलिया।** बलिया जिले के रसड़ा थाना क्षेत्र मे बृहस्पतिवार तड़के पुलिस और बिहार के दो अपराधियो के बीच हुई मुठभेड़ में चार पुलिस कर्मी घायल हो गए। मुठभेड़ के दौरान पुलिस ने दोनों बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। रसड़ा के पुलिस उपाधीक्षक शिव नारायण वैस ने बताया कि रसड़ा कोतवाली क्षेत्र के बलिया-गाजीपुर राजमार्ग पर गश्त के दौरान पुलिस ने मोटरसाइकिल से गाजीपुर की तरफ जा रहे दो लोगों को रोका तो उन्होंने पुलिस कर्मियो पर गोली चला दी। वैस के मुताबिक, बदमाशों की चलाई गोली लगने से चार पुलिसकर्मी जख्मी हो गए। उन्होने बताया कि जवाबी कार्वाई मे सुनील नामक अपराधी गोली लगने से घायल हो गया। वैस के अनुसार, पुलिस ने सुनील और उसके साथी मुकेश चौधरी को गिरफ्तार कर लिया है। उन्होंने बताया कि मुठभेड़ में घायल पुलिसकर्मियो और बदमाश सुनील को जिला अस्पताल मे भर्ती कराया गया है। वैस के मुताबिक, गिरफ्तार दोनो अपराधी बिहार के सीवान जिले के रहने वाले है।

## अपस्किलिंग एकेडमिक प्रोग्राम शुरू

**लखनऊ।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत कौशल विकास के लिए राष्ट्रीय प्रोत्साहन के अनुरूप अपस्किलिंग प्लेटफार्म का उद्देश्य पारंपरिक स्कूली शिक्षा द्वारा छोड़ी गई खाई को पाटना है और प्रत्येक बच्चे को भविष्य की सफलता के लिए आवश्यक कौशल प्रदान करना है। कम्युनिकेशन लैब्स, डिजाइन थिंकिंग लैब्स, फाइनेंशियल लिटरेसी लैब्स और लॉजीमैथ लैब्स वाली अपनी स्किल लैब्स के जरिए बियॉन्ड स्कूल ग्रेड 1 से 8 तक के छात्रों को संचार, तार्किक और महत्वपूर्ण सोच, वित्तीय साक्षरता और डिजाइन थिंकिंग जैसे आवश्यक कौशल के साथ सशक्त बनाने के लिए इन-स्कूल शैक्षणिक कार्यक्रम प्रदान करेगा। सीईओ और संस्थापक पायल गाबा ने अपने विस्तार और ब्रांड को डिजिटल से आगे ले जाने पर कहा कि दुनिया बदल गई है और साथ ही भविष्य की नौकरियों की आवश्यकताएं भी बदल गई हैं। डिजिटल अकादमी ने अभिनेता बोमन ईरानी के साथ रणनीतिक साझेदारी की है। सीओओ और संस्थापक अतुल चुघ ने कहा कि कोविड ने हमें प्रौद्योगिकी के महत्व को समझने में मदद की और यह भी बताया कि यह बच्चों के सीखने के परिणामों को कैसे बढ़ा सकता है। दो साल की छोटी अवधि मे बियॉन्डस्कूल ने पहले ही भारत भर में 10,000 छात्रों के जीवन को बदल दिया है और 20 देशों ने अपने कार्यक्रमों को शुरू करने के बाद सकारात्मक परिणाम देखे हैं।

## वुशू प्रतियोगिता में माही यादव ने जीता रजक पदक, बढ़ाया जिले का मान

**लालगंज** रायबरेली। झारखंड के रांची शहर में खेलो इंडिया द्वारा आयोजित वूशु प्रतियोगिता में माही यादव ने रजत पदक जीतकर जिले का मान बढ़ाया और साथ ही राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए अपना स्थान पक्का किया। भारतीय वूशु संघ एवम भारती खेल प्राधिकरण साईं के संयुक्त तत्वाधान में खेलों इंडिया ने वूशु खेल का वेस्ट जॉन महिला लीग का आयोजन 17 से 21 नवंबर तक रांची के खेल गांव में किया था। जिसमे रायबरेली जिले से छह महिला खिलाड़ी डिम्पी तिवारी, पूर्णिमा पटेल, निमिषा यादव, दिव्या कुमारी, आराध्या गुप्ता,माही यादव ने प्रतिभाग किया था। सभी खिलाड़ियों ने अपनी अच्छी फाइट का प्रदर्शन किया और माही यादव ने रजत पदक हासिल करते हुए दिसम्बर माह में आयोजित होने वाली वूशु की राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए अपनी जगह सुनश्चित कर ली। वूशु एसोसिएशन की जिला सचिव पूनम यादव ने जानकारी देते हुए बताया की यह प्रतियोगिता खेलो इंडिया ने भारत की टीमों को चार जोन में बांट कर कराया। इन चारो जोन के स्वर्ण पदक तथा रजत पदक विजेता खिलाड़ी राष्ट्रीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे।

## संभल में अभियुक्त को गिरफ्तार करने गई टीम पर पथराव,तीन पुलिस कर्मी घायल,छह लोग गिरफ्तार

**संभल।** संभल जिले के नखासा थाना क्षेत्र मे बृहस्पतिवार को एक अभियुक्त को गिरफ्तार करने गई पुलिस टीम पर हमला और पथराव किया गया जिसमे तीन पुलिस कर्मी घायल हो गए। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर छह आरोपियो को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्रा ने बताया कि नखासा थाना क्षेत्र के दीपा सराय मे बृहस्पतिवार को चौकी इंचार्ज और चार कांस्टेबल हत्या के प्रयास के अभियुक्त रिजवान को गिरफ्तार करने गई थी लेकिन उसके परिजन इस पुलिस टीम से भिड़ गए और उन्होंने अभियुक्त को भगाने का प्रयास किया। उन्होने बताया कि परिजनो द्वारा घर की छत से पुलिस टीम पर पथराव भी किया और इस संघर्ष मे तीन पुलिस कर्मी घायल हो गए। उनके अनुसार उन्हे इलाज के लिए अस्पताल मे भर्ती कराया गया है। मिश्रा के मुताबिक इस मामले मे 10 लोगो के खिलाफ नामजद और 15 अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है तथा छह लोगो को गिरफ्तार कर लिया गया है।

## गेमिंग में कॅरियर संवारने की ललक

लखनऊ। एचपी इंडिया गेमिंग लैंडस्केप स्टडी 2022 के मुताबिकए भारतीय गेमर्स ने गेमिंग में कॅरियर बनाने की इच्छा जतायी है। इस अध्ययन के लिए देश के 14 शहरों से करीब 2000 प्रतिभागियों को चुना गया था जिन्होंने बताया कि गेमिंग से अच्छी आमदनी कमाने के साथ.साथ मल्टीपल कॅरियर विकल्पों की उपलब्?धता के चलते गेमर्स इसे पसंद कर रहे हैं।भारत में एचपी की गेमिंग स्टडी के इस दूसरे संस्करण मेंए पीसी को गेमिंग के लिए सबसे पसंदीदा डिवाइस बताया गया है। 68:गेमर्स ने पीसी को पहली पसंद बताया क्योंकि इससे बेहतर प्रोसेसर्सए डिजाइन और ग्राफि?स के रूप में लाभ मिलता है और इमर्सिव डिस्?प्?ले भी अनुभव बेहतर बनाते हैं। विक्रम बेदी सीनियर डायरेक्टरए पर्सनल सिस्टम्स ने कहा, जैसे.जैसे गेमिंग इंडस्?ट्री आगे बढ़ रही हैए उसके चलते गेमिंग को एक कॅरियर विकल्?प के तौर पर देखा जाने लगा है।

## दहेज हत्या के मामले में दोषी पति को सात वर्ष का कारावास

**प्रतापगढ।** प्रतापगढ़ की अपर जिला एवं सत्र अदालत ने दहेज हत्या के एक मामले में पति को दोषी मानते हुए उसे सात साल कैद की सजा सुनाई है। अभियोजन पक्ष के मुताबिक उदयपुर क्षेत्र मे 16 अप्रैल 2021 को रूबी सिंह नामक एक विवाहिता की दहेज को लेकर उसके ससुराल के लोगों ने हत्या कर दी थी और रूबी के परिजन को फोनकर बताया था कि उसने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली है। इस मामले मे रूबी के पति अतुल सिंह, सास गुड़िया और ससुर रवीन्द्र सिंह के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कराया गया था। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कुंदन किशोर ने दोनो पक्षों को सुनने के बाद बुधवार को अतुल सिंह को सात साल की कैद और सात हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई।

## चेहरों पर मुस्कान लाने को प्रतिबद्ध

लखनऊ। वीवो ने दिल को छू लेने वाला कैंपेन केयर विथ जॉय लॉन्च किया है ताकि यह दिखाया जा सके कि किस प्रकार ब्रांड अपने ग्राहकों के चेहरों पर मुस्कान लाने के लिए हर संभव प्रयास करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर वीवो इंडिया के ब्रांड स्ट्रेटेजी हेड योगेंद्र श्रीरामुला ने कहा हम जो कुछ भी करते हैं वह हमारे ग्राहकों के लिए ही होता है। कस्टमर.सेंट्रिक ब्रांड के रूप में हमने 650 से ज्यादा सर्विस सेंटर का एक मजबूत राष्ट्रव्यापी नेटवर्क स्थापित करने के लिए कड़ी मेहनत की है इन्हें पूरी तरह से वीवो द्वारा मैनेज किया जाता है। कैंपेन में एक वीवो कस्टमर सर्विस एक्जीक्यूटिव को दिखाया गया है जो सभी मुश्किलों को पार करते हुए ग्राहक के फोन को रिपेयर कर सही समय पर डिलीवरी देता है।

## तेंदुए के हमले में एक बच्चे की मौत

**बलरामपुर।**जिले में सोहेलवा वन्य क्षेत्र के मजगवा गांव मे बुधवार शाम को तेंदुए के हमले मे एक बच्चे की मौत हो गई है। पुलिस सूत्रों ने बृहस्पतिवार को बताया कि बुधवार देर शाम को मजगवा गांव में प्रहलाद का 10 वर्षीय बेटा संदीप घर के बाहर लघु शंका के लिए निकला था, तभी एक पेड़ के पीछे बैठे तेंदुए ने उसपर हमला कर दिया और उसे उठा कर गन्ने के खेत में ले जाने लगा। सूत्रों के अनुसार बच्चे के रोने की आवाज सुनकर बाहर निकली उसकी नानी ने शोर मचाया, जिसके बाद आसपास मौजूद लोगों ने भी शोर किया, तब तेंदुआ बच्चे को छोड़ कर भाग गया। सूत्रों के मुताबिक इस घटना की सूचना मिलने पर वन विभाग और पुलिस की टीम मौके पर पहुंची एवं पुलिस ने शव को पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जिलाधिकारी महेंद्र कुमार ने बताया कि इस घटना की जांच कराई जा रही है तथा तेंदुए को पकड़कर चिड़ियाघर भेजने के निर्देश दिए गए हैं।

# रोनाल्डो को जीत का तोहफा, पुर्तगाल जीता

## घाना को 3-2 से हराया

भाषा। दोहा



**दिग्गज खिलाड़ी** क्रिस्टियानो रोनाल्डो की अगुआई में पुर्तगाल ने 15 मिनट में दागे तीन गोल की बदौलत फीफा विश्व कप के ग्रुप एच मैच में गुरुवार को यहां धीमी शुरुआत से उबरते हुए घाना को 3-2 से हराकर अपने अभियान की शुरुआत जीत के साथ की। फुटबॉल में कई रिकॉर्ड अपने नाम करने वाले रोनाल्डो इसके साथ ही पांच अलग-अलग विश्व कप में गोल दागने वाले दुनिया के पहले खिलाड़ी भी बन गए। स्टेडियम 974 में दुनिया की नौवें नंबर की टीम को कप्तान रोनाल्डो ने 65वें मिनट में बढ़त दिलाई जिसके बाद जाओ फेलिक्स (78वें मिनट) और राफेल लियाओ (80वें मिनट) ने भी पुर्तगाल की ओर से गोल दागे। घाना की ओर से कप्तान आंद्रे आएव (73वें मिनट) और उस्मान बुखारी (89वें मिनट) ने गोल किए। दुनिया की 61वें नंबर की टीम घाना के खिलाफ पुर्तगाल की जीत का अंतर और अधिक हो सकता था लेकिन मैच के शुरुआती एक घंटे में अधिकांश समय रोनाल्डो, बर्नांडो सिल्वा और ब्रूनो फर्नांडिस की तिकड़ी ने निराश किया। पुर्तगाल के खिलाड़ियों की फिनिशिंग में भी कमी दिखी। घाना के खिलाड़ियों की मैच में काफी गलतियों के बावजूद पुर्तगाल के फारवर्ड इसका फायदा उठाने में नाकाम रहे। पुर्तगाल ने मुकाबले में अच्छी शुरुआत की और पहले 10 मिनट में कुछ अच्छे मूव बनाए लेकिन उसके फारवर्ड घाना की रक्षापंक्ति को भेदने में नाकाम रहे। रोनाल्डो के पास 10वें मिनट में गोल करने का सुनहरा मौका था लेकिन घाना के गोलकीपर लॉरेंस एटीजिगी ने फुर्ती दिखाते हुए उनके शॉट मारने से पहले ही गेंद को उनके कब्जे से दूर कर दिया। रोनाल्डो को तीन मिनट बाद एक और मौका मिला लेकिन इस बार भी वह हैडर से गेंद को गोल के अंदर डालने में नाकाम रहे। पहले हाफ में हालांकि अधिकतर खेल घाना के हाफ में ही खेला गया। लगातार दबाव के बीच धीरे-धीरे घाना का डिफेंस बिखरता नजर आ रहा था। रोनाल्डो ने 31वें मिनट में गेंद को गोल में डाला लेकिन इससे पहले उन्होंने विरोधी खिलाड़ी को गिराकर फाउल कर दिया।

# एंबोलो के गोल से स्विट्जरलैंड चमका

## कैमरून को 1-0 से हराया



**अल वाकराह (कतर)।** ब्रील एंबोलो के गोल से स्विट्जरलैंड ने गुरुवार को यहां फीफा विश्व कप के ग्रुप जी मैच में कैमरून को 1-0 से हरा दिया। एंबोलो ने भले ही स्विट्जरलैंड को महत्वपूर्ण जीत दिलाई हो लेकिन उन्होंने अपने इस वादे को निभाया कि अगर वह उस देश के खिलाफ गोल करेंगे जहां उनका जन्म हुआ तो वह इसका जश्न नहीं मनाएंगे। एंबोलो ने 48वें मिनट में गोलमुख के सामने मिले शेरडन शकीरी के पास को दाएं पैर से दनदनाता हुआ शॉट लगाकर गोल में पहुंचाया। एंबोलो ने गोल करने के बाद अपने दोनों हाथ फैला दिए और जब टीम के उनके साथी जश्न मनाने के लिए उनकी तरफ दौड़े तो उन्होंने अपने दोनों हाथ मुंह पर रख लिए। उन्होंने अल जेनोब स्टेडियम में गोल के पीछे मौजूद स्विट्जरलैंड के प्रशंसकों और फिर विपरीत गोल के पीछे मौजूद कैमरून के प्रशंसकों की ओर इशारा किया। पच्चीस साल के फारवर्ड एंबोलो ने पांच साल की उम्र में अपने परिवार के साथ कैमरून छोड़ दिया था। उनका परिवार पहले फ्रांस में रहा लेकिन बाद में स्विट्जरलैंड में बस गया। वह दूसरी बार विश्व कप में स्विट्जरलैंड का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं।

## दक्षिण कोरिया ने उरुग्वे को ड्रा पर रोका



**अल रेयान।** एक और प्रबल दावेदार टीम फीफा विश्व कप के शुरूआती चरण में प्रभावित करने में नाकाम रही जिसमे दक्षिण कोरिया ने दक्षिण अमेरिका की मजबूत टीम उरूग्वे को ग्रुप एच मैच में 0 - 0 ड्रा पर रोक दिया। एजुकेशन सिटी स्टेडियम में इस मुकाबले के ड्रा रहने से एक बार फिर शुरूआती मुकाबलों मे प्रबल दावेदार टीम उम्मीद के मुताबिक नतीजा नही हासिल कर पाई। अर्जेटीना और जर्मनी को अपने शुरूआती मैचों में बड़े उलफटेर का सामना करना पड़ा था। दक्षिण कोरिया की टीम पूरे मैच में अपने से अनुभवी उरूग्वे टीम के खिलाफ गोल करने के करीब पहुंचती दिखी। टीम के फॉरवर्ड सोन हेयुंग मिन अपनी बाईं आंख के चोटिल सॉकेट को बचाने के लिए मास्क पहने थे। दक्षिण कोरियाई खिलाड़ी मैच के दौरान काफी फुर्ती से भरे थे और मैच शुरू होते ही गोल करने की कोशिश में दिखे। दक्षिण कोरिया के कुछ प्रशंसक सोन के साथ मजबूती दिखाने के लिए बैटमैन की तरह का मास्क पहने थे। हालांकि मैच के दौरान गोल करने के कुछ ही बेहतरीन मौके बने जिसमें उरूग्वे को सबसे अच्छा मौका 43वें मिनट में डिएगो गोडिन के जरिए और 89वें मिनट में फेडेरिको वालवर्डे की बदौलत मिला। गोडिन का शानदार हेडर शॉट गोल की तरफ पहुंचा लेकिन यह बाएं पोस्ट से टकरा गया। वही वालवर्डे का लंबी रेंज का ताकतवर शॉट भी बाईं पोस्ट से टकरा गया। उरूग्वे की टीम ग्रुप एच में अब पुर्तगाल से भिड़ेगी जबकि दक्षिण कोरिया का सामना घाना से होगा।

## कनाडा की वापसी यादगार नहीं बनने दी बेल्जियम ने



**अल रेयान।** मिकी बात्सुयाइ के पहले हॉफ के आखिरी क्षणो मे किए गए गोल की मदद से बेल्जियम ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नही करने के बावजूद कनाडा को 1-0 से हराकर फीफा विश्व कप फुटबॉल प्रतियोगिता में अपने अभियान की जीत से शुरूआत की। कनाडा 36 साल बाद विश्वकप मे भाग ले रहा है। उसने अच्छे प्रयास किए लेकिन बात्सुयाइ के 44वे मिनट मे किए गए गोल से उसकी वापसी यादगार नही बन पाई। विश्व मे दूसरे नंबर की टीम बेल्जियम किसी भी समय अपनी ख्याति के अनुरूप प्रदर्शन नही कर पाई। उसके गोलकीपर थिबाउट कौरटोइस ने अगर शुरू मे पेनल्टी नही बचाई होती तो परिणाम इसके उलट भी हो सकता था। बेल्जियम के लिए जीत के अलावा मैच में जश्न मनाने वाली कोई अन्य चीज नही रही। यहां तक कि दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से एक केविन डी ब्रूएन भी अपने और टीम के प्रदर्शन से निराश थे। जब उन्हे मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया तो वह इस फैसले पर भी हैरान थे। डी ब्रूएन ने कहा, मुझे नही लगता कि मैने अच्छा खेल दिखाया। मै नही जानता कि मुझे यह ट्रॉफी क्यो दी गई। मुझे लगता है कि मेरे नाम के कारण मुझे यह पुरस्कार मिला। बेल्जियम की उम्रदराज टीम को कुछ अवसरो पर कनाडा ने कड़ी चुनौती दी। कनाडा ने विश्वकप के इतिहास में अब तक जो चार मैच खेले है वह उन सभी मे गोल करने में नाकाम रहा है।

## अमेरिका के खिलाफ उलटफेर से बचना चाहेगा इंग्लैंड

**दोहा।** इंग्लैंड ने फीफा विश्व कप में अपने शुरूआती मैच में ईरान के खिलाफ छह गोल दागे लेकिन दो गोल गंवाए भी जो कोच गेरेथ साउथगेट के लिए अमेरिका के खिलाफ होने वाले टीम के अगले मैच से पहले चिंता का विषय बना हुआ है। हालांकि इससे अमेरिका के लिए उम्मीद भी बनी है। सोमवार को ईरान पर 6-2 की जीत के बाद साउथगेट ने कहा, मैच के अंत में हम थोड़े लापरवाह दिखे। पर कोच ने चेताया कि अमेरिकी टीम ग्रुप बी के शुक्रवार को होने वाले मैच मे पूरी तरह से तैयार होगी और मैदान पर अपना सर्वस्व देने के लिए उतरेगी। टूर्नामेंट मे पहले ही कई उलटफेर हो चुके है जिसमे सऊदी अरब की अर्जेंटीना पर और जापान की जर्मनी पर उलटफेर भरी जीत शामिल है। हालांकि अगर अमेरिकी टीम इंग्लैंड पर जीत दर्ज कर लेती है तो इसका दर्जा सऊदी अरब की जीत की तरह नही होगा लेकिन इसमे कोई शक नही कि ग्रेग बरहाल्टर की टीम टूर्नामेंट के प्रबल दावेदारो मे शुमार इंग्लैंड के खिलाफ अंडरडॉग की तरह होगी।

### वेल्स के खिलाफ वैकल्पिक गोलकीपर के साथ उतरेगा ईरान

**दोहा।** ईरान के गोलकीपर अली बेरानवंद विश्व कप के पहले मुकाबले में चोटिल हो गए थे और उनका वेल्स के खिलाफ शुक्रवार को यहां होने वाले ग्रुप बी के मैच मे उतरने की कम संभावना है। बेरानवंद की अनुपस्थिति मे हुसैन हुसैनी को गोलकीपिंग की जिम्मेदारी निभानी पड़ सकती है। उनके लिए यह बड़ी चुनौती होगी क्योंकि उनका सामना गैरेथ बेल जैसे खिलाड़ी से होगा। ईरान अपने पहले मैच मे इंग्लैंड से 6-2 से हार गया था और वह ग्रुप मे मे सबसे निचले पायदान पर है। हुसैनी पहले ही एक दमदार प्रतिद्वंदी का सामना कर चुके है। बेरानवंद के चोटिल होने के बाद इंग्लैंड के खिलाफ उन्होने ही गोलकीपर की जिम्मेदारी संभाली थी लेकिन वह पूरी तरह से नाकाम रहे थे। ईरान ने बेरानवंद की स्थिति के बारे मे नही बताया है। बस उसने इतनी जानकारी दी है कि उनकी नाक पर चोट लगी है। वेल्स के खिलाफ ईरान पिछले मैच जैसी गलतियो से बचना चाहेगा जब इंग्लैंड के सामने उसकी एक नही चल पाई थी।

### सेनेगल के खिलाफ दबाव से निपटना चाहेगा मेजबान कतर

**दोहा।** विश्व कप मेजबान कतर के लिए बद से बदतर साबित हो सकता है, अगर उसके खिलाड़ी ग्रुप ए के अपने दूसरे मैच मे अफ्रीकी चैम्पियन सेनेगल के खिलाफ दबाव से निपटने मे सफल नही हो पाए। कतर पहले ही विश्व कप के शुरूआती मैच को गंवाने वाला पहला मेजबान बन चुका है। उसे रविवार को इक्वाडोर से 0-2 से हार का सामना करना पड़ा। इससे उस पर ग्रुप चरण से बाहर होने वाला दूसरा मेजबान बनने का खतरा भी मंडरा रहा है जबकि पहली बार ऐसा 2010 मे दक्षिण अफ्रीका के साथ हुआ था। अगर वह प्रत्यक मैच मे हार गया? या फिर घरेलू विश्व कप मे एक भी गोल करने मे सफल नही रहा तो इससे फीफा के छोटे और अमीर खाड़ी देश को विश्व कप की मेजबानी सौपने के फैसले की और भी आलोचना होगी जो 12 साल पहले मेजबानी का अधिकार जीतने से पहले फुटबॉल के इस बड़े टूर्नामेंट मे कभी भी क्वालीफाई नही कर सका था।

### नीदरलैंड व इक्वाडोर के मैच में स्ट्राइकर के बीच होगा मुकाबला

**दोहा।** इक्वाडोर के स्ट्राइकर इनर वैलेसिया और नीदरलैंड के फॉरवर्ड मेम्फिस डेपे का प्रदर्शन शुक्रवार को होने वाले विश्वकप मुकाबले में काफी हद तक परिणाम का निर्धारण करेगा। यह दोनो ही स्ट्राइकर अलग शैली के है। वैलेसिया के शॉट अधिक ताकतवर और सीधे होते है जबकि डेपे ज्यादा कुशल है। यह दोनो ही खिलाड़ी अपनी टीम के लिए बेहद महत्व रखते है और ऐसे मे इस मुकाबले मे उनके प्रदर्शन पर सभी की निगाहे टिकी रहेंगी। इस मैच मे जीत दर्ज करने वाली टीम के छह अंक हो जाएंगे और उसकी ग्रुप ए मे स्थिति मजबूत हो जाएगी। वैलेसिया ने कतर के खिलाफ इक्वाडोर की तरफ से दोनो गोल किए थे। वह अब तक अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल में 37 गोल कर चुके है। दूसरी तरफ नीदरलैंड ने दूसरे हाफ मे दो गोल दागकर सेनेगल को 2-0 से हराया था। डेपे उस मैच मे दूसरे हाफ मे ही मैदान पर उतरे थे। डेपे ने नीदरलैंड को विश्व कप मे जगह दिलाने मे अहम भूमिका निभाई थी। उन्होंने क्वालीफाइंग दौर मे 12 गोल किए और छह गोल करने मे मदद की थी।

## मैकेनिकल मावरिक्स ने जीता फुटसॉल टूर्नामेंट

**लखनऊ।** मैकेनिकल मावरिक्स ने एनईआर लखनऊ के तत्वाधान में आयोजित इंटर डिपार्टमेंटल फुटसॉल टूर्नामेंट का खिताब रोमांचक मुकाबले में जीत से अपने नाम कर लिया। पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल क्रीड़ा संघ के तत्वाधान में एनईआर स्टेडियमए ऐशबाग पर संपन्न टूर्नामेंट के फ़ाइनल में मैकेनिकल मावरिक्स ने ऑपरेटिंग एवेंजर्स को 1-0 से हराया। प्रशांत अवस्थी ने दूसरे मिनट में ही मैकेनिकल मावरिक्स को 1-0 से बढ़त दिला दी। प्रशांत ने यह गोल साथी खिलाड़ी से मिले पास पर किया। उन्होंने ऐसा तेज शॉट खेला कि प्रतिद्वंद्वी टीम का गोलकीपर बस देखता ही रह गया। इसके बाद दोनों ही टीमों के बीच कड़ा मुकाबला हुआ लेकिन दोनों ही टीमों के डिफेंस ने ऐसा उम्दा प्रदर्शन किया कि गोल नहीं हो सका। अंत में मैकेनिकल मावरिक्स ने 1-0 की जीत से टूर्नामेंट की ट्राफी पर कब्जा जमा लिया। मैकेनिकल मावरिक्स ने साल 2021 में हुए इस टूर्नामेंट के पिछले संस्करण में भी खिताब जीता था। मुख्य अतिथि पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ के मंडल रेल प्रबंधक आदित्य कुमार ने विजेता व उपविजेता टीमों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया।

## द्वितीय सुभाष मिश्र मीडिया क्रिकेट 27 से

**लखनऊ।** वरिष्ठ पत्रकार स्वर्गीय सुभाष मिश्र की स्मृति में द्वितीय अंतर मीडिया टी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता आगामी 27 नवंबर से केडी सिंह बाबू स्टेडियम में खेली जाएगी। टी-20 फार्मेट में होने वाली इस प्रतियोगिता में लखनऊ के विभिन्न समाचार पत्रों सहित इलेक्ट्रानिक मीडिया, दूरदर्शन व कंबाइंड मीडिया की टीमें भाग लेंगी। इस प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला 4 दिसंबर को होगा। लीग कम नॉकआउट आधार पर होने वाली इस प्रतियोगिता का उद्घाटन मैच 27 नवंबर को हिंदुस्तान टाइम्स व इलेक्ट्रानिक मीडिया के बीच खेला जाएगा। प्रतियोगिता में भाग लेने वाली टीमों को तीन पूल में बांटा गया है। पूल एः अमर उजाला, फोटोग्राफर एकादश, दूरदर्शन एकादश, पूल बी : हिंदुस्तान टाइम्स, इलेक्ट्रानिक मीडिया, कंबाइंड मीडिया एकादश,पूल सी : मान्यता प्राप्त पत्रकार, टाइम्स ऑफ इंडिया, दैनिक जागरण

## खिलाड़ियों के चयन पर बधाई

**लखनऊ।** आगामी बीसीसीआई वनडे अंडर-25 ट्रॉफी 2022-23 में साहब युवराज सिंह भारतीय रेलवे टीम से खेलेंगे वहीं मोहाली में होने वाले उसी टूर्नामेंट में यशोवर्धन सिंह उत्तर प्रदेश टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे। पीयूष यादव को बीसीसीआई अंडर 25 वनडे ट्रॉफी के लिए गोवा टीम में चुना गया है और शुभम चौबे को भारतीय रेलवे की टीम में शामिल किया गया है। आरईपीएल स्पोर्ट्स के चेयरमैन प्रदीप मिश्रा ने इन खिलाड़ियों को बधाई दी है।

# अस्थाई कप्तान शिखर धवन की अगुवाई में वनडे विश्वकप की तैयारियों की शुरुआत करेगा भारत

भाषा। ऑकलैंड

● न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैचों की श्रृंखला आज से

**टी20 प्रारूप** में पुराना रवैया अपनाने के कारण आलोचना झेल रही भारतीय क्रिकेट टीम न्यूजीलैंड के खिलाफ शुक्रवार से शुरू होने वाली तीन एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैचों की श्रृंखला से अगले साल होने वाले 50 ओवरों के विश्वकप की तैयारियों की भी शुरुआत करेगी। भारत को 2020 में विराट कोहली की अगुवाई में न्यूजीलैंड के हाथों श्रृंखला में 0-3 से हार का सामना करना पड़ा था और टीम अतीत की इस हार को भूलकर नए सिरे से शुरुआत करना चाहेगी। भारत में होने वाले वनडे विश्वकप के शुरू होने में अब केवल 11 महीने का समय बचा है तथा शुक्रवार से शुरू होने वाली श्रृंखला से भारत के मध्यक्रम और गेंदबाजी आक्रमण को लेकर हर किसी को शुरुआती आइडिया मिल जाएगा। भारत के पांच सीनियर खिलाड़ी कप्तान रोहित शर्मा, करिश्माई बल्लेबाज कोहली, टीम प्रबंधन के प्रिय केएल राहुल, तेज गेंदबाजी के अगुआ जसप्रीत बुमराह और वनडे में नंबर एक ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा इस श्रृंखला में नहीं खेल रहे हैं और ऐसे में कुछ हद तक यह पता चल जाएगा टीम किस दिशा में आगे बढ़ रही है। इन सभी सीनियर खिलाड़ियों को अब अधिक से अधिक वनडे क्रिकेट खेलना होगा जिसकी शुरुआत बांग्लादेश श्रृंखला से होगी। उनकी वापसी के बाद टीम संयोजन में काफी बदलाव देखने को मिलेगा। इन सीनियर खिलाड़ियों की अनुपस्थिति में शिखर धवन टीम की अगुवाई कर रहे हैं। उन्होंने पिछले दो वर्षों में वनडे में लगभग 1000 रन बनाए हैं। पिछले दो वर्षों में वह केवल इसी प्रारूप में खेले हैं। अगर इस परिप्रेक्ष्य में देखा जाए तो कोहली और रोहित दोनों ने धवन के मुकाबले में एक तिहाई वनडे ही खेले हैं क्योंकि उन्होंने टेस्ट और टी20 पर अधिक ध्यान दिया। इस बीच शुभमन गिल ने वनडे में सलामी बल्लेबाज के रूप में खुद को साबित किया। उन्होंने अभी तक जितने भी वनडे मैच खेले हैं उनमें उनका औसत 57 रन प्रति पारी से अधिक और स्ट्राइक रेट 100 से अधिक है। ऐसी स्थिति में भारत के पास सलामी बल्लेबाज के रूप में रोहित, धवन और गिल तीन खिलाड़ी होंगे। राहुल वनडे में मध्यक्रम में खेलते रहे हैं। मध्यक्रम में भारत के पास श्रेयस अय्यर भी हैं जिन्होंने शार्ट पिच गेंदों को खेलने में परेशानी होने के बावजूद लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है। सूर्यकुमार इस समय बेहतरीन फॉर्म में चल रहे हैं और यदि वह फिट रहते हैं तो फिर उन्हें बाहर नहीं किया जा सकता है।

# जिंबाब्वे दौरे में कप्तानी छीने जाने से आहत नहीं हुआ था: धवन




भाषा। ऑकलैंड

**शिखर** धवन को भगवान पर बहुत भरोसा है और यही वजह है कि जब जिंबाब्वे दौरे के दौरान उनकी जगह केएल राहुल को कप्तानी सौंपी गई तो वह आहत नहीं हुए थे। नियमित कप्तान रोहित शर्मा की अनुपस्थिति में अमूमन वनडे टीम की अगुवाई करने वाले धवन को इस साल अगस्त में जिंबाब्वे दौरे में होने वाले तीन वनडे मैचों के लिए कप्तान नियुक्त किया गया था लेकिन केएल राहुल के फिट होने के बाद पूर्व राष्ट्रीय चयन समिति ने उनसे कप्तानी छीन ली थी। धवन ने न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले वनडे मैच की पूर्व संध्या पर कहा, मैं आहत नहीं हुआ था क्योंकि कुछ चीजें पहले से ही निर्धारित होती हैं ।

## द्विपक्षीय श्रृंखलाओं को अधिक प्रासंगिक बनाने की जरूरत : विलियमसन

**ऑकलैंड।** न्यूजीलैंड के कप्तान केन विलियमसन ने कहा कि अत्याधिक क्रिकेट खेला जाना हाल मे इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच वनडे श्रृंखला के दौरान दर्शकों की कम उपस्थिति का कारण हो सकता है और स्टेडियमो मे प्रशंसकों को आकर्षित करने के लिए द्विपक्षीय श्रृंखलाओं को अधिक प्रासंगिक बनाना होगा। ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच हाल की वनडे श्रृंखला मे बहुत कम दर्शक स्टेडियम मे पहुंचे। इनमें मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर खेला गया अंतिम मैच भी शामिल है। यह श्रृंखला इंग्लैंड के टी20 विश्व कप जीतने के चार दिन बाद ही शुरू हो गई थी। विलियमसन ने भारत के खिलाफ पहले एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच की पूर्व संध्या पर कहा, यह देखना दुर्भाग्यपूर्ण है लेकिन इससे पता चलता है कि कितनी अधिक क्रिकेट खेली जा रही है। इसमें कोई संदेह नही कि आईसीसी के टूर्नामेट लोकप्रिय है और काफी क्रिकेट खेली जा रही है।

# सात भारतीय मुक्केबाज फाइनल में

● युवा विश्व चैंपियनशिप

भाषा। नई दिल्ली




**भारतीय मुक्केबाजों** का स्पेन के ला नूसिया में चल रही युवा पुरुष और महिला विश्व चैंपियनशिप में दबदबा बरकरार रहा जब सात मुक्केबाजों ने फाइनल में जगह बनाई। युवा एशियाई चैंपियन वंशज और विश्वनाथ सुरेश ने आशीष के साथ मिलकर खिताबी मुकाबले में जगह बनाई। भारत के तीनों पुरुष मुक्केबाज इस तरह सेमीफाइनल में जीत दर्ज करने में सफल रहे। महिला वर्ग में कीर्ति (81 किग्रा से अधिक), भावना शर्मा (48 किग्रा), देविका घोरपड़े (52 किग्रा) और रवीना (63 किग्रा) ने फाइनल में प्रवेश किया। विश्वनाथ ने पुएर्तो रिको के जुआनमा लोपेज को 4-1 से हराया जबकि वंशज (63.5 किग्रा) और आशीष (54 किग्रा) ने क्रमशः अमेरिका में डिशॉन क्रोकलेम और उज्बेकिस्तान के खुजानाजर नोरतोजीव को रोमांचक सेमीफाइनल मुकाबलों में 3-2 और 4-3 से शिकस्त दी। दूसरी तरफ कीर्ति को छोड़कर अन्य महिला मुक्केबाजों ने आसान जीत दर्ज की। कीर्ति ने कजाखस्तान की आसेल टोकटासिन को 3-2 से शिकस्त दी। रवीना और भावना ने कजाखस्तान की अपनी प्रतिद्वंद्वियों क्रमशः आसेम तनातर और गुलनाज बुरिबाएवा को सर्वसम्मत फैसले में हराया। देविका ने अमेरिका की आमेदाह को 4-1 से हराकर बाहर का रास्ता दिखाया। चार भारतीय महिला मुक्केबाजों तमन्ना (50 किग्रा), कुंजरानी देवी थोनगम (60 किग्रा), मुस्कान (75 किग्रा) और लाशु यादव (70 किग्रा) को हालांकि सेमीफाइनल में शिकस्त के साथ कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा।

## हार्दिक के कप्तानी कौशल से भारत को टी20 क्रिकेट में काफी मदद मिल सकती है : मिलर

**अबुधाबी।** दक्षिण अफ्रीका के क्रिकेटर डेविड मिलर का मानना है कि बतौर कप्तान हार्दिक पंड्या अपनी अभूतपूर्व मानसिक स्पष्टता और काम करने के तरीके से भारतीय टी20 टीम को निर्भीक बना सकते हैं। हार्दिक को 2024 टी20 विश्व कप में भारतीय टीम के कप्तान के तौर पर देखा जा रहा है क्योंकि मौजूदा कप्तान रोहित शर्मा के अगले दो साल तक खेल के इस प्रारूप में इस जिम्मेदारी को निभाने की उम्मीद नहीं है। पिछले दो वर्षों में खेल के सर्वश्रेष्ठ फिनिशर में शामिल हुए मिलर दक्षिण अफ्रीका को दबाव भरी परिस्थितियों से उबारने वाले खिलाड़ी बन चुके हैं। उन्होंने कहा कि हार्दिक ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में गुजरात टाइटन्स को पदार्पण में खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाई है। उन्होंने यहां अबुधाबी टी10 लीग के मौके पर कहा, आईपीएल में उनकी कप्तानी में खेलने से मुझे लगता है कि वह नैसर्गिक नेतृत्वकर्ता है, लोग उसका अनुकरण करते हैं। आप जैसा खेलना चाहते हो, वह आपको वैसा ही खेलने की आजादी देता है। वह बतौर कप्तान बहुत एकजुट रखने वाला है, वह चाहता है कि हर कोई एक दूसरे के करीब रहे। मिलर ने कहा, साथ ही वह अनुशासन के मामले में भी बहुत ही स्पष्ट है। उसमें बतौर कप्तान काफी अच्छे गुण हैं।

## स्पेन को हराकर क्रोएशिया डेविस कप के सेमीफाइनल में

**मलागा।** अनुभवी खिलाड़ी मारिन सिलिच ने पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए तीन घंटे तक चले मुकाबले में स्पेन के पाब्लो कारेनो बुस्टा को पराजित करके क्रोएशिया को डेविस कप टेनिस के सेमीफाइनल में पहुंचाया। सिलिच ने पहला सेट गंवाने के बाद दूसरे सेट में वापसी की लेकिन निर्णायक सेट के टाईब्रेकर में एक समय वह 1-4 से पीछे चल रहे थे। सिलिच ने यहीं पर अपने अनुभव का इस्तेमाल किया और 5-7, 6-3, 7-6 (5) से जीत दर्ज करके क्रोएशिया को स्पेन पर 2-0 की अजेय बढ़त दिलाई।

# फ्रांस को हराकर भारत अंतिम चार में

● विश्व टीम शतरंज

भाषा। यरूसलम

भारत ने टाईब्रेकर तक चले मुकाबले में फ्रांस को पराजित करके फिडे विश्व टीम शतरंज चैम्पियनशिप के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। पहले दोनों मुकाबलों में दोनों टीम बराबरी पर रही जिसके बाद ब्लिट्ज टाईब्रेकर का सहारा लिया गया जिसमें भारत ने 2.5- 1.5 के अंतर से जीत दर्ज की। भारत की जीत के नायक निहाल सरीन और एस एल नारायणन रहे जिन्होंने क्रमशः जूल्स मौसर्ड और लॉरेंट फ्रेसिनेट को हराया। भारत के शीर्ष खिलाड़ी विदित गुजराती ने फ्रांसीसी स्टार मैक्सिम वाचियर लाग्रेव को 45 चाल में बराबरी पर रोका जबकि के शशिकिरण को मैक्सिमे लेगार्ड ने 55 चाल में पराजित किया। ऐसे में सरीन और नारायणन की जीत से भारत आगे बढ़ने में सफल रहा। सेमीफाइनल में भारत का मुकाबला उज्बेकिस्तान से होगा। उज्बेकिस्तान ने यूक्रेन को हराकर अंतिम चार में जगह बनाई। इससे पहले शुरुआती मुकाबले में गुजराती ने लाग्रेव को जबकि नारायणन ने फ्रेसिनेट को हराया। सरीन और शशिकिरण ने अपनी बाजियां ड्रा खेली जिससे भारत ने यह मुकाबला 3-1 से जीता। फ्रांस ने हालांकि दूसरे मुकाबले में इसी अंतर से जीत दर्ज करके मैच को टाईब्रेकर तक खींचा। दूसरे मुकाबले में लाग्रेव ने गुजराती को जबकि फ्रेसिनेट ने नारायणन को हराया। सरीन और शशिकिरण ने फिर से अपनी बाजियां ड्रा खेली।

## भारत के खिलाफ शाकिबुल हसन की वापसी से मजबूत होगी बांग्लादेश




**ढाका।** स्टार आलराउंडर शाकिबुल हसन अगले हफ्ते भारत के खिलाफ शुरू होने वाली तीन मैचों की वनडे श्रृंखला के लिए बांग्लादेश की टीम के लिए उपलब्ध होंगे। शाकिब अगस्त मे जिम्बाब्वे के खिलाफ पिछली श्रृंखला मे नही खेल पाए थे जिसमे बांग्लादेश को ट्वेंटी20 और वनडे श्रृंखला मे हार का सामना करना पड़ा था। जिम्बाब्वे श्रृंखला से पहले शाकिब ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ उसकी सरजमी पर बांग्लादेश की पहली जीत मे 64 गेंद मे 77 रन की पारी खेलकर अहम भूमिका निभाई थी। बांग्लादेश ने बाद मे दक्षिण अफ्रीका की सरजमी पर पहली वनडे श्रृंखला (2-1 से) जीती थी। मुख्य चयनकर्ता मिन्हाजुल अबेदिन ने गुरुवार को कहा, शाकिब की टीम मे वापसी से हमारी वनडे टीम और मजबूत होगी। भारत बहुत मजबूत टीम है लेकिन हमे अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद है क्योंकि हम अपने मैदान पर खेलेंगे। यह टीम भारत को चुनौती दे सकती है।

## हाकी इंडिया ओलंपियन और पूर्व खिलाड़ियों को देगा विश्व कप के कॉम्प्लीमेंटरी टिकट

**भुवनेश्वर।** हॉकी इंडिया ने गुरुवार को घोषणा की कि देश के सभी हॉकी ओलंपियन और पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियो को भुवनेश्वर और राउरकेला मे होने वाले आगामी पुरुष विश्व कप मैच देखने के लिए कॉम्प्लीमेंटरी (मानार्थ) टिकट दिए जाएंगे। सोलह टीमो का यह टूर्नामेंट 13 से 29 जनवरी तक आयोजित किया जाएगा। मैच यहां कलिंग स्टेडियम और राउरकेला मे नव निर्मित बिरसा मुंडा अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम मे खेले जाएंगे। हॉकी इंडिया के महासचिव भोलानाथ सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय महासंघ के लिए खेल के सभी भारतीय दिग्गजो (जिसमे ओलंपियन भी शामिल) को आमंत्रित करना सम्मान की बात होगी।

## पूरन की धमाकेदार पारी से ग्लेडिएटर्स जीता



**अबू धाबी।** निकोलस पूरन के धमाकेदार अर्धशतक की मदद से डेक्कन ग्लेडिएटर्स ने अबू धाबी टी10 क्रिकेट टूर्नामेंट में टीम अबू धाबी को 35 रन से हराया। पूरन ने आठ छक्को और पांच चौको की मदद से 77 रन बनाए जिससे डेक्कन की टीम ने छह विकेट पर 134 रन का बड़ा स्कोर खड़ा किया। टीम अबू धाबी किसी भी समय लक्ष्य तक पहुंचने की स्थिति मे नही दिखी और डेक्कन के गेंदबाजो ने उसे छह विकेट पर 99 रन पर रोक दिया। उसकी तरफ से जेम्स विन्से ने सर्वाधिक 37 रन बनाए जबकि फेबियन एलेन ने नाबाद 26 रन का योगदान दिया।